डा० कु० ल० राव : बिहार में बहुत बड़े पैमाने पर बाढ़ नियंत्रण कार्य किया गया है । अभी तक भारत के जिस भाग में जो सब से अधिक धन व्यय किया गया है वह बिहार ही है । इसके बावजूद यदि बाढ़ से क्षति होती हैं तो इस पर हमारा बस नहीं है । बाढ़ से निरन्तर क्षति ही रही है परन्तु हमे आशा है कि कुछ वर्ष पयर्न्त बाढ़ इतनी भयंकर नहीं रहेंगी.....(**व्यवधान**) ।

अध्यक्ष महोदय : वह उत्तर देने के लिये बहुत उत्सुक हैं और आप प्रश्न करने के बहुत इच्छुक हैं ।

श्री स्वतंत्र सिंह कंठारी : खगरिया में जो बाढ़ आई है वह बहुत भंयकर है परन्तु मैं माननीय मंत्री का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं कि मेरे निर्वाचिन क्षेत्र मन्दसौर में भी तनी ही भंयकर बाढ़ आती हैं.....(**व्यवधान**)

बाढ़ के कारण लोगों को बहुत हानि होती है (**व्यवधान**)। मैंने आपको एक पत्र दिया है और आपने इसे उनके पास भेज दिया है। मंत्री महोदय ने एक वक्तव्य दिया है परन्तु इस वक्तव्य में जो जानकारी दी गई है वह सारी गलत है। उन्होंने बताया है कि सम्पत्ति की कोई हानि नहीं हुई है। मैं मन्दसौर जाकर देखकर आया हूं कि वहां पर सहस्त्रों घर नष्ट हो गए हैं। झोंपड़ियां बह गई है परन्तु माननीय मंत्री गरीबों की इन झौंपड़ियों को सम्पत्ति नहीं मानते। यह एक बहुत गम्भीर मामला है। हमें अपने निर्वाचन क्षेत्र में होने वाली घटनाओं के बारे में बड़ी चिन्ता है। यही कारण है कि हम यहां पर इस मामले को उठाते हैं। मैं मंत्री महोदय से इस सारे मामले पर फिर से विचार करने का अनुरोध करता हूं। वह वस्तु स्थिति का पता लगायें और सही जानकारी दें। वह सदन को गुमराह न करें। अन्यथा मैं विशेषाधिकार का मामला उठाऊंगा मेरे निवचिन क्षेत्र के निवासी बाढ़ से बहुत गम्भीर रूप में प्रभावित हुए हैं। मैं कभी गुस्सा नहीं करता हूं परन्तु मैं उनसे गम्भीर रूप से कहता हूं कि वह तथ्य सुनिश्चित करके उन्हें सही रूप में सदन के समक्ष रखें।

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्यों के निर्वाचिन क्षेत्रों मे बाढ़ से उत्पन्न स्थिति के बारे में उन की चिन्ता को मैं अच्छी तरह से समझता हूं परन्तु दो नगरों से सम्बंधित प्रश्न के प्रसंग सारे राज्यों की चर्चा कैसे हो सकती है ? आपको वाद विवाद करने का कल पूरा अवसर दिया जायेगा। मैं यह बारबार कह रहा हूं। कार्य-सूची को छोटा करने का मेरा उद्देश्य केवल यह है कि मैं आज सरकारी कार्य को निबटाना चाहता हूं, जिससे कल इस पर चर्चा की जा सके।

श्री एस० काण्डप्पन : आपने यह वचन से बहुत से सदस्यों को दिया है। मैं समझता हूं कि यह सम्भव नहीं होगा।

अध्यक्ष महोदय : मैं समझता हूं कि हम सब को अवसर दे सकेंगे। अधिकांश सदस्यों ने तो इस में भाग ले लिया है, जिन्होंने भाग नहीं लिया है, उन्हें अवसर दिया जायेगा।

प्रश्नों के लिखित उत्तर

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

राज्यों में सर्वसम्पन्न पर्यटक निदेशालयों की स्थापना

*813. **श्री महम्मद शरीफ** : क्या पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केवल बिहार, जम्मू तथा काश्मीर, राजस्थान तथा पश्चिम बंगाल में ही सर्वसम्पन्न पर्यटक निदेशालय स्थापित किए गए हैं ; और

(ख) यदि हां, तो देश में पर्यटकों की सुविधा के लिये शेष सभी राज्यों में इस प्रकार के निदेशालय कब तक स्थापित करने का सरकार का विचार है ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह): (क) बिहार, जम्मू और काश्मीर, राजस्थान और पश्चिम बंगाल के अलावा आसाम, केरल, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों और संघ राज्य क्षेत्र हिमाचल प्रदेश में भी सर्वांग सम्पन्न पर्यटन निदेशालय विद्यमान हैं।

(ख) पर्यटन विकास परिषद् जिसके सभी राज्यों के पर्यटन मंत्री सदस्य हैं, सभी राज्यों में सर्वांग सम्पन्न पर्यटन निदेशालय स्थापित करने की निरन्तर सिफारिशें करती आ रही है, और सभी मुख्य मंत्रियों को इस आशय के व्यक्तिगत पत्र भी लिखे जा चुके हैं। सर्वांग-सम्पन्न पर्यटन निदेशालय स्थापित करने की कार्यवाही संबंधित राज्यों द्वारा की जानी है।

Opinion of Government Regarding Comments in Press on Central Higher Secondary Examination Results (1969)

819. Shri J. Sundar Lal : Will the Minister of **Education and Youth Services** be pleased to refer to the reply given to Short Notice Question No. 25 on the 13thMay, 1969 and also to the Statement made by him thereon to the effect that "I do not know about the position where any preference is given to those who are particularly good in English" and state :

(a) the opinion of the Government of India in regard to the comments about the Central Higher Secondary Examination, as published at page 3 of the daily 'Hindusthan' dated the 27th May, 1969 ;

(b) the steps proposed to be taken to bridge the gulf existing on account of English between the students who are particularly good in English and those who are weak in English but are otherwise quite i telligent; and

(c) Whether Government recognise only those student as intelligent ones who are particularly good in English ?

The Minister of State in the Ministry of Education and Youth Services (Shri Bhakt Darshan) :

(a) The Government do not agree with the views expressed in the Newspaper.

(b) There is no such gulf between the two ctegories of students, so far as the result of the Higher Secondary Examination is concerned.

(c) No, Sir.

समान शिक्षा नीति

***820. श्री प्रेम चन्द वर्मा :**
श्री हिम्मतसिंहका :

क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार यह अनुभव करती है कि भाषाओं तथा परीक्षाओं के सम्बन्ध में इसीलिए उपद्रव होते हैं कि भारत में एक समान शिक्षा नीति नहीं है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार इस मामले पर विचार विमर्श करने के लिए सभी राज्य सरकारों तथा संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य मंत्रियों तथा शिक्षा मंत्रियों की एक बैठक बुलाने का है; यदि हां, तो कब, यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार का विचार सारे भारत में समान शिक्षा-नीति अपनाने हेतु उपाय करने का है; यदि हां, तो वे क्या उपाय है ; और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री० वी० के० आर० वी० राव) : (क) से (ग) जी नहीं। भाषाओं और परीक्षाओं के कारण होने वाले उपद्रवों का कारण, एक समान शिक्षा नीति की कमी न होकर, बहुत से मिश्रि कारण हैं।

क्योंकि शिक्षा आयोग की रिपोर्ट के परिणामस्वरुप, जिस पर व्यापक रुप से विचार विनिमय हो चुका है और उसकी मुख्य-मुख्य सिफारिशों राज्य शिक्षा मंत्री सम्मेलन (अप्रैल 1967) संसदीय शिक्षा समिति के सदस्यों (जुलाई 1967) केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड (अगस्त, 1967) कुलपति सम्मेलन (सितम्बर, 1967) और संसद् के दोनों सदनों (अगस्त और दिसम्बर, 1967) द्वारा बारी बारी से अनुमोदित करदी गई हैं, इसलिए भारत सरकार ने एक राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अपना लिया है, जो कि समूचे देश में लागू है। सरकार की मुख्य जिम्मेदारी इस नीति को कार्यान्वित करने की है।

इसलिए, एक समान नीति तैयार करने के लिए विचार विनिमय हेतु मुख्य मंत्रियों तथा राज्य सरकारों के शिक्षा मंत्रियों का सम्मेलन बुलाने का सरकार का कोई प्रस्ताव नहीं है।

Hotel at Gwalior

***821 Shri Ram Avtar Sharma :** Will the Minister of **Tourism and Civil Aviation** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 3128 on the 14th March, 1969 and state ;

(a) whether any final decision has been taken in regard to the proposal of constructing a hotel at Gwalior, which is under the consideration of the India Tourism Development Corporation ;

(b) if so, the details regarding the said proposal and the time by which the construction of the hotel is proposed to be started ; and

(c) if not, whether the said proposal is not being implemented as the *inter se* priorities based on market surveys and availability of funds are not favourable ?

The Minister of Tourism and Civil Aviation : (Dr Karan Singh) : (a) (b) and (c) The India Tourism Development Corporation have no plans for constructnig a hotel at Gwalior. Gwalior has been tentatively selected as one of the places for constructing aMotel, but a final decision in this regard will be taken in the light of findings of a feasibility study to be undertaken for this purpose.

कथक केन्द्र का असन्तोषजनक कार्य

*822. **श्री लोबो प्रभू :** क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कथक केन्द्र को बन्द न करने के क्या कारण हैं जबकि 1964 में यह पता लग चुका था कि इसका कार्य बड़ा असन्तोष जनक, तथा वर्ष 1964–1965 में किसी विद्यार्थी ने कथक पाठ्यक्रम में प्रवेश भी नही लिया था और आगामी तीन वर्षों में केवल 11 छात्रों ने प्रवेश लिया जिनमें से केवल 3 छात्र ही पाठ्यक्रम में उत्तीण हुए थे ;

(ख) इसके बावजूद भी कर्मचारियों पर खर्च में क्यों वृद्धि हो रही है, जो कि वर्ष 1967 1968 में 1.02 लाख रुपये तक पहुंच गया था ; और

(ग) जैसा कि लोक लेखा समिति (चतुर्थ भोक सभा) की चौदहवी रिपोर्ट में की गई सिफारिशके अनुसार इस के भविष्य के बारे में निर्णय लेने में विलम्ब करने के लिए क्या किसी को उत्तर दायी ठहराया गया ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी०के०आर०वी० राव) : (क) कत्थक केन्द्र को संगीत नाटक अकादमी ने अक्तूबर, 1964 में, आरम्भ में दो वर्ष के लिए प्रयोगात्मक आधार पर ले लिया था।

इसलिए इसे 1964 में ही बन्द कर देने का प्रश्न नहीं उठता। नया डिप्लोमा पाठ्क्रम 16 जुलाई, 1965 को प्रारम्भ होने वालेकेवल अगले शिक्षा सत्र से ही प्रारम्भ किया जा सका। इसलिए 1964–65 के दौरान डिप्लोमा पाठ्यक्रम में कोई दाखिला नहीं किया गया। यद्यपि डिप्लोमा पाठ्यक्रम में विद्यर्थियों की संख्या 11 थी, विद्यार्थियों को कत्थक नृत्य में गहन प्रशिक्षण प्रदान करने की लिए बाद में प्रारम्भ किए गए विभिन्न अन्य पाठ्यक्रमों के लिए भी दाखिल किया गया था।

(ख) कर्मचारियों संबंधी खर्च में बढ़ोतरी का कारण यह है कि अकादमी द्वारा केन्द्र को ले लिए जाने के बाद केन्द्र के लिए समय समय पर अलग प्रशासनिक तथा चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी नियुक्त किए गए थे। ठुमरी में पाठ्यक्रम प्रारम्भ किए जाने के बाद, ठुमरी के लिए एक गायन (वोकल) अध्यापक भी नियुक्त किया गया था। कर्मचारियों संबंधी खर्च में बढ़ोतरी का कारण अतिरिक्त अनिवार्य कर्मचारियों की नियुक्ति तथा साथ ही वार्षिक वेतन वृद्धियों आदि के कारण हुई सामान्य बढ़ोतरी है।

(ग) केन्द्र के स्वरूप के संबंध में अन्तिम निर्णय लेने के प्रश्न पर अकादमी, सितम्बर 1968 में समाप्त हुई बढ़ी हुई अवधि के पूरा होने के बाद से सक्रिय रूप से विचार कर रही है। 16–7–1969 से केन्द्र को लेने से संबंधित अंन्तिम निर्णय करने से पहले अकादमी को बहुत से विकल्पों पर विचार करना पड़ा था। इसलिए अन्तिम निर्णय लेने में किसी देरी के लिए जिम्मेदारी निश्चत करने का प्रश्न नहीं उठता।

Pak Infiltration into Rajasthan

*823. **Shri Prakash Vir Shastri :** Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether the incidence of Pakistani infiltration into areas of Rajasthan adjoining Pakistan has increased ;

(b) if so, the names of the areas wherein infiltration is particularly continuing ; and

(c) the steps taken by Government so far to check it ?

The Minister of Home Affairs (Shri Y. B. Chavan) : (a) No Sir.

(b) Does not arise.

(c) Intensive patrolling is being carried out by our Border Security Force to check infiltration.

दिल्ली में अभिकरणों की उत्तरोत्तर वृद्धि

*824. **श्री म० ला० सोंधी :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार अभिकरणों की उत्तरोत्तर वृद्धि न होने देने के लिये कोई उपाय कर रही है जिस से दिल्ली के योजनाबद्ध विकास में गम्भीर बाधा पड़ रही है ; और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) (क) और (ख) इस संबंध में प्रशासनिक सुधार आयोग ने कुछ सिफारिशें की हैं। दिल्ली प्रशासन के परामर्श स इन सिफारिशों की जांच की जा रही है।

Meeting of All India Students Federation At Delhi

*825. **Shri Bibhuti Mishra** : Will the Minister of **Education and Youth Services** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that his Ministry had called meeting of the All India Students Federation at Delhi on the 23rd May, 1969 ;

(b) whether it is also a fact that mutual conflicts started between the students on language issue while Shris D. S. Kothari, Chairman, University Grants Commission, was making the speech ;

(c) whether it is also a fact that in the said meeting such persons had also come as representatives of students who were not in any way connected with studies and this also led to mutual conflicts and increase in bitterness ; and

(d) the purpose of Government for conveying this meeting ?

The Minister of Education and Youth Services (Prof. V.K.R. V. Rao) : (a) A conference of Students Representatives of the Universities convened jointly by the Ministry of Education and Youth Services and the University Grants Commission was held in Delhi on May 23-25, 1969.

(b) At the start of the Conference, when the Chairman, University Grants Commission began his welcome speech in English a difference of opinion arose among student representatives whether the proceedings of the Conference should be conducted in English or Hindi. At the suggestion of the Union Education Minister and the Chairman, University Grants Commission, it was generally agreed that the participants may speak either in Hindi or in English. This did not lead to any conflict but on the other hand was welcomed generally by the participants.

(c) Invitations were issued by the University Grants Commission to the Vice-Chancellors of the Universities to depute the President of the University Students Union or another representative in case he was unable to attend. However, as demanded by the participants Shri N.P. Sinha, elected president of the Banaras Hindu University Students Union but later expelled by the University, was allowed to attend the Conference as a special case.

(d) The Conference was convened to discuss the following items :
(*i*) Student participation in University affairs ;
(*ii*) Curriculum and examination reforms;
(*iii*) Employment opportunities and related problems ;
(*iv*) The role of students advisory and guidance bureaux ;
(*v*) National Service Scheme; and
(*vi*) the role of student organisations in University life.

असम पुर्नगठन विधेयक के प्रारूप पर चर्चा

*826. **श्री बे० कु० दासचौधरी :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या असम के पुनर्गठन के बारे में प्रस्तावित विधेयक के प्रारूप पर उनके मंत्रालय तथा असम-नेताओं के मध्य चर्चा पूरी हो गई है ; और

(ख) क्या भविष्य में सम्भावित संवेधानिक या प्रशासनिक कठिनाइयों से बचने के लिये कोई ठोस प्रबंध कर लिये गये हैं और यदि हां, तो उन प्रबन्धों की प्रमुख रूपरेखा क्या है ?

गृहकार्य मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) और (ख). पुनर्ठन विधेयक के प्रारम्भिक प्रारूप पर असम सरकार तथा सर्वदलीय पर्वतीय नेता सम्मेलन के प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श किया गया था। 11 सितम्बर, 1968 को भारत सरकार द्वारा घोषित असम के पुर्नठन की योजना को लागू करने के विए विधेयक नैयार किया जा रहा है तथा सम्भानित संवैधानिक अथवा प्रशासनिक कठिनाइयों को दूर करने के लिए हर सम्भव सावधानी बरती जा रही है।

Examination of Research Assistants for appointment in Central Hindi Directorate and Commission for Scientific and Technical Terminology)

***827. Shri Molahu Prashad :** Will the Minister of **Education and Youth Services** be pleased to state :

(a) whether an examination of Research Assistants was held for appointment to the posts of Assistant Education Officers in the Central Hindi Directorate and the Commission for Scientific and Technical Terminology ;

(b) if so, the number of Research Assistants who were declared successful in the said examination ;

(c) whether it is also a fact that the standard of the said examination was very low ; and

(d) if so, who is responsible for this ?

The Minister of State in the Ministry of Education and Youth Services: (Shri Bhakt Darshan): (a) Yes, Sir.

(b) 81

(c) No, Sir.

(d) Does not arise.

दिल्ली परिवहन उपक्रम को हुई हानियां

828. श्री देवकीनन्दन पाटोदिया : क्या **नौवहन तथा परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत तीन वर्षों में दिल्ली परिवहन उपक्रम को होने वाली हानि में प्रतिवर्ष वृद्धि हो रही है

(ख) क्या यह सच है कि दिल्ली परिवहन उपक्रम 1965 से केन्द्रीय सरकार से लिये गये ऋण का भुगतान करने में असफल रहा है और उपक्रम के अध्यक्ष के वक्तव्य के अनुसार इस ऋण का भुगतान तभी किया जायेगा जब दिल्ली परिवहन उपक्रम को लाभ होगा, और

(ग) यदि हां, तो यह ऋण कितना है और उक्त वक्तव्य के बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

संसद्-कार्य, नौवहन तथा परिवहन मंत्री (श्री रघुरमैया) : (क) जी, हां।

(ख) 1965–66 से दिल्ली परिवहन उपक्रम ने कोई ऋण की किश्त की या ऋण पर ब्याज प्रभार की अदायगी नहीं की जैसा प्रश्न में कथित है उपक्रम के अध्यक्ष द्वारा कोई वक्तव्य दिये जाने का सरकार को कोई पता नहीं है।

(ग) 1968–69 के अन्त तक सरकार को देय मूल धन का अत्यावधि किश्त और ब्याज प्रभार की कुल राशियां क्रम से 335.41 लाख रुपये और 156.24 लाख रुपये थी।

मुंगेर (बिहार) में साम्प्रदायिक दंगे

*829. **श्री मधु लिमये :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्होंने 9 फरवरी, 1969 और 29 मार्च, 1969 या इसके आसपास मुंगेर (बिहार) में हुये साम्प्रदायिक दंगों की कोई जांच कराई है ;

(ख) कितनी दुकाने लूटी गई और कितने व्यक्ति मारे गये ;

(ग) क्या राज्य तथा /अथवा केन्द्र द्वारा प्रधान मंत्री के सहायता कोष आदि से उन पीडित लोंगों को कोई मुआवजा दिया गया या सहायता दी गई ;

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ङ) क्या दयाल आयोग की सिफारिशों पर राज्यों के गृह मंत्री के साथ बातचीत की गई है और क्या कोई कार्यवाही आरम्भ की गई है ?

गृह-कार्य मंत्री (श्री यशवंतराव चव्हाण) : (क) से (घ) तक राज्य सरकार से तथ्य मालूम किये जा रहे हैं। तथापि प्रधान मंत्री के राष्ट्रीय सहायता कोष से कोई सहायता नहीं दी गई।

(ङ) साम्प्रदायिक दंगों के संबंध में जांच आयोग के रांची-हटिया दंगों के बारे में प्रतिवेदन की एक प्रतिलिपि राज्य सरकारों को उचित कार्यवाही के लिए भेजी गई थी। उन्होंने उन अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही पहले ही आरम्भ कर दी है जिन्हें आयोग ने सरकारी ड्यूटी के निष्पादन में दोषी पाया। विभिन्न सिफारिशों पर राज्य सराकर द्वारा की गई कार्यवाही बताने वाला एक विवरण सदन के सभा पटल पर रखा जाता है। **[पुस्तकालय में रखी गयी। देखिये संख्या एल० टी० 1895/69]**

आर्थिक आधार पर राज्यों का पुनर्गठन

*830. **श्री श्रीचन्द गोयल :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार आर्थिक आधार पर राज्यों का पुनर्गठन करने का विचार कर रही है ;

(ख) क्या सरकार की यह राय है कि प्रादेशिक असमानताओं की समस्या से निपटने के लिये आर्थिक आधार पर राज्यों का पुनर्गठन करना आवश्यक है; और

(ग) प्रादेशिक असमानताओं को दूर करने के लिये सरकार किन अन्य उपायों का विचार कर रही है ?

गृह-कार्य मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है।

(ख) और (ग) सरकार के विचार में प्रादेशिक असमानताओं को दूर करने का उपाय राज्यों का पुनर्गठन करना नहीं है। अनिवार्यत: यह एक विकास की समस्या है और योजनाओं को बनाने में बेहतर प्रादेशिक समानता प्राप्त करने के लिए विशेष ध्यान दिया जाता है नई चौथी योजना के सन्दर्भ

में योजना आयोग द्वारा राज्य सरकारों को परामर्श दिया गया है कि उनको पहले ही सुझाये गये विकास के संकेतकों के आधार पर निश्चित रूप से पिछड़े हुए क्षेत्रों को पहचानने के प्रश्न का पुनरीक्षण किया जाय और ऐसे क्षेत्रों के लिए स्थानीय सम्भावनाओं, स्रोतों तथा आवश्यकताओं के आधार पर आर्थिक तथा समाजिक विकास के लिए योजनाएं बनाई जायें। इन क्षेत्रों में प्राकृतिक साधनों के विकास के लिए तथा उचित समय के भीतर विकास की प्रगति को बढ़ाने के लिए रचना के आगे की सुविधाओं के निर्माण पर विशेष बल दिया गया है।

पाठकों की संख्या में वृद्धि

†831. **श्री रा० कृ० बिड़ला** : क्या **पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हाल ही में पर्यटकों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है ;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में, वर्ष वार, राजस्थान में गये पर्यटकों, विदेशियों और भारतीयों की संख्या कितनी है; और

(ग) उक्त अवधि में राजस्थान जाने वाले विदेशी पर्यटकों से कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की गई ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) जी हां।

(ख) इस विभाग द्वारा अलग-अलग राज्यों अथवा स्थानों की यात्रा करने वाले विदेशी अथवा देशी पर्यटकों के आंकड़े नहीं रखे जाते हैं।

(ग) अर्जित विदेशी मुद्रा का अनुमान अखिल भारतीय आधार पर लगाया जाता है न कि अलग अलग राज्यों के आधार पर ।

भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन व्यक्तियों के लिये नई प्रशिक्षण व्यवस्था

†832. **श्रीमती इला पालचौधरी** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन व्यक्तियों के लिये नई प्रशिक्षण व्यवस्था निकाली है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और ;

(ग) यह व्यवस्था भारतीय प्रशासनिक सेवा संवर्ग की वर्तमान प्रशिक्षण प्रणाली से कहां तक भिन्न है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) जी हां, श्रीमान।

(ख) भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन व्यक्तियों के प्रशिक्षण को और गम्भीर तथा समस्या-मूलक बनाने के उद्देश्य से जुलाई, 1969 से राष्ट्रीय अकादमी में संस्थानात्मक प्रशिक्षण को लगभग आठ महीनों और चार महीनों के दो भागों में बांट दिया गया है और राज्यों में एक वर्ष का प्रयोगात्मक प्रशिक्षण इन दो भागों के बीच में डाल दिया गया है। अकादमी में दूसरे भाग के दौरान प्रशिक्षण में अधिकतर परिवीक्षाधीन व्यक्ति के अनुभव तथा क्षेत्र में निरीक्षण पर अधारित प्रशासन की समस्याओं पर ध्यान दिया जाएगा।

(ग) इस से पहले, राष्ट्रीय अकादमी में भा० प्र० से० के परिवीक्षाधीन व्यक्तियों का सम्पूर्ण 12 महीनों का संस्थान के भीतर का प्रशिक्षण राज्यों में प्रयोगात्मक प्रशिक्षण से पहले होता था।

भारतीय भाषाओं को समृद्ध बनाना

*833. **श्री रा० की० अमीन :** क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय भाषाओं को समृद्ध बनाने में लगभग 30 वर्ष लगेंगे ;

(ख) यदि हां, तो विश्वविद्यालयों को भारतीय भाषाओं को शिक्षा का माध्यम बनाने में कितना समय लगेगा ; और

(ग) यदि इस में बहुत अधिक समय लगने की संभावना है तो भारतीय विश्वविद्यालयों में अंग्रेजी के अध्ययन पर जोर देने के लिए सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है और प्रस्तावित कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) (ख) और (ग): जी नहीं। 86 विश्वविद्यालयों में, जिन में विश्वविद्यालय मानी जाने वाली संस्थाएं भी हैं, 52 विश्वविद्यालयों ने पहले ही अंग्रेजी के साथ हिन्दी या अन्य भारतीय भाषाओं को शिक्षा के माध्यम के रूप में आरम्भ कर दिया है। विश्वविद्यालय स्तर पर शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी से प्रादेशिक भाषाओं में करने की क्रिया धीरे धीरे लागू होगी और इस के लिये कोई ठीक समय निर्धारित नहीं किया जा सकता। किन्तु इस में बहुत अधिक समय लगने की संभावना नहीं है। विश्वविद्यालयों को अधिक से अधिक विषयों में प्रादेशिक भाषाओं को जल्दी ही शिक्षा का माध्यम बनाने में सुविधा देने के हेतु विश्वविद्यालय स्तर की पुस्तकें तैयार करने के लिये भारत सरकार उन राज्य सरकारों में से प्रत्येक को, जिन के अधिकार क्षेत्र में विश्वविद्यालय आते हैं, प्रथम डिग्री स्तर की पुस्तकें प्रादेशिक भाषाओं में तैयार करने के लिये 1968–69 से 6 वर्ष तक फलाकर एक करोड़ रुपये तक की राशि देने को सहमत हो गई है।

आनन्द मार्ग की गतिविधियां

*834. **श्री ज्योतिर्मय बसु :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने "आनन्द मार्ग" की गतिविधियों की जांच की है, जो एक धार्मिक संस्था है और जिसका मुख्यालय पुरुलिया में है ;

(ख) यदि हां, तो इस जांच का क्या परिणाम निकला है ;

(ग) इस संस्था को धन कहां से प्राप्त होता है ;

(घ) इस संस्था से प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से सम्बन्धित भारत के विशिष्ट व्यक्तियों के नाम तथा ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) क्या सरकार का विचार इस संस्था के विरुद्ध कोई कार्यवाही करने का है और यदि नहीं, तो इस के क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) केन्द्रीय और राज्य सरकारें आनन्द मार्ग की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रख रही हैं।

(ख) प्रश्न के इस भाग से सम्बन्धित मामले 1969 की लेख्य याचिका संख्या 167 में उच्चतम न्यायालय के समक्ष न्यायाधीन है ।

(ग) राज्य सरकारों द्वारा प्रेषित सूचना के अनुसार सदस्यों से स्वेच्छा से चन्दे, सदस्यों और हमदर्दियों से दान, केन्द्रीय कार्यालय से अनुदान और मनोरंजन-कार्यक्रमों तथा फिल्म प्रदर्शन के तरीके से एकत्र किया गया धन आनन्द मार्ग की आय के ज्ञात साधन हैं।

(घ) आनन्द मार्ग के संस्थापक श्री प्रभात रंजन सरकार हैं। आनन्द मार्ग के अनुयायी जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में पाये जाते हैं।

(ङ) सरकार ने स्पष्ट किया था कि सरकारी कर्मचारी द्वारा आनन्द मार्ग की गतिविधियों में भाग लेना राजनैतिक गतिविधियों में भाग लेना समझा जायगा और इस प्रकार संबंधित सरकारी कर्मचारी आचरण नियमों के अधीन अनुशासनात्मक कार्यवाही का भागीदार होगा। किन्तु उच्चतम न्यायालय में फाइल की गई लेख्य याचिका तथा स्थगन प्रस्ताव के नोटिस पर उच्चतम न्यायालय ने स्थगन प्रस्ताव के नोटिस को अन्तिम रूप से निपटाये जाने तक, स्पष्टीकरणात्मक परिपत्र के उपबन्धों को सरकार द्वारा लागू न करने के आदेश जारी किये हैं। तदनुसार सरकार ने अगले आदेश होने तक परिपत्र पर कार्यवाही न करने के लिये मंत्रालयों /विभागों को अनुदेश जारी किये हैं।

Development of Aerodromes in Madhya Pradesh

*835. **Shri G. C. Dixit :** Will the Minister of **Tourism and Civil Aviation** be pleased to state :

(a) the amount allocated for the development and improvement of aerodromes in Madhya Pradesh in the Fourth Five Year Plan ;

(b) the amount allocated therein for the development and improvement of Bhopal Aerodrome; and

(c) the details of the scheme for development and improvement of the said aerodrome ?

The Minister of Tourism and Civil Aviation (Dr Karan Singh) : (a) Rupees 5 lakhs for a terminal building at Khajuraho.

(b) Nil.

(c) Does Not arise.

इन्दौर में दंगे

*836. **श्री बलराज मधोक :**
श्री भारत सिंह चौहान :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जब इन्दौर में कुछ उपद्रवकारियों ने "भारत केसरी" चंदगीराम के शांतिपूर्ण जलूस पर आक्रमण किया तो उस समय सेना बुलानी पड़ी थी ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उन उपद्रवकारियों ने सेना और पुलिस से बन्दूक आदि हथियारों से डटकर लड़ाई लड़ी ; और

(ग) यदि हां, तो उस संघर्ष में सेना के कर्मचारियों को जान तथा माल की कितनी क्षति हुई ?

गृह-कार्य मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) राज्य सरकार ने जून, 1969 में इन्दौर में दंगों के दौरान सेना को केवल एक अतिरिक्त प्रबन्ध के रूप में बुलाया था ।

(ख) जी नहीं, श्रीमान् ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

राष्ट्रीय दक्षता दल निदेशालय में पदों के भरने पर प्रतिबन्ध

*837. **श्री स० मो० बनर्जी** : क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उनके मंत्रालय ने अगस्त, 1967 से राष्ट्रीय दक्षता दल निदेशालय में रिक्त पदों को भरने पर रोक लगाई हुई है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उन के मंत्रालय की विभागीय परिषद् की एक बैठक में यह निर्णय किया गया था कि जब तक विकेन्द्रीकरण की योजना को वस्तुत: कार्यरूप नहीं दिया जाता तब तक पर्यवेक्षक और अन्य आवश्यक पदों पर तदर्थ आधार पर भर्ती की जाये ;

(ग) क्या यह भी सच है कि राष्ट्रीय अनुशासन योजना के प्रशिक्षकों को कार्यालय के कार्य में लगाया गया है ; और

(घ) यदि हां, तो रिक्त पदों को इस बीच समाप्त कर देने तथा पात्र कर्मचारियों को पदोन्नति के अवसरों से वंचित कर देने के क्या कारण हैं ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) से (घ):

विवरण

कुंजरू समिति के प्रतिवेदन को स्वीकार किये जाने के परिणाम स्वरूप राष्ट्रीय अनुशासन योजना प्रशिक्षक योजना का विकेन्द्रीकरण करने के फैसले की दृष्टि से राष्ट्रीय योग्यता दल योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम बन्द कर दिया गया है । फलत: राष्ट्रीय योग्यता दल निदेशालय के विस्तार पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया है, तथा इस निदेशालय में रिक्त पदों पर नियुक्ति करने पर 2 अगस्त, 1967 से प्रतिबन्ध लगा दिया गया है ।

2 शिक्षा मंत्रालय तथा समाज कल्याण विभाग की विभागीय परिषद की अप्रल 1968 में हुई चौथी सामान्य बैठक में यह स्वीकार किया गया था कि राष्ट्रीय योग्यता दल संगठन का कार्य दक्षतापूर्वक चलाने के लिय सरकार द्वारा पर्यवेक्षी तथा अन्य आव यक पदों का निर्धारण किया जाना चाहिय था इन पदों पर नियमों के अनुसार पदोन्नति की जानी चाहिये । ये पदोन्नतियां तदर्थ आधार पर की जानी चाहिए तथा विकेन्द्रीयकरण तथा राज्य को हस्तांतरण के समय पदोन्नत व्यक्तियों के लिये अपने पूर्व पदों पर पदावन्नति आवश्यक होगा । तद्नुसार 1 नवम्बर, 1968 से हेड क्लर्कों के दो पद अपर डिवीजन क्लर्कों /एकाउन्ट्स क्लर्कों के 4 पद तथा स्टाफ कार ड्राइवर के एक पद को आवश्यक घोषित किया गया तथा इन पदों पर नियुक्तियां की गई ।

3. चूंकि सरकार राष्ट्रीय अनुशासन योजना के प्रशिक्षकों के राज्यों को विकेन्द्रीकरण के प्रश्न पर सक्रियता से विचार कर रही है, अत: अर्द्धस्थायी मामलों आदि को पूरा करने के हेतु कर्मचारी सम्बन्धी आंकड़े सप्लाई करने के लिये राष्ट्रीय योग्यता दल निदेशालय के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा कुछ प्रशिक्षकों की सेवाओं का उपयोग किया जाना आवश्यक है ।

4. जैसा कि पहले बताया जा चुका है, राष्ट्रीय अनुशासन योजना का विकेन्द्रीकरण करने तथा इस योजना के प्रशासनिक कर्मचारियों तथा प्रशिक्षकों के वर्तमान सेवा काल को केवल 31 दिसम्बर, 1969 तक ही रखने का निर्णय किया गया है । अत: रिक्त पदों पर नियुक्ति करने का प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता ।

Unplanned Increased in Admission Capacity of Engineering Institutions

***838. Shri Raghuvir Singh Shastri :**
Shri Ramachandra Veerappa :
Shri Y. A. Prasad :

Will thes Minister of **Education and Youth Services** be pleased to state :

(a) whether Government are aware that according to the statistics prepared by the Applied Manpower Research Institute, about one lakh persons holding Degrees and Diplomas in Engineering are likely to be unemployed in 1973-74 as a result of unplanned increase in admission capacity effected in 1963 as an aftermath of Chinese aggression ; and

(b) if so, the scheme formulated by Government to provide employment to them ?

The Minister of Education and Youth Services (Dr. V. K. R. V. Rao): (a) Yes, Sir. According to the estimates of the Institute of Applied Manpower Research, there is likely to be a surplus of about 55,000 engineering graduates and 46,000 diploma-holders by the end of 1973-74 if the pace of our economic development remains the same as that visualised in the Fourth Plan. The estimated surplus is partly because of expansion of technical education in the wake of 1962 emergency and partly because of recession in industry in the last four years.

(b) A statement is laid on the table of the House.

Statement

The following measures have been formulated for relieving unemployment among engineers :—

(i) State Governments and the Central Ministries may take up preparatory work in connection with projects to be included in the Fourth and subsequent Plans to provide for additional employment of engineers ;

(ii) Preparation of technical reports for selected completed major projects may be taken up under the supervision of senior engineers ;

(iii) The training-in-industry programme of the Ministry of Education and Youth Services should be expanded to cover at least 5,000 trainees each year ;

(iv) Arrangements may be made for the training of 1,500 graduates and diploma-holders for the operation and maintenance of thermal stations ;

(v) Vacant posts may be filled rapidly, recruit ment procedures and prescribed qualifications being modified wherever possible. The general ban on the filling of vacant technical posts may be lifted ;

(vi) Introduction of short service technical commission for the Army Technical Corps ;

(vii) Development of Indian Consultancy Organisations to provide for additional employment of engineers. Wherever possible and desirable, certificates of technical soundness and feasibility from Indian Consultancy Organisations may be insisted upon before sanctioning projects ;

(viii) Special schemes should be drawn up for extending financial assistance and other facilities to engineers for setting up small scale industry ;

(ix) The contractual provision requiring approved contractors to employ qualified engineers may be enforced ;

(x) Encouragement should be given to engineers for setting up cooperatives for under taking construction work or for setting up repair nd servicing facilities for agricultural machinery in rural areas ;

(xi) Employment of engineers in marketing, sales and management posts in public undertakings may be encouraged;

(xii) A multi-speciality approach should be adopted to scientific research and development ;

(xiii) Special efforts may be made through our Missions abroad to send out technical experts to friendly developing countries to assist them in their development programmes.

Road Taxation Inquiry Commission Report

*839. **Shri Bhola Nath Master :** Will the Minister of **Shipping and Transport** be pleased state :

(a) whether it is a fact that the First Road Taxation Inquiry Commission had recommended in its report that the budget allocated for the construction of roads be declared as non-lapsable fund ; and

(b) if so, whether not only tye Union Government but also the State Governments would be asked to comply with this recommendation so that the work of construction of rural roads can go on year to year without any break ?

The Minister of Parliamentary Affairs, Shipping and Transport (Shri K. Raghu Ramaiah) :(a) Presumably the Member is referring to the Motor Vhicle Taxation Enquiry Committee, 1950. It recommended that both in the Centre and in the States the funds allotted in the budgets each year for road development should be voted into a non-lapsing fund similar to the Central Road Fund.

(b) The subject of rural roads is primarily within the scope of State Governments to which copy of the report has been forwarded for necessary action.

भारतीय स्वास्थ्य सेवा संवर्ग में राज्यों के डाक्टरों को शामिल करना

*840. **श्री रवि राय** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बता की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनका ध्यान देश में कुछ वरिष्ठ डाक्टरों की इन आशंकाओं की ओर दिलाया गया है कि सम्भवत: राज्य सरकारें वस्तुत: योग्य वरिष्ठ डाक्टरों अथवा प्रोफेसरों के नाम केन्द्र के भारतीय स्वास्थ्य सेवा संवर्ग में इस आधार पर सम्मिलित करने के लिए न भेजें कि वे स्थायी नहीं हैं; और

(ख) यदि हां, तो इन आशंकाओं को दूर करने के लिए भारत सरकार ने क्या गारंटी ली है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) :

(क) जी हां, श्रीमान ।

(ख) भारतीय शिक्षा चिकित्सा तथा स्वास्थ्य सेवा प्रारम्भिक भर्ती विनियम, 1969 में उक्त सेवा की प्रारम्भिक गठन की व्यवस्था में नियुक्ति के लिए विचार किये जाने के लिये पात्रता के सिद्धान्त स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट किये गये हैं । किसी राज्य चिकित्सा तथा स्वास्थ्य सेवा के प्रत्येक अधिकारी पर, जो निर्धारित सिद्धान्तों को पूरा करता है, विचार किया जाएगा और अलग-अलग राज्य सरकारों को पात्रता सिद्धान्तों को के पूरा करने वाले अधिकारियों में से धन चयन करने की छूट नहीं है ।

Propagation of Ideals of Swami Ram Tirtha on Universal Brotherhood

5265. Shri Hukam Chand Kachwai : Will the Minister of **Education and Youth Services** be pleased to state :

(a) Wheter Government have formulated or proposed to formulate any scheme to propagate through books and other media, the ideals of Swami Ram Tirtha, a great Philosopher of modern times on universal brotherhood, love and peace ; and

(b) if so, the details thereof ?

The Minister for Education and Youth Services Dr. V. K. R. V. Rao): (a) & (b) There is no such proposal with the Government of India. However, lessons on the leader, philosophers etc. of India are generally included in books for social study and language teaching. For example, a lesson on Swami Ram Tirtha is included in the social studies book for class VIII in Delhi

उत्तर प्रदेश में चुनावों के दौरान मुस्लिम मजलिस द्वारा साम्प्रदायिक प्रचार

5266. **श्री बाबूराव पटेल** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि फरवरी, 1969 के तीसरे सप्ताह में इलाहाबाद के वकीलों ने समाचार पत्रों को इस आशय का वक्तव्य जारी किया था कि मुस्लिम मजलिस ने साम्प्रदायिक आधार पर चुनाव प्रचार किया था और अपने उम्मीदवार को विजयी किया था ;

(ख) यदि हां, तो चुनाव कानून के अन्तर्गत उस उम्मीदवार को अनर्ह घोषित करने तथा देश में ऐसे साम्प्रदायिक संगठनों पर प्रतिबन्ध लगाने के लिए क्या कार्यवाही की गई है, और

(ग) यदि नहीं तो, इसके क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) सरकार ने इस विषय के समाचार देखे हैं ।

(ख) और (ग) संघ से भारतीय क्षेत्र के किसी भाग के सत्तान्तरण अथवा संबंध विक्षेद करने के इरादे वाली किसी संगठन की गतिविधियों के मामलों को छोड़कर संगठनों पर रोक लगाने के लिए सरकार को समर्थ करने वाला कोई कानून विद्यमान नहीं है । संसद् सदस्यता अथवा राज्य विधान मण्डल की सदस्यता के लिए संबंधित उम्मीदवार को अनर्ह घोषित करने के लिए उठाये गये कदमों के बारे में भारत के निर्वाचन आयोग ने सूचित किया है कि कोई व्यक्ति केवल तभी अनर्ह होता है जब वह जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 की उपधारा 1 या उपधारा 2 में उल्लिखित अपराधों के लिए किसी न्यायालय द्वारा दोषी ठहराया गया हो या किसी चुनाव याचिका पर उच्च न्यायालय द्वारा एक निर्णय लिख दिया गया हो कि उस व्यक्ति द्वारा किया गया कोई भ्रष्ट आचरण प्रमाणित किया गया है । आपराधिक तथा निर्वाचन विधि (संशोधन) विधेयक, 1968 के खंड 5 में यह निर्धारित करने की व्यवस्था है कि कोई व्यक्ति तब भी अनर्ह होगा जब भारतीय दण्ड संहिता की धारा 505 की उप-धारा 2 और 3 तथा धारा 153 के अधीन, जैसा विधेयक द्वारा लागू करवाने का विचार है अपराधों के लिए किसी न्यायालय द्वारा दोषी सिद्ध किया गया हो ।

गुजरात में होटलों तथा रेस्तोरांओं की कमी

5267. श्री नरेन्द्र सिंह महीडा : क्या **पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गुजरात में जाने वाले पर्यटकों की संख्या में बराबर वृद्धि को दृष्टि में रखते हुए वहां पर होटलों तथा पर्यटक रेस्तारांओं की कमी है ;

(ख) गुजरात में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष कितनी आय प्राप्त हुई ;

(ग) क्या सरकार इस बारे में अनुभव की जा रही है कठिनाइयों को दृष्टि में रखते हुए होटल तथा रेस्तोरांओं के लिए ऋण देगी ; और

(घ) यदि हां, तो कितना ?

पर्यटन तथा असैनिक नौवहन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) होटल पुनरालोकन एवं सर्वेक्षण समिति द्वारा हाल ही में सरकार को दी गई रिपोर्ट के अनुसार, यह अनुमान लगाया गया है कि कम से कम 1973 तक अहमदाबाद में विदेशी पर्यटकों के लिए होटल आवास की कोई कमी नहीं होगी ।

गजरात में छोटे स्थानों के बारे में आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

(ख) सूचना उपलब्ध नहीं है ।

(ग) और (घ) .होटल विकास ऋण योजना का उद्देश्य नई होटल प्रायोजनाओं के लिये तथा वर्तमान होटलों के विस्तार/नवीनीकरण के लिये, वित्तीय सहायता देना है । फिलहाल इस योजना के अन्तर्गत रेस्टोरेंट नहीं आते हैं। चौथी पंच- वर्षीय योजना में इस प्रयोजन के लिए 5 करोड़ रुपये की एक राशि की व्यवस्था की गई है । इस योजना के अन्तर्गत जिन

स्थानों के लिये ऋण मिल सकता है, उस सूची में गुजरात राज्य में अहमदाबाद शामिल है ।

सड़कों के निर्माण के लिये गुजरात को नियत किया गया धन

5268. **श्री नरेन्द्र सिंह महीडा** : क्या **नौवहन तथा परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में इस वर्ष सामरिक महत्व की सड़कों के निर्माण के लिये केन्द्र द्वारा राज्य सरकार को कितनी धनराशि नियत की गई;

(ख) गत तीन वर्षों में प्रतिवर्ष कितनी धनराशि नियत की गई थी ;

(ग) इस सहायता से कितने मील की सामरिक सड़कों का निर्माण किया गया और इन सड़कों से किन-किन स्थानों को जोड़ा गया ; और

(घ) गुजरात में कितने मील स्वीकृत सामरिक सड़कें अधूरी पड़ी हैं और वे कब तक पूरी हो जायेंगी ?

संसद्-कार्य तथा नौवहन और परिवहन मंत्रालय में उपमंत्री (श्री इकबाल सिंह) : (क) और (ख): गत तीन वर्षों के दौरान किये गये व्यय की ओर राज्य सरकार को प्रतिपूर्ति की गई राशियों निम्न प्रकार हैं :—

1.	1966–67	535.14 लाख रुपये
2.	1967–68 .	635.17 ,, ,,
3.	1968–69 . . .	294.28 ,, ,,

इस वर्ष व्यय के लिये बजट में 20 लाख रुपये की राशि की व्यवस्था की गई है ।

(ग) 919 मील की कुल लंबाई मई, 1969 के अन्त तक पूरी की गई जोड़े गये स्थानों के नाम सुरक्षा कारणों से नहीं बताये जा सकते हैं ।

(घ) चालू वर्ष के अन्त तक 32 मील पूरा होने की संभावना है ।

टायर खरीदने के लिये दिल्ली परिवहन उपक्रम को ऋण देना

5269. **श्री यशपाल सिंह** : क्या **नौवहन तथा परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनका ध्यान दिल्ली के मुख्य कार्यकारी पार्षद के इस आशय के प्रकाशित वक्तव्य की ओर दिलाया गया है कि केन्द्रीय सरकार ने टायर खरीदने के लिये दिल्ली परिवहन उपक्रम को ऋण न देने की सलाह बैंकों को दी है ;

(ख) क्या उपयुक्त वक्तव्य ठीक है ; और

(ग) यदि हां, तो बैंकों को ऐसी सलाह दी जाने के क्या कारण हैं ?

संसद्-कार्य तथा नौवहन और परिवहन मंत्रालय में उपमंत्री (श्री इकबाल सिंह) : (क) जी नहीं ।

(ख) वक्तव्य सही नहीं है ।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता ।

महाराष्ट्र, राजस्थान तथा मध्य प्रदेश को गुजरात के साथ मिलाने वाली सड़कों तथा पुलों का निर्माण

5270. **श्री नरेन्द्र सिंह महीडा** : क्या **नौवहन तथा परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात सरकार ने महाराष्ट्र, राजस्थान तथा मध्य प्रदेश को गुजरात के साथ मिलाने के लिए सड़कों तथा पुलों का निर्माण करने की एक योजना चौथी पंचवर्षीय योजना में शामिल करने के लिये भेजी है; और

(ख) यदि हां, तो अन्तर्राज्य सड़क विकास कार्यक्रम का ब्यौरा क्या है और केन्द्रीय तथा राज्य सरकार का उस पर कितना धन व्यय करने का प्रस्ताव है ?

संसद्-कार्य तथा नौवहन और परिवहन मंत्रालय में उपमंत्री (श्री इकबाल सिंह) : (क) जी हां

(ख) गुजरात को महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान आदि से मिलाने के लिये केन्द्रीय सहायता के लिये गुजरात सरकार द्वारा प्रस्तावित अन्तर्राज्यीय सड़कों का और इन सड़कों की लागत को सूचित करने वाला ब्यौरा राज्य सरकारों से प्राप्त विवरण संलग्न है । **(पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 1896/69)** सहायता के लिये राज्य सरकार की प्रार्थना पर अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है क्योंकि इन परियोजनाओं को इसी प्रकार की अन्य प्रस्तावनाओं के साथ धन को ध्यान में रखते हुए जांच किया जायेगा । जो चौथी योजना अवधि में वास्तविक तौर पर उपलब्ध होगा । धन की उपलब्धता के पहलू पर जांच की जा रही है ;

गुजरात में पुरातत्वीय सर्वेक्षण या खोज-कार्य

5271. **श्री नरेन्द्र सिंह महीडा** : क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात में पुरातत्वीय सर्वेक्षण या खोज कार्य आरम्भ करने के लिए 1967–68 और 1968–69 में और अधिक प्रयत्न किये गये थे ;

(ख) यदि हां, तो यह कार्य कहां आरम्भ किया गया था और उसके क्या परिणाम निकले ;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(घ) क्या गुजरात में नर्मदा घाटी सभ्यता के बारे में खोज-कार्य आरम्भ करने का सरकार का विचार है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में उपमंत्री (श्रीमती जहांनारा जयपाल सिंह): (क) और (ख) जी हां । 1967–69 के दौरान धात्वा, जि० सूरत में खुदाई तथा अहमदाबाद, बड़ौदा, भावनगर, भरूच, जूनागढ़, कच्छ, मेहसाना, राजकोट, सावर कंसा सूरत

और सुरेन्द्रनगर जिलों में खोज की गई थी। 1968-69 के दौरान धुमली, जि० जामनगर में खुदाई तथा अहमदाबाद बनासकांठा, भरूच, बड़ौदा, बलसाड़ पंच महल और सूरत जिलों में खोज की गई थी ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

(घ) जी नहीं । तथापि यह उल्लेखनीय है कि 1968-69 के दौरान बड़ौदा के एम० एस० विश्वविद्यालय ने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय नेकी डा० (श्रीमती) ब्रिगेट अलायिन के सहयोग से भरूच जिले में नर्मदा घाटी में अभिनूतन और अभिनव जलोक तथा उससे सम्बद्ध मानव औजारों की जांच पड़ताल की थी ।

गुजरात में प्राचीन अवशेषों को बनाये रखना

5272. **श्री नरेन्द्र सिंह महीडा :** क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में प्राचीन अवशेष इस समय अपेक्षित स्थिति में हैं ;

(ख) गुजरात में कितने प्राचीन अवशेषों की देखभाल की जा रही है और कितने अवशेषों की मरम्मत की जा रही है ;

(ग) क्या सरकार को पता है कि गुजरात में द्वारका में भगवान कृष्ण के प्राचीन मन्दिर की ओर पुरातत्वीय विभाग द्वारा तुरन्त ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है ; और

(घ) यदि हां, तो इस बारे म क्या कार्यवाही की जा रही है ।

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में उपमंत्री (श्रीमती जहांनारा जयपाल सिंह) : (क) जी नहीं । गुजरात में केन्द्रीय आरक्षित स्मारकों को उपलब्ध निधियों के अन्दर ही अच्छी मरम्मत की दशा में अनुरक्षण के लिये कदम उठाये गये हैं ।

(ख) गुजरात में सब मिलाकर 196 केन्द्रीय आरक्षित स्मारक तथा स्थान हैं । इस वर्ष के दौरान अन्य 52 स्मारकों की अनुरक्षा तथा देखभाल के साथ साथ 15 आरक्षित स्मारकों की विशेष मुरम्मत की जायेगी ।

(ग) तथा (घ). जी हां । द्वारिका के प्राचीन भगवान कृष्ण के मन्दिर की आवश्यक संरचना मुरम्मत पहले ही प्रगति पर है ।

भारतीय प्राणि सर्वेक्षण विभाग के निदेशक द्वारा स्टाफ-कार का कथित दुरुपयोग

5273. **श्री नीतिराज सिंह चौधरी :** क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सतर्कता विभाग भारतीय प्राणि सर्वेक्षण विभाग के निदेशक द्वारा स्टाफ-कार के कथित दुरुपयोग के बारे में जांच कर रहा है/कर रहा था ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या निष्कर्ष निकले ;

(ग) यदि ये निष्कर्ष नहीं बताये गये तो उनके कब तक बता दिये जाने की संभावना है ;

(घ) क्या सतर्कता विभाग ने उपनिदेशक पद पर कार्य कर रहे इसी व्यक्ति के विरुद्ध अन्य मामलों की जांच की थी ; और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा इस बारे में क्या कार्यवाही की गई है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) जी हां।

(ख) और (ग) शिकायत की अभी तक विभागीय जांच की जा रही है जिसके पूरा होने तथा केन्द्रीय सतर्कता आयोग से विचार-विमर्श करने के बाद निर्णय किया जायेगा।

(घ) और (ङ). वर्तमान निदेशक के विरुद्ध उनके उप-निदेशक के बारे में दो शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इन शिकायतों का सम्बन्ध उनके द्वारा किये गये दौरे को गलत दरों पर यात्रा भत्ते की मांग करने और एक फील्ड दूरबीन खोने में उनकी जिम्मेदारी से था दोनों शिकायतों की जांच की गई और उन्हें निराधार पाया गया।

कुछ अन्तर्राष्ट्रीय विमान कम्पनियों द्वारा यात्रियों से कुछ अधिक समान के लिये भाड़ा न लिया जाना

5274. श्री रा० कृ० बिड़ला : क्या **पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुछ अन्तर्राष्ट्रीय विमान कम्पनियों द्वारा यात्रियों से कुछ अधिक सामान का कोई भाड़ा नहीं लिया जाता; और

(ख) यदि हां, तो क्या यही तरीका अपनाने का भारत सरकार का विचार है ताकि एयर इंडिया के विमानों में अधिक यात्री यात्रा करने के लिये आकृष्ट किये जा सकें ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) सभी सदस्य एयर लाइनों द्वारा सर्व सम्मति से पारित आई० ए० टी० ए० (अन्तर्राष्ट्रीय विमान परिवहन संस्था) के एक संकल्प के अधीन बिना भाड़े के समान ले जाने के लिये प्रथम श्रेणी के यात्रियों के लिये 30 किलोग्राम और किफायती श्रेणी (इकानामी क्लास) के यात्रियों के लिये 20 किलोग्राम की सीमा नियत की गई है। कोई भी अन्तर्राष्ट्रीय एयर लाइन्स जो कि आई० ए० टी० ए० की सदस्य है यदि इन सीमाओं से अधिक बिना भाड़े के सामान को ले जाने की अनुमति देती है तो वह इन विनयमों का उल्लंघन करती है। ऐसा करना एक अनैतिक व्यवहार होगा और आई० ए० टी० ए० द्वारा दण्ड्य हो सकता है।

(ख) जी, नहीं। एयर इंडिया को इस अनैतिक व्यवहार को अपनाने की सलाह देने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

भारतीय वनस्पति उद्यान, कलकत्ता के नैमित्तिक श्रमिक

5275. श्री गणेश घोष : क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कलकत्ता (शिवपुर) के भारतीय वनस्पति उद्यान में लगभग 120 नैमित्तिक 6 वर्ष से अधिक समय से लगतार काम कर रहे हैं परन्तु उन्हें अभी तक स्थायी नहीं किया किया गया है

(ख) क्या यह भी सच है कि इन नैमित्तिक श्रमिकों को अढ़ाई रुपये दैनिक मजूरी दी जाती है जब कि उसी स्थान पर चौथी श्रेणी के कर्मचारियों को प्रति मास 173–50 रुपये मिलते हैं और पास के हावड़ा नगर में एक मामूली श्रमिक की विद्यमान दैनिक मजूरी 4–50 और 5 रुपये के बीच है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि इन नैमित्तिक श्रमिकों को वनास्पति उद्यान के अधिकारियों के क्वाटरों में घरेलू नौकरों के रुप में काम करने को बाध्य किया जाता है;

(घ) क्या यह भी सच है कि यदि इनमें से कोई श्रमिक अधिकारियों के घरों मे घरेलू नौकरों के रूप में काम करने से हिचकिचाता है तो उसका नाम एक दम पंजी से निकाल दिया जाता है और भविष्य में उसे कभी भी काम पर नहीं रखा जाता और गत कुछ महीनों में इस प्रकार से आधा दर्जन से अधिक व्यक्ति नौकरी से हटा दिये गये हैं ; और

(ङ) इस स्थिति को सुधारने के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में उपमत्री (श्रीमती जहांनारा जयपाल सिंह) : (क) जी हां ।

(ख) भारतीय वनस्पति उद्यान में नियुक्त नैमित्तिक (आकस्मिक) श्रमिकों को 2–50 रुपये से लेकर 5–50 रुपये प्रतिदिन के बीच की दरों से, उद्यान में वे जिस प्रकार के काम पर नियुक्त हैं उसके लिये अपेक्षित तकनीकी दक्षता के अनुसार मजदूरी की अदायगी की जाती है ।

(ग) जी नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

(ङ) भारतीय बनस्पति उद्यान को भारत सरकार ने 1–1–1963 से पश्चिम बंगाल सरकार से अपने हाथ में लिया था। तब से नैमित्तिक श्रमिकों के 53 पदों को नियमित अस्थायी पदों में बदला जा चुका है और उन नैमित्तिक श्रमिकों को जो मूलतः रोजगार कार्यालयों के जरिये नियुक्त किया गया था और जिन्होंने दो वर्ष की सेवा कर ली थी, नियमित अस्थायी स्थापना को स्थानान्तरित कर दिया गया है । इस प्रस्ताव की जांच की जा रही है कि नैमित्तिक श्रमिको के कितने और पद नियमित आधार पर आवश्यक हैं। केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग तथा पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा रखी जाने वाली दरों की अनुसूची के आधार पर दैनिक मजूरी में संशोधन करने के एक प्रस्ताव पर भी विचार किया जा रहा है ।

दिल्ली विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कालेजों के अध्यापकों की सेवा समाप्त करना

5276. **श्री रामावतार शास्त्री** : क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कुछ कालेजों की शासी निकायों ने कुछ अध्यापकों की सेवायें समाप्त कर दी हैं ;

(ख) यदि हां, तो इस के क्या कारण हैं

(ग) क्या यह सच है कि इसके कारण विश्वविद्यालयों के अध्यापकों में बड़ा असन्तोष फैला हुआ है ; और

(घ) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और सरकार का इस मामले में क्या कार्यवाही करने का प्रस्ताव है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (प्रो० वी० के० आर० वी० राव) (क) से (ग). विश्वविद्यालय के अनुसार निम्नलिखित आधारों पर श्याम लाल कालेज की शासी निकाय द्वारा एक लेक्चरर की सेवायें समाप्त करने की एक मामले के बारे में उसे सूचना प्राप्त हुई । है

(1) प्राधानाचार्य के आदेशों की जानबूझकर अवज्ञा ;

(2) अपेक्षित संख्या में लेक्चर न देकर जानबूझकर कर्तव्य की उपेक्षा ;

(3) झूठे अभिलेख बनाने के लिये बेइमानी ;

(4) एक लेक्चरर के निष्ठापूर्वक कर्तव्य पालन के प्रतिकूल कार्य ; और

(5) अनुशासन भंग करने के लिये ।

अध्यापक की सेवायें समाप्त करने के विरुद्ध दिल्ली विश्वविद्यालय अध्यापक संघ द्वारा अभिवेदन तथा विश्वविद्यालय के कुछ अध्यापकों द्वारा प्रदर्शन किये गये हैं ।

(घ) ऐसे मामलों में निर्णय लेना विश्वविद्यालय तथा कालेज के प्राधिकारियों के सायर्थ्य के अन्तर्गत है ।

Bridge over Ganga at Sabhalppur Near Patna

5277. **Shri Ramavatar Shastri :**
Shri Bhogendra Jha :
Shri Yogendra Shama :
Shri Chandra Shekhar Singh :
Shri K. M. Madhukar :

Will the Minister of **Shipping and Ttransport** be pleased to state :

(*a*) whether it is a fact that the Bihar Government have decided to construct a bridge over the Ganga at Sabbalpur, near Patna ;

(*b*) whether it is also a fact that a Memorandum in this regard was sent by the Gulzarbag (Patna) Ganga Bridge Construction Discontented Citizen's Committee, Babuagan, Patna-7 to the President of India, the Prime Minister, Palanning Commission, Home Minister, Railway Minister etc.,

(*c*) if so, the details thereof ; and

(*d*) the reaction of Government in this regard.

The Deputy Minister in the Department of Parliamentary Affairs and in the Ministry of Shipping and Transport (Shri Iqbal Singh) : (*a*) It is learnt from the State Government that although earlier they had decided to locate the bridge at Sabbalpur, the question of its exact location is being examined by them further in the light of the recommendations of the Committee constituted by the State Legislative Council in May, 1969 favouring the location of the bridge near Gulzarbagh.

(*b*) Yes, Sir, some copies of the memorandum have been received.

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव): (क) और (ख). अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के वाणिज्य में राष्ट्रीय डिप्लोमाधारियों की प्रार्थना पर विश्वविद्यालय ने एक पुनश्चर्या पाठयक्रम का प्रबन्ध किया था ताकि वे या तो विश्वविद्यालय की बी० काम० परीक्षा के सभी प्रश्न-पत्रों में बैठ सकते हैं जिससे कि, पास हो जाने पर, उन्हें बी० काम० डिग्री प्रदान की जा सके अथवा बी० काम० परीक्षा के कुछ प्रश्न पत्रों में बैठ सकें जिससे कि, उन प्रश्न-पत्रों में पास हो जाने पर, उन्हें विद्यालय के एम० काम० पाठ्यक्रम के लिये पात्र घोषित किया जा सके । विश्वविद्यालय ने संगत अध्यादेश के अनुमोदित हो जाने की सम्भावना के आधार पर उक्त परीक्षा के दाखिले के लिये सम्बन्धित संस्था को काफी पहले आवेदन-पत्र भेज दिये ताकि विद्यार्थी परीक्षा के लिये आवेदन-पत्र भर सकें । किन्तु विश्व-विद्यालय की अप्रैल, 1969 में उक्त परीक्षा के दाखिले के लिये कोई आवेदनपत्र प्राप्त नहीं हुए थे ।

विश्वविद्यालय की शिक्षा परिषद् ने बाद में सम्बन्धित विद्यार्थियों के लिये एक विशेष परीक्षा आयोजित करने का निर्णय किया ताकि उस परीक्षा में पास होने के बाद विद्यार्थी एम० काम० पाठ्यक्रम में दाखिल हो सकें ।

(ग) दिल्ली विश्वविद्यालय एम० काम० उपाधि में प्रवेश के लिये वाणिज्य में राष्ट्रीय डिप्लोमा पास करना पर्याप्त नहीं समझता । जिन्होंने वाणिज्य के साथ बी० ए० (पास) किया है उनके लिये भी एम० काम० में प्रवेश के लिये आये और शर्तों को पूरा करना जरूरी है ।

(घ) वाणिज्य में राष्ट्रीय डिप्लोमा भारत सरकार से मान्यता प्राप्त है । महाराष्ट्र, गुजरात और असम के अतिरिक्त संघ लोक सेवा आयोग और राज्य सरकारें इसे उनके अधीन रोजगार के लिये भारतीय विश्वविद्यालय की बी० काम० उपाधि के बराबर समझती हैं, जहां तक डिप्लोमा का स्नातकोतर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिये मान्यता देना तथा उच्च पाठयक्रमों में प्रवेश का निर्णय करना है, यह विश्वविद्यालयों की शक्तियों के अन्तर्गत है जो कि स्वायत्त संस्थान हैं ।

गुजरात में अध्यापकों के वेतनमानों का पुनरीक्षण

5346. **श्री रा० की० अमीन :** क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गुजरात राज्य सभी स्तरों पर अध्यापकों के वेतनमान कोठारी आयोग की सिफारिशों के अनुसार नहीं बढ़ाये गये हैं;

(ख) क्या यह देरी राज्य सरकार को अपेक्षित सहायता देने में केन्द्रीय सरकार द्वारा कार्यवाही न किये जाने के कारण हुई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) जी हां।

(ख) और (ग). गुजरात सरकार ने यह कहा था कि इस प्रश्न की, राज्य के संसाधनों तथा राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किये गये वेतन आयोग की सिफारिशों को ध्यान में रख कर, जांच की जायेगी ।

भारत में रिकार्डप्लेयर पिक-अप का निर्माण

5347. **श्री रा० कृ० बिड़ला** : क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सैन्ट्रल इलैक्ट्रोनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट, पिलानी ने एक रिकार्ड प्लेयर पिक-अप का निर्माण किया है जिसका अब तक आयात किया जा रहा था;

(ख) यदि हां, तो उस कारखाने की उत्पादन क्षमता क्या है; और

(ग) यह रिकार्ड प्लेयर पिक-अप बाजार में किस मूल्य पर उपलब्ध होगा ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव): (क) जी हां। केन्द्रीय इलैक्ट्रोनिक्स इंजीनियरी अनुसंधान संस्थान, पिलानी ने राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला, नई दिल्ली में विकसित, शीशा, जरकोनियम टाइटैनेट मृत्क्ला का प्रयोग करके, रिकार्ड प्लेयर्स के लिये मृत्क्ला पिक-अप का डिजाइन निर्माण किया है ।

(ख) संस्थान द्वारा विकसित मृत्क्ला पिक-अप का फिलहाल व्यवसायिक रूप से निर्माण नहीं किया जा रहा है । जानकारी (Know-how) को वाणिज्यिक उत्पादन के लिये लाइसेंस देने के वासते प्रयत्न किये जा रहे हैं ।

(ग) अनुमान है कि मृत्क्ला पिक-अप की उत्पादन लागत लगभग 15 रुपये प्रति मद होगी ।

गुजरात राज्य में नि:शुल्क शिक्षा के बारे में अभ्यावेदन

5348. **श्री स० की० अमीन** : क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनके मंत्रालय को गुजरात राज्य में निशुल्क शिक्षा के बारे में राज्य सरकार द्वारा 3 मार्च, 1969 को पत्र संख्या 1069:16971 के अनुसार दी गई गलत जानकारी के सम्बन्ध में कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो क्या उनके मंत्रालय ने इसके बारे में सही जानकारी प्राप्त कर ली है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव): (क) इस विषय में, गजरात के माध्यमिक स्कूल के प्रधानाचार्य से एक पत्र फरवरी, 1969 में प्राप्त हुआ था और उन्हें इसका

उत्तर भेज दिया गया था जिसके साथ राज्य सरकार के उस पत्र की प्रति भी भेजी गई थी जिसमें इस विषय की जानकारी दी गई थी। कोई अभ्यावेदन अभी प्राप्त नहीं हुआ है ।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठता ।

Air Travel from Delhi to Nainital

5340. Shri Maharaj Singh Bharati: Will the Minister of **Tourism and Civil Aviation** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that there is a difference of few hours only between the travel by Car and that by air from Delhi to Nainital and therefore, air-travel could not become much popular; and

(b) if so, the efforts being made to improve this situation?

The Minister of Tourism and Civil Aviation (Dr. Karan Singh): (a) No, Sir. Travel by car from Delhi to Nainital takes about seven to eight hours. Air Journey from Delhi to Pantnagar takes just over one hour and the coach from Pantnagar airport takes 2½ hours to reach Nainital.

(b) Does not arise.

Establishment of Statutory Machinery for Inland River Transport

5350. Shri Bibhuti Mishra: Will the Minister of **Shipping and Transport** be pleased to state:

(a) whether Government propose to establish some suitable statutory machinery for Inland River Transport; and

(b) if so, the nature thereof?

The Deputy Minister in the Department of Parliamentary Affairs and Ministry of Shipping and Transport (Shri Iqbal Singh): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

Foreign Arms Unearthed

5351. Shri Hukam Chand Kachwai: Will the Minister of **Home Affairs be pleased to** refer to the reply given to Unstarred Question No. 7621 on the 25th April, 1969 and state:

(a) whether the information regarding the unearthing of foreign arms has since been collected;

(b) if so, the details thereof; and

(c) if not, when the same will be collected and laid on the Table of the House?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla): (a) Yes, Sir.

(b) and (c). A statement containing the required information is enclosed. **[Placed in Library. See No. LT-1906/69]**

Migration of 20 Rajasthan Families to Pak

5352. Shri Hukam Chand Kachwai: Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 6910 on the 18th April, 1969 regarding 20 Rajasthan families who had left for Pakistan and state:

(a) whether the required information has since been received from the State Government;

(b) if so, details thereof; and

(c) if not, the time by which information will be collected and placed on the Table of the House?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla): (a) Yes, Sir.

(b) A copy of the Statement, containing the requisite information is placed on the Table of the House.

(c) Does not arise. [*Placed in Library. See No. LT-1907/69*].

Recovery of Potassium in Calcutta

5353. **Shri Hukam Chand Kachwai:** Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state:

(a) whether Central Government have obtained information from the State Governmenrt of West Bengal regarding the recovery of 102 kilograms of Potassium Chlorate, which is used for the manufacture of bombs, from a person Bura in Bazar area of Calcutta in May, 1969;

(b) the estimate of the experts of Government regarding the number of bombs that could be manufactured with that material;

(c) the number of persons arrested in connection therewith and action taken against them by the State Government so far; and

(d) whether any of the arrested persons had any connection with any political party?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla): (a) The Government of West Bengal have reported that 102 kilograms of Potassium Chlorate was seized from a person in Bura Bazar area of Calcutta on 5th May, 1969.

(b) A large number of bombs could be manufactured with the seized material. The exact number of bombs will depend on the nature/size etc. of the bombs manufactured.

(c) One person has been arrested so far and a case under the Arms Act has been registered against him.

(d) No, Sir.

Employment of students obtaining degrees of Master of Technology from I.I.T., Kanpur

5354. **Shri Jagannath Rao Joshi:** Will the Minister of **Education and Youth Services** be pleased to state:

(a) the names of students who have obtained degrees of Master of Technology from Indian Institute of Technology Kanpur in December, 1968;

(b) how many of them are unemployed and reasons therefor; and

(c) the steps taken in regard thereto and results thereof?

The Minister of Education and Youth Services (Prof. V.K.R.V. Rao): (a) The following six students obtained the Master of Technology degree in 1968, from the Indian Institute of Technology, Kanpur:

1. Shri N. Chittaranjan
2. Shri R. P. Kumar
3. Shri R. M. Prasad
4. Shri R. C. Sachadeva
5. Shri G. K. V. S.M.V. Rao
6. Shri C. S. Krishnan

(b) Five are employed and on has gone to U.S.A. for higher studies.

(c) Does not arise.

रानीगंज कोयला क्षेत्र की एक कोयला खान में श्रमिकों पर अत्याचार

5355. **श्री ज्योतिर्मय बसु :**
श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री एस० एम० कृष्ण :
श्री स० कुन्दू :
श्री बेणी शंकर शर्मा :
श्री ए० श्रीधरन :
श्री देवेन सेन :
श्री यशपाल सिंह :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अगस्त के आरम्भ में झरिया के निकट रानीगंज कोयला क्षेत्र की बाड़गड़ कोयला खान के एक सहायक बंगले में कई कोयला खनिकों पर बुरी तरह अत्याचार किये गये थे;

(ख) क्या यह भी सच है कि उसके परिणामस्वरूप कुछ व्यक्ति मर गये तथा कुछ बुरी तरह घायल हो गये अथवा जल गये; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और इस मामले में क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल): (क) से (ग). बिहार सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार 2 अगस्त को जिला धनबाद के झारिया थाने के क्षेत्राधिकार में बरादीह के निकट कोयला खान में एक व्यक्ति के मरने और अन्य चार के घायल होने के संबंध में भारतीय दंड संहिता की धारा 34 के साथ पठित भारतीय दंड सहिता की धारा 302, 323, 324 और 342 के अन्तर्गत अपराधों की जांच की जा रही है। बरादीह कोयला खान के असिस्टेंट मैनेजर समेत 9 व्यक्तियों ने संबंधित न्यायालयों में आत्मसमर्पण किया है और यह भी मालूम हुआ कि उनकी जमानत की प्रार्थना रद्द कर दी गई है । चूंकि जांच-पड़ताल जारी है और आरोप गम्भीर अपराधों से संबंधित है तथा कुशल जांच पड़ताल और फिर उचित रूप से मुकदमा चलाये जाने के हित में अधिक ब्यौरा प्रकट करना इस अवस्था में उचित नहीं हो सकता है। स्थिति जिला अधिकारियों के पूर्णतया वश में है और यह भी बतलाया जाता है कि इलाके में स्थिति शान्तिपूर्ण है ।

चौथी पंचवर्षीय योजना में सड़क विकास योजनायें

5356. **श्री ज्योतिर्मय बसु :** क्या **नौवहन तथा परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चौथी पंचवर्षीय योजना में सड़क विकास योजनाओं पर राज्यवार कुल कितना धन नियत किया गया; और

(ख) क्या नियत की गई इस धन-राशि को सरकार पर्याप्त समझती है ?

संसद्-कार्य, नौवहन तथा परिवहन मंत्रालय में उप मंत्री (श्री इकबाल सिंह) : (क) और (ख). चौथी योजना के प्रारूप में राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में सड़कों के लिये आवंटन सूचित करने वाला एक विवरण संलग्न है। इन आवंटनों का निर्णय साधनों की उपलब्धता और अन्य विभिन्न क्षेत्रों की तुलनात्मक मांगों को दृष्टि में रखते हुए किया गया है ।

[पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 1908/69]

Money incurred on Central Intelligence Bureau

5357. **Shri Molahu Prashad:** Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state:

(a) the total amount of expenditure incurred on Central Intelligence Bureau during the last financial year;

(b) the number of I.P.S. officers in this Bureau;

(c) whether the services of this department are also utilised for collecting information for the party in power; and

(d) if not, the purpose of starting the offices of this Bureau at unimportant stations?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla): (a) the expendiutre incurred on the Central Intelligence Bureau is frunished in the Demands for Grants of the Ministry of Home Affairs for the year.1969-70, which has been laid on the Table of the House.

(b) It will not be in the public interest to give this information.

(c) & (d). The Intelligence Bureau is concerned with the collection of intelligence which has relevance to the Security of the Nations.

For the above purpose, offices are located wherever necessary.

नेफा में इमारती लकड़ी तथा बांसों की बिक्री

5358. **श्री वि० ना० शास्त्री :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नेफा प्रशासन ने अपने क्षेत्र में इमारती लकड़ी तथा बांस बेच कर काफी धन कमा लिया है; और

(ख) यदि हां, तो 1967-68 और 1968-69 में कुल कितनी आय हुई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) और (ख). इमारती लकड़ी इत्यादि की बिक्री से नेफा प्रशासन द्वारा अर्जित राजस्व की राशि इस प्रकार है :—

	रु०
1967–68	88,87,514
1968–69	93,74,093

Cases Referred to CBI. in M.P.

5359. **Shri G. C. Dixit:** Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state:

(a) the number of cases referred to the Central Bureau of Investigation in Madhya Pradesh during 1968 and the nature thereof; and

(b) the number of cases on which Central Bureau of Investigation gave its verdict in 1968?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla): (a) & (b). A statement is placed on the table of the House. [Placed in Library. See No. LT-1909/(69].

Central Government Officers in M.P. suspended for misbehaviour and other reasons

5360. **Shri G. C. Dixit.** Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state:

(a) the number of Central Service officers working in Central Government offices in Madhya Pradesh who had been suspended due to misbehaviour with the public or for certain other reasons during the last three years; and

(b) the number of officers now under suspension and the number of officers against whom departmental and judicial enquiry has been held?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla): (a) & (b). The information is being collected and will be placed on the table as soon as possible.

Construction of Rest Houses etc. in M.P.

5361. **Shri G. C. Dixit:** Will the Minister of **Tourism and Civil Aviation** be pleased to state:

(a) whether Central Government have considered the proposal of Madhya Pradesh Government for partly financing the construction of Rest Houses, Holiday Homes and Rest Rooms in order to make proper accommodation available to the tourists;

(b) if so, the details of the proposal; and

(c) the decision taken thereon?

The Minister of Tourism and Civil Aviation (Dr. Karan Singh): (a) No such proposal has been received from the State Governments.

(b) & (c). Do not arise.

Assistance for Development of Languages in M.P.

5362. **Shri G. C. Dixit:** Will the Minister of **Education and Youth Services** be pleased to state:

(a) the financial or other kind of assistance given to Madhya Pradesh for the development of languages during the period 1965-66 to 1967-68;

(b) if no assistance has been given the reasons therefor ; and

(c) the manner in which the State Government spent the amount on the development of regional languages?

The Minister of Education and Youth Service (Dr. V.K.R.V. Rao): (a) The following financial assistace was rendered to Mahdya Pradesh for development of Sanskrit and Urdu during 1965-66 to 1967-68:

Purpose	1965-66	1966-67	1967-68
Financial assistance to Government of M.P. for—			
(i) Grant of scholarships to Sanskrit students of High and Higher Secondary Schools	26,640	26,640	26,640
(ii) Providing facilities for the teaching of Sanskrit in Secondary Schools	Nil	Nil	5.000
(iii) Publication of a Urdu Books . . .	Nil	Nil	3,000
(b) The question does not arise.			

(c) As no central assistance was rendered by the Government of India during this period for the development of regional languages, the question does not arise.

शान्ति कार्यों के लिए अनाज योजना

5363. **श्री वि० नरसिम्हा राव** : क्या **नौवहन तथा परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संयुक्त राज्य व्यापार संघ के नेता श्री पार्क हाल ने भारत सरकार पर यह आरोप लगाया है कि वह अमरीकी कानूनों का अतिक्रमण करने और शान्ति कार्यों के लिये अनाज भेजने के सम्बन्ध में अमरीकी श्रम करारों के सम्बन्ध में हस्तक्षेप करने का प्रयत्न कर रही है;

(ख) क्या भारतीय सप्लाई मिशन ने यह मांग की है कि किसी हड़ताल से होने वाली हानि के लिये अमरीकी जहाज मालिकों को गारंटी दी जाये; और

(ग) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

संसद-कार्य नौवहन तथा परिवहन मंत्रालय में उप मंत्री (श्री इकबाल सिंह) : (क) से (ग). माननीय सदस्य का ध्यान 21 अगस्त, 1969 को लोक-सभा में लिखित प्रश्न संख्या 4420 का श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री द्वारा दिये उत्तर की ओर आकर्षित किया जाता है ।

राज्यों को राष्ट्रीय योग्यता दल के नियंत्रण का हस्तांतरण

5364. **श्री स० मो० बनर्जी** : क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राज्यों को राष्ट्रीय योजना दल के नियंत्रण का हस्तांतरण करने का निर्णय करते समय यह निर्णय भी किया गया था कि कार्यक्रम की क्रियान्विति की निगरानी केन्द्रीय अभिकरण द्वारा अपने तकनीकी विभाग तथा राज्य के निरीक्षालय के माध्यम से की जायेगी; और

(ख) यदि हां, तो इस निर्णय को क्रियान्वित करने के लिये क्या तरीका निकाला गया है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव): (क) और (ख). विवरण संलग्न है ।

विवरण

सम्पर्क, नमूना परीक्षण, मूल्यांकन आदि के लिये केन्द्र तथा राज्य स्तर पर प्रस्तावित पर्यवेक्षी कर्मचारी ढांचे पर विचार विमर्श करने के लिये अप्रैल, 1965 में राज्यों के प्रतिनिधियों का एक सम्मेलन हुआ था ।

राष्ट्रीय अनुशासन योजना का विकेन्द्रीकरण करने का निर्णय कर लिया गया है और राष्ट्रीय अनुशासन योजना के शिक्षकों को राज्यों को हस्तांतरित करने की शर्तें तय की जा रही हैं । इस योजना का विकेन्द्रीकरण किये जाने के निर्णय को देखते हुए राष्ट्रीय योग्यता दल के कार्यक्रम की क्रियान्विति के लिए सरकार का कोई केन्द्रीय अभिकरण स्थापित करने का विचार नहीं है ।

पंजाबियों के साथ कथित भेदभाव

5365. **श्री हेमराज :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पंजाबियों के साथ भेद भाव किये जाने के सम्बन्ध में पंजाब सरकार के द्वारा जांच दल स्थापित करने के बारे में "ट्रिब्यून" (पंजाब) के 15 जून, 1969 के अंक में प्रकाशित समाचार की ओर सरकार का ध्यान दिलाया गया है; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में केन्द्रीय सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) सरकार के ध्यान में उक्त समाचार आया है । तथापि, राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार पंजाब के मुख्य मंत्री ने प्रेस को ऐसा कोई वक्तव्य नहीं दिया है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

भारतीय नौवहन निगम द्वारा किये गये व्यापार का मूल्य तथा आकार

5366. **श्री देवेन सेन** : क्या **नौवहन तथा परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि भारतीय नौवहन निगम ने बम्बई, कलकत्ता और मद्रास में अलग-अलग 1965–66 से 1968–69 तक वर्षवार कितने मूल्य का और कितना व्यापार किया ?

संसद् कार्य, नौवहन तथा परिवहन मंत्री (श्री के० रघुरमैया): 1965–66 से 1968–69 के दौरान बम्बई, कलकत्ता और मद्रास में शिपिंग कारपोरेशन द्वारा धरा-उठाई किये गये व्यापार की कुल मात्रा और इन पत्तनों पर इसकी कुल परिचालन कमाई संलग्न विवरण में सूचित की गई है । **[पुस्तकालय में रखा गया देखिये संख्या एल० टी 1910/69]**

नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय संग्रहालय के लिए सुरक्षा की व्यवस्था

5367. **श्री भगवान दास** : क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि दुर्लभ और मूल्यवान वस्तुओं की चोरी की घटनाओं को रोकने के लिये राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली में यदि सुरक्षा के कोई उपाय किये गये हैं, तो वे क्या हैं ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली में दुर्लभ और मूल्यवान प्रदर्शों की चोरियां रोकने के लिए निम्नलिखित सुरक्षा संबंधी उपाय किये गये हैं :—

(1) सभी खिड़कियों और नीचली पहली और दूसरी मंजिलों के सभी भेद्य स्थानों तथा दरवाजों पर लोहे की सलाखें और दबने वाले फाटक लगा दिए गए हैं । इनमें, प्रवेश की परछत्ती के ऊपर, प्रथम मंजिल के गोलाकार भवन पर खुलने वाले स्थानों पर लगाई गई तीन बड़े सलाख भी शामिल हैं ।

(2) दीर्घाओं के पुराने सभी ताले बदल दिए गए हैं ।

(3) तीनों मंजिलों की सभी दीर्घाओं के दरवाजों पर सरकने वाले बोल्ट लगाए गए हैं । दीर्घाओं के दरवाजों पर चरखनियां भी लगाई गई हैं ।

(4) भवन के अन्दर और बाहर विभिन्न मंजिलों पर अलग-अलग स्थानों पर सूचक घड़ियां लगा दी गई हैं ।

(5) दीर्घाओं में छिपने और सभी संभव स्थानों को समाप्त करने के लिए कुछ परिवर्तन किए गए हैं ।

(6) एक बिजली की गजर घंटी लगाई गई है।

(7) राष्ट्रीय संग्रहालय के अभीक्षकों (केयरटेकरों) और सुरक्षा सहायक को कार्यालय समय के बाद भी चौकीदारी आदि पर प्रभावशाली निगरानी रखने के लिए रात की ड्यूटी पर भी लगा दिया गया है ।

(8) संग्रहालय भवन के समीप के सभी वृक्षों के, जो भवन पर छाया डालते थे और जो छिपने के स्थान भी साबित हो सकते थे, काट डाला गया है ।

(9) खिड़कियों और छतों तक जाने वाले सभी रोशनदानों, खिड़कियों, जल-निकासों और पानी के पाईपों पर कांटेदार द्वार लगा दिए गए हैं । और उन्हें कांक्रीट मिश्रण से ढक दिया गया है ।

(10) संग्रहालय भवन के तीन ओर को 'जे' कोण किस्म की कटीली तार से पूरी तरह ढक दिया गया है ।

(11) संग्रहालय भवन के चारों ओर पुंज प्रकाश की व्यवस्था कर दी गई है ।

देश में सडक दुर्घटनाओं में वृद्धि

5368. **श्री देवकी नन्दन पाटोदिया :**

श्री विभूति मिश्र : क्या **नौवहन तथा परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या गत तीन वर्षों से बढ़ गई है;

(ख) यदि हां, तो क्या राष्ट्रीय स्तर पर समूचे मामले की जांच करने तथा उसमें सुधार करने के उपाय सुझाने के लिये एक समिति नियुक्त करने की वांछनीयता पर सरकार ने विचार किया है; और

(ग) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार ने यदि कोई उपाय किये हैं तो वे क्या हैं ?

संसद कार्य, नौवहन तथा परिवहन मंत्रालय में उप मंत्री (श्री इकबाल सिंह) : (क) अपेक्षित सूचना राज्य सरकारों तथा संघ प्रशासित प्रशासनों से एकत्रित की जा रही है और प्राप्त होने पर सभा पटल पर रख दी जायेंगी ।

(ख) और (ग). सड़क सुरक्षा के सम्पूर्ण प्रश्न की जांच करने के लये सरकार ने पहले ही एक पांच सदस्यीय अध्ययनदल की नियुक्ति की है । इस दल के मुख्य विचारार्थ विषय निम्न प्रकार हैं:—

(1) भारत में नगरी क्षेत्रों और राजमार्गों दोनों पर सड़क दुर्घटनाओं के आपात की जांच करना, ऐसे दुर्घटनाओं के कारणों को अभिनिश्चिय करना और ऐसे सड़क दुर्घटनाओं के बारे में आंकड़े । सांख्यिकी को संग्रह और विश्लेषण करने के लिये

समुचित संगठित ढांचे का सुझाव देना ।

(2) सड़क सुरक्षा में सड़क प्रयोक्ताओं की शिक्षा के लिये और यातायात विधियों और विनियमों के सुचारू परावर्तन के लिये उपायों का सुझाव देना और सड़कों में अधिकतम संभव सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिये सड़कों में सुधार कैसा आवश्यक हो, की सिफारिश करना ।

केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों में हिन्दी आशुलिपिकों की कमी

5369. श्री तुलसी दास दासप्पा : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों में हिन्दी आशुलिपिकों की बहुत कमी है;

(ख) क्या यह भी सच है कि संघ लोक सेवा आयोग द्वारा कड़ी परीक्षा लिये जाने के कारण बहुत से व्यक्तियों को अवसर नहीं मिल रहा है; और

(ग) यदि हां, तो इस समस्या का हल करने के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) जी नहीं, श्रीमान् ।

(ख) हिन्दी आशुलिपिकों की भर्ती अभी तक संघ लोक सेवा आयोग के माध्यम से नहीं की गई है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

उड़ीसा में चिल्का झील का पर्यटक केन्द्र के रूप में विकास

5370. श्री चिन्तामणि पाणिग्रही : क्या **पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उड़ीसा में चिल्का झील पर्यटक केन्द्र के रूप में अग्रतर विकास करने के लिये चौथी योजना में धन नियत करने के लिये कोई व्यवस्था की गई है;

(ख) यदि हां, तो स्वीकृत योजना तथा नियत की गई राशि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस प्रयोजन के लिये वर्ष 1969–70 में कितना धन नियत किया गया है और कौन कौन सी योजनाएं पूरी करने का विचार है ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह): (क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठते ।

राज्य लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों की नियुक्ति

5371. श्री चिन्तामणि पाणिग्रही : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार द्वारा राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति के बारे में केन्द्रीय सरकार ने विभिन्न राज्य सरकारों की राय प्राप्त की थी; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में विभिन्न राज्य सरकारों के विचार क्या हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल): (क) जी नहीं, श्रीमान् ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

दिल्ली पुलिस के कर्मचारियों के वेतनक्रम

5372. **श्री अब्दुल गनी दार** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली पुलिस कर्मचारियों को पंजाब पुलिस कर्मचारियों की अपेक्षा कम वेतनक्रम मिल रहा है; और

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) जी हां, श्रीमान् ।

(ख) दिल्ली पुलिस के कर्मचारियों के वेतनमान अन्य केन्द्रीय संगठनों में तदुनुरूप पदों के वेतनमानों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित किये गये हैं ।

घुसपैठियों का देश में आना

5373. **श्री अब्दुल गनी दार** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि हमारे राज्यक्षेत्र में कितने घुसपैठिये आये और उनमें से कितने मारे गये, कितने पकड़े गये और कितने अभी तक फरार है और जिनकी तलाश है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल): 1 जनवरी, 1969 से 31 जुलाई, 1969 तक की अवधि में भारत-पाकिस्तान सीमा पर भारत में अवैध प्रवेश के लिये पकड़े गये पाकिस्तानी राष्ट्रिकों की संख्या 2634 है । एक पाकिस्तानी राष्ट्रिक अवैध प्रवेश के लिये पकड़ने की प्रक्रिया सिलसिले में मुठभेड़ में मारा गया । सभी पकड़े गये पाकिस्तानी राष्ट्रिक स्थानीय पुलिस को उनके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के लिए सौंप दिये गये थे ।

सीमावर्ती क्षेत्रों में चीन तथा पाकिस्तान के एजेन्टों द्वारा थानों का लूटा जाना

5374. **श्री अब्दुल गनी दार** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत दो वर्षों में प्रत्येक वर्ष में जम्मू तथा काश्मीर, नेफा, नागालैण्ड और राजस्थान सीमा क्षेत्र में चीनी और पाकिस्तानी एजेंटों द्वारा पृथक्-पृथक कितने थाने जलाये गये, लूटे गये अथवा उन पर हमला किया गया;

(ख) इनमें कितने पुलिसमैन मरे अथवा गम्भीर रूप से घायल हुए; और

(ग) कितने शत्रु मारे गये अथवा गिरफ्तार किये गये ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरणशुक्ल) : (क) सरकार के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार पाकिस्तानी एजेन्टों द्वारा गत दो वर्षों में जम्मू व काश्मीर, नेफा,

नागालैंड और राजस्थान में किन्हीं पुलिस स्टेशनों को जलाया, लूटा अथवा उन पर आक्रमण नहीं किया गया है।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

संघ लोक सेवा आयोग की स्टेनोग्राफरों की परीक्षा

5375. **श्री गडिलिंगन गौड** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि संघ लोग सेवा आयोग की स्टेनोग्राफरों की परीक्षा अपनी विशिष्टता के कारण सबसे कठिन है;

(ख) क्या यह भी सच है कि केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के द्वारा संघ लोक सेवा आयोग की स्टेनोग्राफरों की परीक्षा में दो अवसरों पर ही बैठने की पाबन्दी से योग्य और अनुभवी स्टेनो-ग्राफरों की उपलब्धता में कठिनाई पेश आ रही है;

(ग) क्या सरकार का विचार इस परीक्षा की विशेषताओं के कारण इस विषय पर पुन: विचार करने और सेवा कर रहे कर्मचारियों के द्वारा परीक्षा में बैठने की आयु बढ़ाने और दो अवसरों की शर्त हटाने का है; और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) यह अपने-अपने मत की बात है।

(ख) और (ग) जी नहीं, श्रीमान्।

(घ) वर्तमान व्यवस्था के अनुसार संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली गई परीक्षा के आधार पर अपेक्षित संख्या में उपयुक्त उम्मीदवारों का चयन किया जाता है।

बेगमपट पर टर्मिनल केन्द्र का निर्माण

5376. **श्री गाडिलिंगन गौड** : क्या **पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बेगमपट पर 84 लाख रुपये की लागत से एक नये टर्मिनल केन्द्र का निर्माण किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो इसके किस तारीख तक पूरा हो जाने की सम्भावना है;

(ग) क्या यह भी सच है कि बेगमपट में मुख्य विमान अवतरण पथ को 33.38 लाख रुपये की लागत से मजबूत बनाने के कार्य को मंजूरी दे दी गई है; और

(घ) यदि हां, तो इसे कब तक पूरा कर लिया जायेगा ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह : (क) जी हां।

(ख) 1970 के अन्त तक इस कार्य के पूरा हो जाने की सम्भावना है।

(ग) जी, हां।

(घ) कार्य के नवम्बर, 1969 में आरम्भ किये जाने की सम्भावना है और इसे पूरा करने में लगभग 16 महीने लगेंगे।

विजयवाड़ा हवाई अड्डे पर टर्मिल केन्द्र का निर्माण

5377. **श्री गार्डिलिंगन गौड** : क्या **पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विजयवाड़ा हवाई अड्डे पर एक नये टर्मिनल केन्द्र का निर्माण करने के बारे में विचार किया जा रहा था; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या परिणाम निकले हैं ?

पर्यटन असैनिक उड्डयन तथा नागर विमान, मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) जी, हां

(ख) विजयवाड़ा विमान क्षेत्र पर एक टर्मिनल काम्पलेक्स के निर्माण का प्रस्ताव चौथी पंचवर्षीय योजना में साधनों के अत्यन्त परिसीमित होने के कारण छोड़ देना पड़ा है।

विदेशों में अध्ययन कर रहे भारतीय विद्यार्थी

5378. **श्री गार्डिलिंगन गौड़** : क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री विदेशों में अध्ययन कर रहे भारतीय विद्यार्थियों के बारे में 14 मार्च, 1969 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3047 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भाग (ख) तथा (ग) के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध न होने के क्या कारण हैं;

(ख) क्या उनके अवधि से अधिक ठहरने के सम्बन्ध में सरकार द्वारा अनुमति दी गई थी; और

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव): (क) विदेश जाने वाले 13,299 विद्यार्थियों में से 12,115 अपने आप गये थे। चूंकि यह मंत्रालय प्राइवेट विद्यार्थियों के मामलों का आयोजन नहीं करता है इसलिए यह उनके रिकार्ड भी नहीं रख सकता। बाकी 1,184 विद्यार्थी इस मंत्रालय द्वारा आयोजित छात्रवृत्ति योजनाओं के अन्तर्गत बाहर गये थे। इनमें से केवल आठ विद्यार्थी उस अवधि से अधिक रहे हैं जितनी अवधि की उनको अनुमति दी गई थी।

(ख) और (ग) आठ विद्यार्थियों ने जो अधिक ठहरें हैं, भारत सरकार को उनके द्वारा प्रेषित बांड की शर्तों का उल्लंघन किया है बांड की धन राशि को वसूल करने के लिये आवश्यक उपाय किये गये हैं।

हुसैनीवाला सीमा में पकड़े गये विदेशी

5379. **श्री अब्दुल गनी दार** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हाल के तीन महीनों में हुसैनीवाला सीमा पर कोई विदेशी पकड़े गये हैं; और

(ख) यदि हां, तो पकड़े गये व्यक्तियों के नाम तथा पते क्या हैं और किन अपराधों के लिये उनको पकड़ा गया ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) और (ख) : हुसैनीवाला सीमा पर अप्रैल, मई और जून 1969 के महीनों में पकड़े गये विदेशियों के ब्यौरे का एक विवरण सदन के सभा पटल पर रखा जाता है। **[पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 911/69]**

Jativad Unmoolan Samiti Delegation

5380. **Shri Ramavatar Shastri:** Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a delegation of 'Jativad Unmoolan Samiti' Delhi met the Prime Minister on the 26th May, 1969;

(b) if so, whether it is also a fact that they submitted a memorandum to the Prime Minister;

(c) if so, the details thereof; and

(d) the reaction of Government thereto?

The Minister of State In The Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla): (a) and (b) Yes, Sir.

(c) The Shankaracharya of Puri was criticised for his views regarding untouchability and demand was made for his removal from the seat of Shankaracharya and for the forefeiture of all copies of the monthly "Kalyan" of October, 1967.

(d) It is not for the Govrnment to remove the Shankaracharya from his seat. The remarks of the Shankaracharya that appeared in the October, 1967 issue of 'Kalyan' were examined and were found to be not actionable under the law.

Administrative Reforms Commission's Recommendations on Selection of Members of U.P.S.C

5381. **Shri Valmiki Choudhary:** Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state:

(a) whether the Administrative Reforms Commission has suggested in its Report submitted recently that two-third of the Members of the Union Public Service Commission should be selected from amongst the Chairmen and Members of the State Public Service Commissiosns; and

(b) if so, whether the Central Government have taken any decision in this regard?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla): (a) The relevant recommendation of the Commission is contained in Chapter VI of it s Report on "Personnel Administration" copies of which have been placed in the Parliament Library.

(b) The report is under examination.

Police Training Institute at Siraska (Alwar)

5382. **Shri Bhola Nath Master:** Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state:

(a) whether it is proposed to open a Police Training Institute at Siraska in Alwar District; and

(b) if so, the details of the scheme and the number of trainees to be admitted there?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla): (a) No, Sir

(b) Does not arise.

उड़ीसा में माओ के इश्तिहारों का पाया जाना

5383. **श्री रवि राय :**
श्री राम सिंह अयरवाल :
श्री भारत सिंह चौहान :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी :
श्री एस० कुण्डू :
श्री ओंकार लाल बेरवा:
श्री शशि भूषण :
श्री श्रद्धाकर सूपकार :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 25 जून, के 'समाज' (एक उड़िया दैनिक समाचारपत्र) में प्रकाशित हुए इस समाचार की ओर उनका ध्यान दिलाया गया है कि उड़ीसा में कुछ गांवों में चीनी भाषा में माओ-त्से-तुंग के इश्तिहार पाये गये थे;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इन घटनाओं की विस्तृत जांच की है और यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले हैं; और

(ग) अपराधियों का पता लगाने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

गृह -कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) जी हां, श्रीमान् ।

(ख) तथा (ग). उड़ीसा सरकार से प्रेषित सूचना के अनुसार 22 जून, 1969 को कटक जिले में धर्मशाला पुलिस थाने के अन्तर्गत गांवों के आस-पास के स्थानों में रात्रि को हजारों पर्चे आकाश से गिरे । पर्चों के एक पृष्ट पर माओ-त्से-तुंग और लिन पिआओ के चित्र थे । पर्चे की दूसरी ओर चीनी भाषा में कुछ लिखा था । राज्य सरकार के अनुसार यह मालूम पड़ता है कि प्रचार सामग्री चीन गणतंत्र की जनता के लिये थी किन्तु फारमूसा या हांगकांग में अड्डों से छोड़े गये गुब्बारे सम्भवत: दक्षिण-पश्चिम मानसूनी हवा के कारण उड़कर भारत की ओर आ गये हों ।

काश्मीर में साम्प्रदायिक दंगों सम्बन्ध दयाल आयोग

5384. **श्री रवि राय :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनका ध्यान काश्मीर राज्य में वर्ष 1967 में हुए साम्प्रदायिक दंगों की जांच करने के लिये नियुक्त किये गये दयाल आयोग के निष्कर्षों की ओर आकर्षित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या उन्हें इस तथ्य का ज्ञान है कि आयोग ने उच्चम स्तर पर त्रुटियों के लिये सरकार को दोषी ठहराया है; और

(ग) सरकार ने भविष्य में राज्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आयोग निष्कर्षों पर क्या कार्यवाही की है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल : (क) से (ग) तक दयाल आयोग का प्रतिवेदन जम्मू व काश्मीर सरकार को प्रस्तुत किया गया था जिन्होंने जांच आयोग की नियुक्ति

राज्य में दंगों की जांच करने के लिये की थी। प्रतिवेदन के बारे में तथ्य राज्य सरकार से मालूम किये जा रहे हैं।

विभिन्न भारतीय भाषाओं में उच्चतर अध्ययन की पुस्तकों का अनुवाद

5385. श्री रवि राय : क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने उच्च अध्ययन की पुस्तकों के विभिन्न भाषाओं में अनुवाद करने के लिये विभिन्न राज्यों को दिये गये 1 करोड़ रुपए के अनुदान के उपयोग के सम्बन्ध में विभिन्न राज्यों में अब तक किये गये कार्य का पुनर्विलोकन किया है; और

(ख) यदि हां, तो इस दिशा में विभिन्न राज्यों द्वारा की गई प्रगति का ब्यौरा क्या है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) और (ख). विश्वविद्यालय स्तर पर शिक्षा के माध्यम के रूप में भारतीय भाषाओं में साहित्य के निर्माण के लिए केन्द्र-प्रायोजित योजना, जिसके अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार छः वर्ष की अवधि के लिए प्रत्येक राज्य सरकार को एक-एक करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता देने के लिए सहमत हो गई है, 1968-69 में प्रारम्भ की गई थी। इस संबध में सरकार ने राज्य सरकारों के पास मार्गदर्शी रूपरेखा भेजी थी जिसके अन्तर्गत पुस्तक निर्माण के लिए कार्यक्रम प्रारम्भ करने के वास्ते स्वायत्त बोर्ड/विभागीय एजेन्सियां स्थापित करनी थी तथा अपनी-अपनी योजनाओं के लिए एक विस्तृत रूपरेखा तैयार करनी थी। मार्गदर्शी रूपरेखा के अनुसार राज्य सरकारों द्वारा तैयार की गई योजनाओं के आधार पर, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मद्रास, मैसूर, केरल, प० बंगाल, असम और महाराष्ट्र की राज्य सरकारों को 1968-69 के दौरान 34,47,828। रुपये के अनुदान दिए गए थे।

अभी तक प्राप्त सूचना के अनुसार, अनुबंध में वर्णित 15 राज्य सरकारों ने बोर्ड स्थापित किए हैं। एक विवरण भी संलग्न है जिसमें विभिन्न राज्यों द्वारा इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रकाशित अथवा प्रकाशन के लिए प्रारम्भ की गई पुस्तकों की सूची दी गई है। **[पुस्तकालय में रखा गया देखिये संख्या एल० टी० 1912/69]**

भाषाएं पाने की सरल प्रणाली

5386. श्री दी० चं० शर्मा : क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में भाषाओं के पढ़ाने के लिये एक सरल प्रणाली की आवश्यकता पर विचार करने के लिये कोई प्रयास किये गये हैं;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं और इस दिशा में क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) जी हां। उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में दूसरी भाषा के रूप में भारतीय भाषाओं को पढ़ाने के विधान पर एक सम्मेलन 11 से 13 नवम्बर 1968 तक नई दिल्ली में हुआ। अभी हाल में 17 जुलाई, 1969 को भारतीय

भाषाओं के विकास के लिए भारत सरकार ने भारतीय भाषाओं को केन्द्रीय संस्थान की स्थापना की है संस्थान का एक कार्य, भाषाओं के शिक्षण को सरल बनाने के लिए तकनीकों का निर्माण करना, विभिन्न भाषाओं को सीखने में लगने वाले समय में कमी करना और विभिन्न भाषाओं के लिए बुनियादी शब्द तैयार करना होगा ।

(ख) और (ग). भारतीय भाषाओं के शिक्षण के विधान पर हुए सम्मेलन की सिफारिशें निम्नलिखित से संबधित थी :—

उपयुक्त पाठ्यक्रमों का विकास, अध्यापकों का प्रशिक्षण, स्कूल स्तर पर दूसरी भाषा के रूप में भाषाओं के शिक्षण में उत्पन्न उद्देश्यों के संदर्भ में अनुसंधान और पाठ्यक्रमों के लिए आवश्यक पर्याप्त सामग्री तैयार करना । इन सिफारिशों पर और कार्रवाई राज्य सरकारों, केन्द्रीय हिन्दी शिक्षण मंडल, आगरा, केन्द्रीय अंग्रेजी संस्थान हैदराबाद, और भाषा संबंधी संस्थानों के साथ सलाह करके की जा रही है । मंत्रालय ने, कार्रवाई संबंधी कार्यक्रमों के विकास के लिए ठोस प्रस्ताव तैयार करने के वास्ते, संबंधित सिफारिशें इन संगठनों के पास भेज दी है ।

बद्रीनाथ में एक होटल खोलना

5387. **श्री दी० चं० शर्मा** : क्या **पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिये बद्रीनाथ में एक होटल खोलने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या उत्तर प्रदेश सरकार ने इस सम्बन्ध में कोई सहायता मांगी है ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह (क), (ख) और (ग). इस क्षेत्र में तीर्थ यात्रियों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये उत्तर प्रदेश सरकार की बद्रीनाथ में 40 शय्याओं वाला एक छोटा होटल बनाने की योजनाएं हैं । इसके लिये फण्डों की व्यवस्था "बोर्डर रोड" क्षेत्र विकास स्कीम के अंश के रूप में भारत सरकार द्वारा की जायेगी ।

पुरी के शंकराचार्य के विरुद्ध आरोप

5388. **श्री भोगेन्द्र झा** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पुरी के शंकराचार्य के भूतपूर्व सचिव ब्रह्मचारी शन्ति प्रकाश ने पुरी के वर्तमान शंकराचार्य श्री चन्द्र शेखर शास्त्री के विरुद्ध गम्भीर आरोप लगाये हैं;

(ख) यदि हां, तो लगाये गये उन आरोपों की मुख्य-मुख्य बातें क्या हैं और सरकार की उन पर क्या प्रतिक्रिया है ;

(ग) क्या धर्मादा आयुक्त ने पुरी मठ के हिसाब-किताब की लेखा परीक्षा तथा जांच की है और यदि हां, तो इसके क्या परिणाम निकले हैं; और

(घ) क्या यह भी सच है कि वर्तमान शंकराचार्य ने अपनी यात्राओं में एकत्रित किये गये धन को दिल्ली, बम्बई, नागपुर, इलाहाबाद और अन्य स्थानों में बैंकों में जमा किया है तथा मठ में वह धन नहीं लाया गया ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) से (घ). अपेक्षित सूचना उड़ीसा सरकार से एकत्र की जा रही है जो संविधान की सातवीं अनुसूची की संवर्ती में क्रम संख्या 28 पर प्रवृष्टि के अनुसार विषय वस्तु से सम्बन्धित है । सूचना प्राप्त होने पर सदन के सभा पटल पर रख दी जायगी ।

दरियागंज (दिल्ली) अग्निकांड

5389. श्री अब्दुल गनी दार :
श्री धीरेश्वर कलिता :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि :

(क) क्या यह सच है कि हाल में दरियागंज (दिल्ली) में हुए एक भयानक अग्निकाण्ड में कई दर्जन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी ;

(ख) यदि हां तो क्या कोई जांच की गई थी और क्या पीड़ित व्यक्तियों को कोई प्रतिकर दिया गया था ; और

(ग) क्या पीड़ित व्यक्तियों को प्रधान मंत्री सहायता कोष से भी कोई सहायता दी गई थी ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) 26-6-1969 को दरियागंज में अग्निकांड के कारण 17 व्यक्तियों की जाने गई ।

(ख) इस मामले में जिला तथा सेशन जज द्वारा एक जांच कराने के लिए दिल्ली के उप-राज्यपाल ने आदेश दिया है । दिल्ली प्रशासन द्वारा कोई सहायता नहीं दी गई है ।

(ग) प्रधान मंत्री राष्ट्रीय सहायता कोष से कोई अनुदान नहीं दिया गया था ।

आसूचना ब्यूरों और केन्द्रीय जांच ब्यूरों में काम करने वाले कर्मचारी

5390. श्री शारदा नन्द : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि :

(क) आसूचना ब्यूरो तथा केन्द्रीय जांच ब्यूरों में कितने लोअर डिवीजन क्लर्क, अपर डिवीजन क्लर्क और असिस्टेंट गत तीन वर्षो से एक ही पद पर काम कर रहे हैं,

(ख) उक्त अवधि में इन विभागों में कितने लोअर डिवीजन क्लर्को, अपर डिवीजन क्लर्को और असिस्टैंटों की पदोन्नति की गई है ; और

(ग) कितने लोअर डिवीजन क्लर्क, अपर डिवीजन क्लर्क और असिस्टेंट गत वर्षो से एक ही पद पर आठ काम कर रहे है और उनकी पदोन्नति न होने के क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल)

(क) निम्न श्रेणीलिपिक — [439
उच्च श्रेणी लिपिक — [246
सहायक — 224

(ख)	निम्न श्रेणी लिपिक	—	57
	उच्च श्रेणी लिपिक	—	58
	सहायक	—	15
(ग)	निम्न श्रेणी लिपिक	—	66
	उच्च श्रेणी लिपिक	—	129
	सहायक	—	125

इन पदों पर पदोन्नति वरीयता व उपयुक्तता अथवा सीमित प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर की जाती है। न्यूनतम सेवा अवधि, अपेक्षित वरीयता, उपयुक्तता, विशेषज्ञता, जहां अपेक्षित हो तथा निर्धारित परीक्षाओं में अर्ह-अंक प्राप्त करना पदोन्नति के लिए पात्रता की अपेक्षाओं में से है इन अपेक्षाओं को पूरा न किया जाना पदोन्नति के लिए उन पर विचार न किये जाने के कारण हैं।

गांधी शताब्दी वर्ष में बन्दियों के कारावास की अवधि कम करना

5391. **श्री मधु लिमये :** **श्री क० मि० मधुकर :**
श्री यशवन्त सिंह कुशवाह : **श्री भोगेन्द्र झा :**
श्री योगेन्द्र शर्मा : **श्री रामावतार शास्त्री :**
श्री चन्द्र शेखर सिंह :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कितने राज्यों ने इस गांधी शताब्दी वर्ष में बन्दियों के कारावास की अवधि कम करने अथवा उन्हें क्षमादान देने का निर्णय किया है ;

(ख) उनके नाम क्या हैं और कितने बन्दियों को यह लाभ दिया गया है ; और

(ग) इस निर्णय को क्रियान्वित करने के लिए अन्य राज्यों को सहमत कराने के लिए सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) और (ख). राज्यों से प्राप्त सूचना संलग्न विवरण में दी गई है। **[पुस्तकालय में रखा गया, देखिये संख्या एल० टी० 1913/69]**

(ग) भारत सरकार ने राज्य सरकारों को इस अवसर पर बन्दियों को छूट देने की वांछनीयता पर विचार करने के लिए पहले ही सुझाव दिये हैं।

गृह कल्याण केन्द्र

5392. **श्री महन्त दिग्विजय नाथ :**
श्री रामावतार शर्मा :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि उनके मंत्रालय के अन्तर्गत गृह कल्याण केन्द्र नामक एक विभाग काम कर रहा है ;

(ख) यदि हां, तो इस विभाग द्वारा क्या कार्य किया जाता है, इस विभाग के इन्चार्ज का नाम क्या है, इस विभाग में विभिन्न पदों पर कुल कितने व्यक्ति काम कर रहे हैं।

(ग) गत तीन वर्षों में प्रति वर्ष कितना व्यय किया गया, व्यय की मद क्या है तथा इस विभाग की सफलतायें क्या हैं ; और

(घ) दिल्ली और नई दिल्ली में सरकारी कालोनियों में विभिन्न गृह कल्याण केन्द्र किसकी देख रेख में काम करते हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री के० एस० रामास्वामी) : (क) गृह कल्याण केन्द समिति पंजीकृत अधिनियम, 1960 के अधीन पंजीकृत एक समिति है और गृह मंत्रालय के अधीन कार्य कर रही है ।

(ख) यह निम्नलिखित ढंग से केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के कल्याण को बढ़ावा देने का उत्तरदायी है ।

(1) केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों के लिये शिल्प जैसे सिलाई, कढ़ाई बुनाई आदि में प्रशिक्षण सुविधाओं की व्यवस्था ।

(2) मध्यम व निम्न वेतन पाने वाले केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के बच्चों के लिए बालकक्षाएं चलाना ।

(3) शैक्षिक तथा मनोरंजनात्मक कार्यक्रमों, छुट्टियों में यात्रा, आदि जैसे सामान्यमिति दाह्य कल्याण कार्यों का प्रबन्ध करना ।

(4) केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के परिवारों की नौकरी करने वाली माताओं के बच्चों के लिए शिशु गृहों का चलाना ।

(5) महिलाओं के लिए तथा परिवारिक आमदनी को बढ़ाने के लिए व्यवस्था करना जो सिलाई , बुनाई, आदि द्वारा अपने घर पर भी की जा सकती है ।

कुमारी सी० ए० राधाबाई आयोजक के रूप में गृह कल्याण केन्द्र की कार्यप्रभारी हैं। एक उपायोजक द्वारा इनकी सहायता की जाती है जो इन केन्दों में दिन प्रतिदिन के कार्य संचालन की देखभाल करती है। इन केन्द्रों में विभिन्न श्रेणियों में काम करने वाली कर्मचारियों की कुल संख्या 494 है।

(ग) 1965–66 से 1967–68 तक तीन वर्षों में वार्षिक व्यय इस प्रकार है :—

1965–66	3,38,597.86 रुपये
1966–67	3,02,450.67 रुपये
1967–68	2,88,902.25 रुपये

1968–69 के वर्ष के हिसाब किताब को अभी तक अन्तिम रूप नहीं दिया गया है।

निम्नलिखित पदों पर व्यय किया गया था :—

(1) कर्मचारी वर्ग को मानदेय
(2) स्थानीय तथा अन्य कर, गाड़ियों के रख रखाव आदि समेत सामान्य संचालन व्यय।
(3) शिशु गृहों का चलाना
(4) पुस्तकालय
(5) विविध।

अब तक की गई कार्य सिद्धियां नीचे निर्दिष्ट हैं :—

दिल्ली में गृह कल्याण केन्द के 48 केन्द्र और बम्बई , कलकत्ता, नागपुर तथा देहरादून जैसे स्थानों पर 12 केन्द्र हैं जहां केन्द्रीय सरकार के कमचारी अधिक संख्या में हैं । गृह कल्याण केन्द्र केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के परिवार के लगभग 500 सदस्यों को रोजगार और महिलाओं व बच्चों के अपने कल्याण कार्यक्रम द्वारा और 2000 को सीधे लाभ पहुंचाने की व्यवस्था करने में समर्थ हुआ है ।

(घ) प्रश्न के उपरोक्त भाग (ख) में इसका उत्तर दे दिया गया है ।

बम्बई विश्वविद्यालय द्वारा पाठ्यक्रम में निर्धारित की गई अस्पृश्यता को उचित बताने वाली पुस्तक

5393. **श्री यमुना प्रसाद मंडल** : क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बम्बई विशविद्यालय ने 'सपना भरा' नामक एक पाठ्यपुस्तक पाठ्यक्रम में निर्धारित की है, जिसमें 'अनटचेबल रिमेन अनटचेबल' (अछूत अछूत रहते हैं) नामक एक नाटक है, जिसमें सम्पूर्ण अनुसूचित जाति समुदाय का अपमान किया गया है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि कालेजों के अनेक प्रिंसिपलों और अनुसूचित जाति नेता बम्बई विश्वविद्यालय के अधिकारियों से पहले ही विरोध प्रकट कर चुके हैं जिसमें इस पुस्तक को वापस लेने का अनुरोध किया गया है; और

(ग) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) से (ग). उमाशंकर जोशी द्वारा लिखित 'सपना भरा' को 1968, 1969 व 1970 के वर्षों के लिये बम्बई विश्वविद्यालय की कला परीक्षा के प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम में निर्धारित किया गया है । कुछ समय बीता नाटक सं० 10 'ढ़ेडना ढ़ेड भंगी' नाम की पुस्तक के बारे में एक शिकायत विश्वविद्यालय को मिली थी। कुलपति ने समीक्षा के लिये गुजरात के अध्यक्ष ने बोर्ड के अध्यक्ष के पास इसे भेज दिया था । अध्यक्ष का मत है कि यह नाटक अस्पृश्यता के सम्बन्ध में एक प्रहसन काव्य है। इसका शीर्षक गुजराती मुहावरे में है, जिसमें नाटककार ने जातीय भावनाओं का मजाक उड़ाया है और इसके द्वारा अनुसूचित जातियों की महान् सेवाओं को बताया है ।

इस पुस्तक का उपयोग दो वर्षों के लिये किया जा चुका है और यह अन्तिम वर्ष है जिसके लिये यह पाठ्यक्रम में निर्धारित है ।

भारतीय सीमा पर विदेशी धर्म प्रचारकों के माध्यम से सी० आई० ए० की गतिविधियां

5394. **श्री यमुना प्रसाद मंडल :**
श्री ज्योतिर्मय बसु :
श्री वासुदेवन नायर :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को मालूम है कि भारतीय सीमा पर विदेशी धर्म प्रचारकों के माध्यम से सी० आई० ए० की गतिविधियों का एक व्यापक जाल बिछा हुआ है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उत्तर प्रदेश तिब्बत सीमा के पहाड़ी क्षेत्रों से सरकार को उच्च अधिकारियों द्वारा भेजी गई आसूचना रिपोर्टों का यह निष्कर्ष है; और

(ग) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) और (ख). सरकार के पास ऐसी कोई सूचना नहीं है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

पर्यटकों से विदेशी मुद्रा की आय का अपवंचन किया जाना

5395. श्री बाबू राव पटेल: क्या **पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पर्यटकों से प्राप्त होने वाली विदेशी मुद्रा की बहुत सी आय का नियमित रूप से अपवंचन किया जाता है;

(ख) यदि हां, तो इसका सबसे पहले कब पता लगा और अब तक कुल कितनी हानि हुई;

(ग) गत तीन वर्षों में प्रति वर्ष पर्यटन से कुल कितनी आय हुई;

(घ) हाल में स्थापित की गई नई अन्तर्मन्त्रालय समिति ने क्या सिफारिशें की हैं और उनमें से कौन-कौन सी सिफ़ारिशें कब तक क्रियान्वित की जायेंगी;

(ङ) क्या सरकार विदेशी पर्यटकों के भारत आने से प्राप्त होने वाली भारत की विदेशी मुद्रा की आय की बचत के लिये नया विधान बनाने पर विचार करेगी; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) और (ख). पर्यटकों से अर्जित विदेशी मुद्रा के अपवंचन (लीकेज) और इसके पहली बार पता चलने की तारीख के कोई प्रमाणिक आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं ।

(ग) प्राक्कलित आंकड़े नीचे दिये गये हैं :—

वर्ष	राशि (करोड़ रुपयों में)
1966 . .	22.61
1967 . . .	25.23
1968	26.54

(घ), (ङ) और (च) विदेशी मुद्रा के अपवंचन की समस्या पर विचार करने और इस विषय में सिफारिशें देने के लिये सरकार ने एक उच्च-स्तरीय समिति स्थापित की है । समिति ने एक अन्तरिम रिपोर्ट में सुझाव दिया है कि अधिक महंगे होटलों में यह आवश्यक कर दिया जाना चाहिये कि कुछ अपवादों को छोड़ कर विदेशी अतिथियों द्वारा भोजन और आवास के लिये अदायगी विदेशी मुद्रा में की जाये । यह सिफारिश फिलहाल सरकार के विचाराधीन है ।

उड़िया के विकास के लिये सहायता

5396. **श्री चिन्तामणि पाणिग्रही** : क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उड़िया के विकास के लिये उड़ीसा को 1967–68 और 1968–69 में कोई वित्तीय सहायता न दिये जाने के क्या कारण हैं;

(ख) क्या 1969–70 में कोई अनुदान दिया गया है; और

(ग) यदि हां, तो कितना और किन परियोजनाओं के लिये ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) योजना जिसके अन्तर्गत भारतीय भाषाओं के विकास के लिये राज्य सरकारों को सहायता दी जा रही थी, 1966–67 से राज्य क्षेत्र में स्थानान्तरित कर दी गयी थी ।

(ख) और (ग). जी हां । क्षेत्रीय भाषाओं में विश्वविद्यालय स्तर की पुस्तकों के लिखने की नई केन्द्रीय संचालित योजना के अन्तर्गत, 7 लाख रुपये की धन राशि राज्य सरकार को सौंप दी गई है ।

मंत्रियों तथा उच्च सिविल अधिकारियों के बीच गतिरोध

5397. **श्री राम चरण** :
श्री पी० विश्वम्भरन :
श्री ए० श्रीधरन :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मंत्रियों तथा उच्च सरकारी अधिकारियों (सिविल) के बीच गतिरोध उत्पन्न हो गया है;

(ख) यदि हां, तो उसका स्वरूप क्या है; और

(ग) क्या सरकार का विचार वर्तमान ढांचे में सिविल अधिकारियों का योगदान निर्धारित करने के लिये सर्वोच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति बनाने का है ताकि सरकारी विभागों को प्रभावी ढंग से चलाया जा सके ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) जी, नहीं, श्रीमान् ।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठता ।

Bihar Legislative Assembly

5398. Shri Prakash Vir Shastri: Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether the Bihar Legislative Assembly has been suspended;

(b) if so, the main reasons therefor; and

(c) whether it is also a fact that the Members of the suspended Legislative Assembly would be given one more opportunity to form the Government?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla): (a) **Yes, Sir.**

(b) Attention is invited to the Proclamation under article 356 dated July 4, 1969 and the report of the Governor, Bihar dated 1-7-1969 copies of which have already been laid on the table of the House.

(c) Decision in this regard will be taken on receipt of a report from the Governor of Bihar.

केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को पी० टी० ओ० सम्बन्धी रियायत

5399. **श्री स० मो० बनर्जी** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को पी० टी० ओ० की रियायत केवल अपने कार्य-स्थान से स्थायी निवास-स्थान के लिये ही दी जाती है;

(ख) यदि हां, तो क्या ऐसे कर्मचारी, जिनका कार्य-स्थान और स्थायी निवास-स्थान एक ही स्थान पर है, इस रियायत के लाभ से वंचित रह जाते हैं;

(ग) क्या पहले कभी यह रियायत विश्राम और मनोरंजन के लिये किसी स्थान पर जाने के लिये दी जाती थी;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार वर्तमान नियमों में संशोधन करने का है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० एस० रामास्वामी) : (क) जी हां, श्रीमान् ।

(ख) जी हां, श्रीमान् ।

(ग) जी हां श्रीमान् ।

(घ) जी नहीं, श्रीमान् ।

(ङ) प्रशासनिक खर्च में मितव्ययता की परम आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए वर्तमान छुट्टी यात्रा रियायत को नियंत्रित करने वाली वर्तमान मूल शर्तों में संशोधन करने का विचार नहीं है ।

सरकारी कर्मचारियों की भर्ती, पदोन्नति आदि के बारे में प्रशासनिक सुधार आयोग की सिफारिशें

5400. **श्री रघुबीर सिंह शास्त्री** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रशासनिक सुधार आयोग ने केन्द्रीय सचिवालय में काम करने वाले सरकारी कर्मचारियों की भर्ती, पदोन्नति तथा कुछ वर्गों में पदोन्नति के अवसर समाप्त हो जाने की स्थिति को समाप्त करने के बारे में सरकार को अपना प्रतिवेदन दे दिया है;

(ख) यदि हां, तो प्रतिवेदन कब प्रस्तुत किया गया था और उसकी सिफारिशें क्या हैं; और

(ग) उन पर सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) आयोग ने "कर्मचारी प्रशासन" विषय पर एक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है जो केन्द्रीय सचिवालय में काम करने वाले कर्मचारियों समेत आमतौर पर सरकारी कर्मचारियों के प्राशसन से संबंधित मामलों के बारे में है ।

(ख) उक्त प्रतिवेदन 18 अप्रैल, 1969 को प्रस्तुत किया गया था । इसकी प्रतियां संसद् पुस्तकालय में रख दी गई हैं ।

(ग) प्रतिवेदन की जांच की जा रही है ।

Insufficient allocation for development of Education in M.P.

5401. Shri Nathu Ram Ahirwar: Will the Minister of **Education and Youth Services** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that educational expenditure up to University level is borne by the State Government in Madhya Pradesh;

(b) whether it is also a fact that the amount of money allocated by the Planning Commission for this State is insufficient for the development of education in the State, keeping in view the backwardness of the State and the number of educational institutions there; and

(c) whether Government would request the Planning Commission to reconsider the allocation for this State, keeping in view its special position?

The Minister of Education and Youth Services (Dr. V.K.R.V. Rao): (a) The State Government is responsible for all education, including University education.

(b) The allocation to education in the Fourth Five-Year Plan of Madhya Pradesh is insufficient. But this has been decided, not by the Planning Commission, but by the State Government itself.

(c) Does not arise.

Recovery of Arms and Ammunition in Ambala during June 1969

5402. Shri Bharat Singh Chauhan :
Shri Bansh Narain Singh :
Shri Hukam Chand Kachwai :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a large quantity of arms and ammunition was recovered from a tank in Ambala in the month of June, 1969;

(b) whether Government have conducted investigations with a view to finding out whether the arms and ammunition recovered bear the marking of Indian Ordnance factory or of some foreign Ordnance factory;

(c) whether Government have obtained details regarding the said arms and ammunition from the State Government; and

(d) if so, the details thereof?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla): The Government of Haryana has intimated as under:—

(a) & (b) Yes, Sir.

(c) & (d) The following arms and ammunition were recovered:—

1.	DBBL Gun (foreign make)	1
2.	.303 rifles	3
3.	Dara make rifles	2
4.	Part of 12 bore gun	1

5.	Cartridges (including 62 of foreign make)	298
6.	Caps of 12 bore gun	9
7.	Respirator tear smoke	2
8.	Khokhris	4
9.	Knife	1
10.	Ballam	1

आन्ध्र प्रदेश में आदिम जातीय श्रमिकों की हत्या

5403. श्री ई० के० नायनार : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को मालूम है कि अप्रैल और मई, 1969 में आन्ध्र प्रदेश में श्रीकाकुलम क्षेत्र में एक दर्जन से भी अधिक आदिम जातीय श्रमिकों की, गोली मार कर हत्या कर दी गई थी;

(ख) क्या सरकार ने पार्वतीपुरम एजेन्सी क्षेत्र के आदिम जातीय लोगों की उचित मांग स्वीकार कर ली है; और

(ग) यदि हां, तो उनकी मांगों को पूरा करने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) 25 जुलाई, 1969 के लोक सभा में अतारांकित प्रश्न संख्या 835 के उत्तर की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

(ख) और (ग). 22 अगस्त, 1969 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 698 के उत्तर की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

सैनिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिये विद्रोही कुकी और मिजो लोगों का चीन जाना

5404. श्री क० लकप्पा : **श्री सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी :**
श्री मोहन स्वरूप : **श्री ए० श्रीधरन :**

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 200 विद्रोही कुकी और मिजों लोग सैनिक प्रशिक्षण लेने तथा चोरी छिपे हथियार लाने के हेतु चीन को रवाना होने के लिये तैयार हैं;

(ख) यदि हां, तो इस स्थिति का सामना करने के लिये की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री के० एस० रामास्वामी) : (क) ऐसी कोई सूचना नहीं है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता। फिर भी, सीमा के आर-पार ऐसे गिरोहों की गतिविधियों को रोकने के लिये सुरक्षा दल सतत् निगरानी बरतते हैं।

दिल्ली में अपराधों में वृद्धि

5405. **श्री कंवर लाल गुप्त :**
श्री अब्दुल गनी दार :
श्री गाडिलिंगन गौड :
श्री एम० एम० ओबराय :
श्री राम चन्द्र वीरप्पा :
श्री राम किशन गुप्त :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री रा ० रा० सिंह देव :
श्री तुलसी दास जाधव :
श्री न० रा० देवघरे :
श्री म० ला० सोंधी :
श्री राम गोपाल शालवाले :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 10 जुलाई, 1969 को समाप्त हो रहे गत तीन वर्षों में, दिल्ली में, वर्षवार, हत्याओं, डाकों, बालापहरणों तथा अपहरणों की कितनी घटनाएं हुईं;

(ख) कितने मामलों का पता नहीं लग सका तथा कितने शंकास्पद व्यक्तियों को नहीं पकड़ा गया और इस असफलता के क्या कारण हैं ;

(ग) ऐसे गम्भीर अपराधों में वृद्धि का क्या कारण है ; और

(घ) भविष्य में ऐसी घटनाओं को न होने देने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) और (ख). एक विवरण संलग्न है । **[पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 1914/69] ।**

(ग) और (घ). जहां और जब आवश्यक समझा जाता है कानून के अनुसार निरोधात्मक कार्यवाही की जाती है । पुलिस दल के कार्य-संचालन और दक्षता में सुधार करने के लिये दिल्ली पुलिस के लिये कई पुनर्गठन-योजनाओं की मंजूरी दी गई है, दिल्ली पुलिस के पास वैज्ञानिक उपकरणों में सुधार किया जा रहा है, उन्हें बढ़ाया जा रहा है और उनका आधुनिकीकरण किया जा रहा है ताकि उपलब्ध साक्ष्य से बेहतर परिणाम प्राप्त किये जा सकें ।

भारतीय पुरातत्वीय सर्वेक्षण विभाग, नई दिल्ली के महानिदेशक के विरुद्ध मामला

5406. **श्री सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी :**
श्री समर गुह :
श्री श्रीनिवास मिश्र :
श्री पी० विश्वम्भरन :
श्री क० लकप्पा

क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कई लाख रुपयों के गबन का एक मामला, जिससे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग, नई दिल्ली के महानिदेक सम्बद्ध हैं, विशेष पुलिस संस्थान को सौंप दिया गया है;

(ख) क्या यह भी सच है कि जांच में विभागीय सचिवों ने इस गबन से सम्बन्धित फाइलें नहीं प्रस्तुत की हैं;

(ग) क्या यह भी सच है कि विभागीय सचिवों के असहयोग के कारण से सरकार ने विशेष पुलिस संस्थान से यह मामला वापस ले लिया है;

(घ) क्या यह भी सच है कि विशेष पुलिस संस्थान न मामले को वापस लेने के लिये अनुमति देने से इन्कार कर दिया है; और

(ङ) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) से (ङ) विवरण संलग्न है ।

विवरण

भारतीय पुरातत्वीय सर्वेक्षण विभाग के शताब्दी समारोह पर किये गये व्यय के मामले में विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई कथित अनियमितताओं के बारे में कुछ सूचना मिलने पर विशेष पुलिस संस्थान ने इस सम्बन्ध में जांच की थी । जांच के निष्कर्षों के आधार पर विशेष पुलिस संस्थान ने सुझाव दिया था कि भारतीय पुरातत्वीय सर्वेक्षण विभाग के कुछ अधिकारियों के विरुद्ध आपराधिक मुकदमे चलाये जायें तथा महानिदेशक के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जाये । इस मामले में 1,56,711 रुपये का गबन किया गया था ।

2. सरकार भारतीय पुरातत्वीय सर्वेक्षण विभाग के महानिदेशक, जो अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं, के प्रति गंभीर अप्रसन्नता व्यक्त कर चुकी है । अन्य सम्बन्धित अधिकारियों, विशेष पुलिस संस्थान ने जिनके विरुद्ध आपराधिक मुकदमे चलाने की सिफारिश की थी, के विरुद्ध न्यायालयों में मुकदमे चल रहे हैं ।

3. अतः यह स्पष्ट है कि सभी सम्बन्धित फाइलें विशेष पुलिस संस्थान को उपलब्ध कराई गईं थीं तथा विशेष पुलिस संस्थान से कोई मामला वापिस नहीं लिया गया था ।

आसूचना विभाग के अधिकारियों को वर्दी भत्ते के भुगतान में विलम्ब होना

5407. श्री वंश नारायण सिंह :
श्री शारदा नन्द :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आसूचना विभाग के प्रतिनियुक्त तथा सीधे भर्ती किये गये अधिकारियों को दिये जाने वाली वर्दी भत्ते की काफी बड़ी धन-राशि जमा पड़ी है जिसका भुगतान वित्तीय वर्ष 1968–69 में किया जाना था;

(ख) क्या यह भी सच है कि आसूचना विभाग के अधिकारियों के वर्दी भत्ते को वित्तीय वर्ष 1966–67 तथा 1967–68 की राशि भी अभी बकाया है; और

(ग) यदि हां, तो इस मामले में विलम्ब करने के लिये उत्तरदायी अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही करने का सरकार का विचार है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) से (ग) आसूचना विभाग में 1968–69 में कार्य करने वाले व्यक्तियों के वर्दी भत्ते के दावे अप्रैल, 1969 में देय हो गये ह । भत्ते का वितरण, भत्ते के दावे के लिये नियत औपचारिकता पूरी करने वाले आवेदन-पत्रों के प्राप्त होने पर किया जाता है । मुकम्मिल मामलों में स्वीकृति देने तथा भुगतान

करने की कार्रवाई की जा रही है। 1966–67 और 1967–68 के वर्षों के लिये कोई ऐसा वैध दावा शेष नहीं है।

गुप्तचर विभाग तथा केन्द्रीय जांच ब्यूरो में प्रतिनियुक्त तथा सीधे भर्ती किये गये व्यक्तियों की पदोन्नति की शत

5408. श्री वंश नारायण सिंह :
श्री शारदा नन्द :

क्या **गृह कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों में विभिन्न राज्य तथा केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों से कितने-कितने लोअर डिवीजन क्लर्क, अपर डिवीजन क्लर्क और असिस्टेंट गुप्तचर विभाग तथा केन्द्रीय जांच ब्यूरो में प्रतिनियुक्त पर आये थे;

(ख) उपर्युक्त अवधि में गुप्तचर विभाग तथा केन्द्रीय जांच ब्यूरो में कितने-कितने लोअर डिवीजन क्लर्क, अपर डिवीजन क्लर्क तथा असिस्टेंट सीधे भर्ती किये गये थे;

(ग) क्या यह सच है कि प्रतिनियुक्ति पर आये और सीधे भर्ती किये गये कर्मचारियों की पदोन्नति की शर्तें भिन्न-भिन्न हैं;

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या कर्मचारियों की शर्तों में सुधार करने के लिये कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैं ?

गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) :(क) केवल 2 उच्च श्रेणी लिपिक।

(ख) 448.

(ग) जी नहीं, श्रीमान्।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) जी नहीं, श्रीमान्।

Teaching History, Sanskrit and Philosophy in Hindi by Delhi University

†**5409. Shri Shiv Kumar Shastri:** Will the Minister of **Education and Youth Services** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the decision taken by the Delhi University to start teaching History, Sanskrit and Philosophy in Hindi along with English in B.A., B.A. (Hons.) and M.A. has been shelved;

(b) whether it is also a fact that his Ministry has sent directions to this effect to other Universities also; and

(c) if so, whether his Ministry has changed its previous prescribed policy and if not, the reasons for which the implementation of the aforesaid decision is being postponed?

The Minister of Education and Youth Services (Dr. V.K.R.V. Rao): (a) No, Sir. While accepting in principle the recommendation of a committee appointed by the Vice-Chancellor

in connection with the implementation of the proposal to introduce Hindi as an alternative medium of instruction and examination at different levels, the Academic Council of the University had resolved that the implications of the proposal be examined in consultation with the Heads of Departments concerned. This is now being done and the matter will come up before the Academic council for final decision.

(b) No, Sir. This Ministry has sent no such directions either to Delhi University or to any other university.

(c) Does not arise.

Death of a Woman in Delhi on 14th June, 1969

5410. Shri Ram Gopal Shalwale: Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether Government's attention has been drawn to a news-item that a newly married Girl, Meena, was found dead at the residence of her husband in Katra Neel, Delhi on the 14th June, 1969;

(b) whether it is a fact that this girl was married on the 8th June and this heinous crime took place within a week of her marriage;

(c) whether the Delhi Police made any efforts to find out the clue of her death; and

(c) if so, the findings of the police and the nature of action being taken thereon?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla): (a) Yes, Sir.

(b) It has been reported that the girl was married on 8th June, 1969 and that she was found dead on 14th June 1969 at the residence of her parents in law.

(c) Yes, Sir, the Delhi police took up the investigation of the case immediately.

(d) The investigation is still in progress and a D.I.G. of the C.B.I. has since been associated with the same.

Assistant Suprintendent (R.T.E.) Examination, 1959

5411. Shri Bansh Narain Singh:
Shri Hukam Chand Kachwai:
Shri Bharat Singh Chauhan:

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to stage:

(a) whether it is a fact that Government have arbitrarily taken a decision that only those candidates out of the remaining candidates of the Assistant Superintendents (R.T.E.) Examination, 1959 would be posted against the posts of Section Officers who have secured 55 percent marks;

(b) whether it is also a fact that the above decision does not have the approval of the U.P.S.C., and

(c) the reasons for which neither the candidates concerned were intimated about this decision nor a mention made in the 1962 Rules or in the Parliament or in the affidavit filed in the Supreme Court?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla): (a) The decision was taken after very careful consideration.

(b) Suitable provision in the CSS Rules 1962 in regard to the absorption of the left-over candidates was made in consultation with the U.P.S.C.

(c) It was not necessary to mention this in the Rules or in the Parliament or in the affidavit. It is also not usual to inform the candidates about such decisions.

बमियान, अफगानिस्तान में महात्मा बुद्ध की दो विशाल मूर्तियों की मरम्मत

5412. **श्री बे० कृ० दास चौधरी :**
श्री मुहम्मद शरीफ :

क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अफगानिस्तान में बमियान में महात्मा बुद्ध की दो विशाल मूर्तियों की मरम्मत पर होने वाले व्यय में भारत और अफगानिस्तान बराबर बराबर का हिस्सा देंगे ; और

(ख) मरम्मत पर कितना व्यय होने का अनुमान है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में उप मंत्री (श्रीमती जहानआरा जयपाल सिंह): (क) और (ख) भारत तथा अफगानिस्तान खर्च को इस आधार पर आपस में बांटेंगे कि कुछ मदों की जिम्मेदारी भारत की है तथा दूसरों की अफगानिस्तान की। अफगानिस्तान को भारत के पुरातत्ववेत्ताओं तथा विशेषज्ञों की टीम को उनके काबुल और बमियान में ठहरने के दौरान आवास प्रदान करना तथा कुछ मशीनों, उपकरणों और सामग्री की खरीद जो अफगानिस्तान में आसानी से मिल सके, अफगानिस्तान में पुरुषों तथा सामग्री के परिवहन तथा स्थानीय सहायता जैसे वाहनों तथा मशीनों को चलाने के लिये चालक तथा मैकेनिक प्रदान करना है ।

भारत सरकार तकनीशियन और विशेषज्ञ, उपकरण जैसे इस्पात नालवत समाधार शैल्य-व्यधक मशीन, वैज्ञानिक यंत्र, फोटोग्राफी सम्बन्धी उपकरण तथा ऐसी सामग्री जो स्थानीय रूप से तुरन्त उपलब्ध नहीं है प्रदान करेगी ।

ऐसा अनुमान है कि इन दो मूर्तियों की प्रावस्था-मरम्मत पर भारत सरकार की 8.35 लाख रुपयों की लागत आयेगी ।

Naxalites

5413. **Shri Bansh Narain Singh:**
Shri Hukam Chand Kachwai:

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state:

(a) whether Government have collected information in regard to the number of extremist Naxalites in the country; and

(b) if so, the Statewise break-up thereof?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla): (a) and (b) According to information received from the State governments/Union territory administrations there are no extremits in Gujarat, Mysore, Nagaland, Chandigarh, Dadra and Nagar Haveli, Goa, Daman and Diu, Himachal Pradesh, Laccadive, Minicoy and Amindivi Islands, Manipur, N.E.F.A. Pondicherry and Tripura. Governments of Andhra Pradesh and West Bengal have informed that the extremists in those States are not functioning as regular parties and, therefore, their precise number is not known. In Assam, Haryana, Jammu & Kashmir, Punjab, Andaman & Nicobar Islands and Delhi the number of extremists is reported to be 70, 25, 2, 50, 30 and 25/30, respectively. The number of extremists in Maharashtra is reported to be negligible. Information from the remaining States is being collected.

मनीपुर में षडयन्त्र

5414. **श्री पी० विश्वम्भरन :** **श्री क० लकप्पा :**
श्रीमती ज्योत्सना चन्दा : **श्री श्रीनिवास मिश्र :**
श्री एम० मेघचन्द्र : **श्री समर गुह :**

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हाल ही में मनीपुर पुलिस ने गड़बड़ पैदा करने तथा सेना को नष्ट करने के बारे में एक षड्यंत्र का पता लगाया है ;

(ख) यदि हां, तो षडयंत्र का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) चीन और पाकिस्तान की सांठगांठ का मुकाबला करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क), (ख) तथा (ग) मनीपुर के कुछ युवकों ने इम्फाल में एक गुप्त संगठन बनाया था जिसकी, गतिविधियों के विनाशकारी और समाज-विरोधी मुख्यतः मनीपुर की जनसंख्या के एक वर्ग के विरुद्ध, होने की सम्भावना है। आशंका है कि उनकी योजनाओं में आग्नेयास्त्रों के प्रयोग में प्रशिक्षण लेने, विस्फोटक आदि तैयार करने प्रशिक्षण लेने के लिये कुछ वर्गों को पूर्वी पाकिस्तान भेजा जाना सम्मिलित है। ऐसे तत्वों की गतिविधियों के सम्बन्ध में स्थानीय प्राधिकारी सजग हैं और सीमा पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं।

56 युवकों को, जो पहले पूर्वी पाकिस्तान को गये थे, उनके वापिस लौटने पर त्रिपुरा में पकड़ लिया गया।

इस सम्बन्ध में मनीपुर में भी संदिग्ध व्यक्तियों की काफी गिरफ्तारियां की गई हैं।

Provision of a Coolie in Haryana State Transport Buses for Safety of Luggage

5415. Shri Nihal Singh: Will the Minister of **Shipping and Transport** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Haryana Government have provided a coolie in each State Transport Bus for the safety of the luggage of the passengers and that the coolie is held responsible for the luggage of the passengers;

(b) if so, whether the Central Government would advise other State Governments also to make similar arrangements in their State buses; and

(c) if not, the reasons therefor?

The Deputy Minister in the Department of Parliamentary Affairs and in the Ministry of Shipping and Transport (Shri Iqbal Singh): (a) Colies are attached to the buses of Haryana Roadways plying on long distance, inter-State and other important routes.

(b) & (c) In some States, arrangements have been made to ensure the safety of passenger luggage carried in buses, though separate coolies have not been provided for the purpose. The remaining States etc. have been requested to consider taking suitable measures to ensure safety of passenger luggage. Since, however, the executive responsibility in respect road transport vests in the States, the implementation of the sugeestion essentially rests with them.

Submission of Memorandum by Government Employees to former Minister of Transport of Bihar Government

5416. Shri Bhogendra Jha:
Shri Yogendra Sharma :
Shri Chandra Shekhar Singh :
Shri K. M. Madhukar :
Shri Ramavatar Shastri :

Will the Minister of **Shipping and Transport** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the some Central Government and State Government employees and Urdu journalist, Shri Moin Ansari, had presented a memorandum to Shri Mohammad Hussain 'Azad', the then Transport Minister of Bihar Government, when he visited Danapur in District Patna on the 18th June last;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether Government have taken any action on that memorandum

(d) if not, the reasons therefor; and

(e) whether Government propose to take any action thereon and if so, when?

The Deputy Minister in the Department of Parliamentary Affairs and in the Ministry of Shipping and Transport (Shri Iqbal Singh): (a), (b), (c), (d) and (e): The information required is being collected from the Government of Bihar and will be laid on the table of the Sabha, when received.

लखनऊ रेजीडेन्सी के ऐतिहासिक भवन पर अंग्रेजों द्वारा 1857 के स्वतन्त्रता सेनानियों के लिये अपमानजनक उत्कीर्ण शिलालेख

5417. **श्री यशवन्त सिंह कुशवाह** : क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि लखनऊ रेजीडेंसी के ऐतिहासिक भवन पर अंग्रेजों द्वारा उत्कीर्ण शिलालेख अब भी मूल रूप में विद्यमान हैं ;

(ख) क्या उन शिलालेखों में 1957 के भारतीय स्वतन्त्रता सेनानियों के बारे में इतने अपमानजनक शब्द लिखे हुए हैं कि आजकल जो पर्यटक वहां जाते हैं उनमें उनको पढ़ कर क्रोध और नाराजगी की भावना पैदा होती है ; और

(ग) इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में उपमंत्री (श्रीमती जहानआरा जयपाल सिंह) : (क) से (ग) अंग्रेजों ने माडल कक्ष सहित, भवन में, यह बात दर्शाने के लिये लेबल लगाये थे कि घिरी हुई अंग्रेज गैरिजन ने रेजीडेंसी भारतीय स्वतन्त्रता सेनानियों से किस प्रकार अपनी रक्षा की थी । भारतीय राष्ट्रीय दृष्टिकोण से उन में से कुछ ऐसी अभिव्यक्ति प्रस्तुत करते हैं जो अप्रतिष्ठाजनक है । इन में से कुछ लेबलों का पहले ही पुनरीक्षण किया जा चुका है तथा शेष का पुनरीक्षण किया जा रहा है ।

जार्ज टाउन (गियाना) में गांधी जयन्ती सामारोह में शराब पिलाया जाना

5418. श्री क० लकप्पा : क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जार्ज टाउन (गियाना) में हमारे दूतावास ने गांधी जयन्ती समारोह में शराब पेश की थी ;

(ख) क्या इस बारे में कोई अनुदेश जारी किये गये हैं कि हमारे दूतावासों को गांधी जयन्ती किस प्रकार मनानी चाहिये ;

(ग) यदि हां, तो इसका पालन क्यों नहीं किया गया है ; और

(घ) क्या इस सम्बध में सरकार कोई जांच करेगी ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी०के० आर० वी० राव) : (क) जी नहीं ।

(ख) जी नहीं । किन्तु राष्ट्रीय दिवसों पर बड़ी बड़ी पार्टियों में शराब पेश करने के लिये सामान्य अनुदेश विद्यमान हैं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

(घ) इस मामले में कोई जांच पड़ताल करने का प्रश्न नहीं उठता क्योंकि 2–10–1968 को गांधी जयन्ती समारोह के अवसर पर हमारे दूतावासों ने कोई शराब पेश नहीं की थी ।

Nomination of Visitors for Patna Central Jail

5419. Shri K. M. Madhukar :
Shri Chandra Shekhar Singh:
Shri Yogendra Sharma:
Shri Bhogendra Jha :
Shri Ramavatar Shastri :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Government of Bihar has nominated some persons as Visitors for the Patna Central Jail;

(b) if so, the names of the said Visitors and the basis on which they have been nominated;

(c) the number of times since 19th November, 1967 to 10th. July, 1969 the said Visitors have inspected the jail;

(d) whether they have recommended supply of electricity to the jail and setting up of septic latrines there;

(e) if so, the details thereof; and

(f) the reaction of Government thereto?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) : (a) & (b): The names of persons who were nominated as non-official Visitors to the Central jail Patna, after taking into account the recommendations of the District Magistrate, Patna, are given in the attached statement. [Placed in Library. See No. LT-1915/69]

(c) The jail was visited twenty times by the Visitors during the period.

(d) and (e): The Visitors had suggested provision of electric light in the wards of the jail and also for replacement of service latrines by septic latrines.

(f) Plans and Estimates for implementing the recommendations are being prepared.

शिक्षा मंत्रालय के योजना निदेशक के पद पर नियुक्ति

5420. **श्री जगेश्र यादव :** **श्री रामावतार शास्त्री :**
श्री चन्द्रशेखर सिंह : **श्री क० मि० मधुकर :**

क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उनके द्वारा शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय का कार्यभार सम्भालने के तुरन्त बाद उनके मंत्रालय में योजना निदेशक का नया पद बनाया गया था ;

(ख) यदि हां, तो क्या संघ लोक सेवा आयोग के माध्यम से इसका विज्ञापन प्रकाशित किया गया था ;

(ग) यदि नहीं, तो क्या निष्पक्ष चयन सुनिश्चित करने के लिये भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों तथा विभागों को इस पद के लिये परिपत्र भेजे गये थे ;

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और संघ लोक सेवा आयोग के माध्यम से इस पद का विज्ञापन कब प्रकाशित किया जायेगा ;

(ङ) क्या यह सच है कि उपयुक्त पद पर कार्य करने वाले व्यक्ति को संघ लोक सेवा आयोग द्वारा योजना आयोग में एक निचले पद के लिये उपयुक्त नहीं समझा गया था ; और

(च) यदि हां, तो लोग उनके मंत्रालय में ऊंचे पद के लिये उस व्यक्ति का चुना जाना कहां तक न्यायोचित है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) से (घ). 31 मार्च 1969 को उस पद को भरे जाने की तारीख से निदेशक, योजना और समन्वय का एक पद बनाया गया था। क्योंकि जन हित में यह जरूरी था कि पद पर नियुक्ति तुरन्त कर ली जाए और संघ लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापन के माध्यम से निर्णय करने में काफी देर होने की सम्भावना थी अतः यह निर्णय किया गया कि योजना आयोग से स्थानान्तरण करके किसी अधिकारी की नियुक्ति कर ली जाए क्योंकि ऐसा अनुभव किया गया कि राष्ट्रीय स्तर पर योजना और समन्वय के कार्य का काफी अनुभव रखने वाला अधिकारी केवल योजना आयोग में ही मिल सकेगा। इस कारण से, पद सम्बन्धी परिपत्र भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को नहीं भेजा गया था। पद को नियुक्ति नियमों के अनुसार नियमित आधार पर करने का प्रस्ताव है। नियुक्ति नियम सम्बन्धित प्राधिकारियों के परामर्श से तैयार किए जा रहे हैं नियमित आधार पर पद संघ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन द्वारा भरा जाएगा या नहीं यह नियुक्ति नियमों में अपनाई गई नियुक्ति विधि पर निर्भर करेगा।

(ङ) और (च). मंत्रालय में अपनी नियुक्ति से पूर्व कथित अधिकारी 1,100–50–1,300–60–1,600 के वेतन मान में योजना आयोग में निदेशक शिक्षा के पद पर कार्य कर रहा था। इस पद पर योजना आयोग में उनकी नियुक्ति नियमित लम्बी अवधि के आधार पर संघ लोक सेवा आयोग द्वारा अनुमोदित की गई है।

Complaint Against Bihar Police Officers

5421. Shri Chandra Shekhar Singh: Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a number of complaints have been lodged with the I.G.,D.I.G. nd S.P. of Patna a ainst the Incharge, Arwal Police Station, District Gaya (Bihar) for indulging in corruption and communalism;

(b) whether it is also a fact that some suits have been filed against him and if so, the number of complaints made and suits filed against the said S.H.O., separately;

(c) whether a thorough inquiry has been made into the above complaints and charges, if so, the outcome of the inquiry; and

(d) the action proposed to be taken bv Government against him and the time by which such an action would be taken ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla): (a) Yes, Sir.

(b), (c) & (d). A complaint lodged by a resident of village Rajepur u/s 342/352/504 IPC against the Sub-Inspector was enquired into. The allegations could not be substantiated. Another complaint lodged by a resident of village Rupaich against the Sub-Inspector u/s 323/506/509 IPC is sub judice. However, the exact number of complaints made and suits filed against the Sub-Inspector is being ascertained.

मनीपुर में मनीपुर के भूतपूर्व महाराजा के आग्नेयास्त्र की बिक्री

5422. **श्री एम० मेघचन्द्र** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्ष 1967–68 में कोर्ट आफ वार्ड्स मनीपुर के आदेशानुसार मनीपुर के भूतपूर्व महाराजा के 32 आग्नेयास्त्र नीलाम करके बेच दिये गये थे ;

(ख) यदि हां, तो आग्नेयास्त्रों की सूची क्या है और नीलाम में उनको कितने मूल्य पर खरीदा गया था और उन्हें खरीदने वाले व्यक्ति का नाम क्या है ;

(ग) क्या 32 आग्नेयास्त्रों में से मनीपुर के मुख्य आयुक्त ने स्वचालित पिस्तौल और रायफल दो आग्नेयास्त्र लिये थे ;

(घ) क्या मनीपुर के मुख्य आयुक्त ने अपने प्राधिकार और पद का प्रयोग कर के बहुत कम मूल्य पर उपर्युक्त पिस्तौल और रायफल को प्राप्त किया था ;

(ङ) क्या इस सौदे के बारे में आवश्यक जांच करने के लिए केन्द्रीय जांच ब्यूरो के महानिदेशक से शिकायत की गई है ; और

(च) यदि हां, तो उसमें कितनी प्रगति हुई है ?

गृहकार्य मत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) जी हां, श्रीमान् ।

(ख) मैसर्स ईस्ट एण्ड आर्म्स कम्पनी इम्फाल को 7,100 रुपये में बेचे गये 32 गैर-निषेध और आग्नेयास्त्र के ब्यौरे बताने वाली एक सूची संलग्न है । [पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी०--1916/69]

(ग) उपरोक्त 32 शस्त्रों में से, मनीपुर के मुख्य मंत्री ने 25–1–68 को इम्फाल की मैसर्स ईस्ट एण्ड आर्म्स कम्पनी लि० से केवल एक पिस्तौल संख्या 131416 (बिना मैगजीन) के खरीदी थी ।

(घ) से (च). इस सम्बन्ध में एक शिकायत प्राप्त हुई है । मामले की जांच की जा रही है ।

सरकारी अधिकारियों तथा विधायकों के बीच सम्बन्ध के लिये आचार संहिता

5423. **श्री मुहम्मद शरीफ** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हाल ही में तमिलनाडु सरकार ने विधायकों तथा सरकारी अधिकारियों के बीच सम्बन्धों को विनियमित करने के लिये एक पन्द्रह सूत्री आचार संहिता बनाई है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या इस प्रकार की आचार संहिता केन्द्र में भी बनाई जायेगी और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) जी हां, श्रीमान् ।

(ख) तमिलनाडु सरकार के जी० आर० संख्या 976 दिनांक 24–5–69 की एक प्रति संलग्न है । [पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी०—1917/69]

(ग) संसद सदस्यों तथा विधान मंडलों के सदस्यों और प्रशासन के बीच सम्बन्धों को विनियमित करने के लिये एक संहिता का प्रारूप तैयार किया गया था और तारांकित प्रश्न संख्या 630 दिनांक 24–8–66 के सम्बन्ध में आश्वासन की पूर्ति में 21–3–1967 को सदन के सभा पटल पर रखा गया था । संसद में विभिन्न राजनैतिक दलों तथा समूहों के नेताओं के, जिन्हें इस विषय में पत्र भेजे गये हैं, विचार प्राप्त होने पर इसे अन्तिम रूप दिया जाएगा ।

Musical Concert held in Jagjivan Stadium in Khagaul (Patna District)

5424. **Shri Bhogendra Jha :**
Shri Yogendra Sharma :
Shri Chandra Shekhar Singh :
Shri K. M. Madhukar :
Shri Ramavatar Shastri :

Will the Minister of Home Affairs be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a musical concert was organised on the night of the 15th June last in Jagjivan Stadium of Khagaul (Danapur Railway Station) in Patna District (Bihar);

(b) if so, the names of the organisers of the said concert and the names of the artistes who participated in the same;

(c) whether it is also a fact that the police had mercilessly lathi-charged the innocent audience of the said function although they possessed tickets and many people were injured as a result thereof; if so, the reasons therefor;

(d) whether it is also a fact that some persons died as a wall collapsed due to a stampede there; if so, the number thereof; and

(e) whether Government propose to conduct an enquiry into the said incident and punish the persons found guilty; and if not, the reasons therefor?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla): The information furnished by the Govrnment of Bihar is as under:—

(a) Yes, Sir.

(b) The concert was organised by the Patiliputra Lions Club, Patna and Youth Service Club, Dharampur. The artists who participated included Mahendra Kapoor, Mukesh, Amin Saiyani, Meeni Potki, Jayashree and others.

(c) No, Sir. A section of the crowd which had assembled in the premises indulged in brick-batting and rowdism and hence the police resorted to lathi-charge to disperse the mob and maintain order.

(d) According to the information available with the State Government of Bihar, no one died because of the collapse of a wall or stampede.

(e) Nine cases have been instituted by the local police in connection with the incidents of rioting and are under investigation.

Urdu Teacher for Bhagalpur Teachers Training College

5425. **Shri Bhogendra Jha :**
Shri Yogendra Sharma :
Shri Chandra Shekhar Singh :
Shri K. M. Madhukar :
Shri Ramavatar Shastri :

Will the Minister of **Education and Youth Services** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government's Policy is to give proper place and incentive to Urdu ;

(b) If so, whether Government are aware that there is no Urdu teacher in the Bhagalpur Teachers Training College ;

(c) if so, the reasons therefor ;

(d) whether Government propose to appoint a Urdu teacher in the above college early ; and

(e) is so, the time by which it would be done and if not, the reasons therefor ?

The Minister of Education and Youth Services (Dr. V.K.R.V. Rao) : (a) Yes, Sir. Under the Centrally Sponsored Scheme of production of literature at University level in regional languages, the Government have earmarked a sum of Rs. 1 crore for the production of University level books and other literature in Urdu during the Fourth Plan period. Out of this, a sum of Rs. 10 lakhs is being provided during the current financial year. For this purpose, the Government have constituted the Tarraqui-e-Urdu Board under the Chairmanship of the Minister of Education and Youth Services. The Board held its first meeting on 31st July, 1969. ;

(b), (c), (d) and (e) : This matter is the concern of the State Government.

Delay in Payment of Dearness Allowance to Government Employees transferred to Patna University

5426. **Shri Bhogendra Jha :**
Shri Yogendra Sharma :
Shri Chandra Shekher Singh :
Shri K. M. Madhukar :
Shri Ramavatar Shastri :

Will the Minister of **Education and Youth Services** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a large number of Government employees transferred to Patna University have not been paid dearness allowance since April, 1967 ;

(b) if so, the number of such employees;

(c) the reasons for not giving them dearness allowance ; and

(d) the action proposed to be taken by Government to grant them dearness allowance ?

The Minister of Education and Youth Services (Dr. V.K.R.V. Rao) : (a) The Patna University has informed that the Government employees transferred to it have been paid dearness allowance at University rates uptodate.

(b) to (d) : Do not arise.

दिल्ली के स्कूलों में यौन शिक्षा

5427. **श्री मुहम्मद शरीफ :**
श्री एन० शिवप्पा :

क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली प्रशासन ने दिल्ली के स्कूलों में परीक्षण के तौर पर यौन शिक्षा और परिवार नियोजन की जानकारी देने का निर्णय किया है ;

(ख) क्या दिल्ली प्रशासन ने एक उप-समिति नियुक्त की है जो यह निर्णय करेगी कि बच्चों को किस तरह की जानकारी दी जानी चाहिये और इस परीक्षण के लिये किस आयु वर्ग के बच्चों को चुना जाये; और

(ग) क्या इस समिति ने इस मामले पर विस्तारपूर्वक विचार किया है और यदि हां, तो इस विषय में क्या निर्णय किये गये हैं ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) जी नहीं।

(ख) जी हां, दिल्ली में परिवार नियोजन की एपैक्स समिति द्वारा दी गई सिफारिशों के परिणामस्वरूप, एक उप-समिति, इस मामले की जांच करने के लिये बनाई गई है।

(ग) अब तक इस समिति की कोई बैठक नहीं हुई है।

दिल्ली विश्वविद्यालय के उपकुलपति का त्याग पत्र

5428. **श्री यशपाल सिंह :**
श्री बे० कु० दासचौधरी :
श्री न० रा० देवघरे :

क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनके साथ मतभेद हो जाने पर दिल्ली विश्वविद्यालय के उपकुलपति ने त्यागपत्र दे दिया है ;

(ख) यदि हां, तो मतभेद की मुख्य बातें क्या हैं; और

(ग) नये उपकुलपति की नियुक्ति के लिये क्या कायवाही की जा रही है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) दिल्ली विश्वविद्यालय अधिनियम तथा अधिनियमों के उपबन्धों के अनुसार नये कुलपति की नियुक्ति के लिये कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कुलपति की नियुक्ति के वास्ते नामों के पैनल की सिफारिश करने के लिये विजीटर द्वारा एक समिति नियुक्त कर दी गई है।

मैट्रिक के बाद के पाठ्यक्रमों में अनुसूचित जातियों की शिक्षा

5429. **श्री सूरज भान :** क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मैट्रिक के बाद के पाठ्यक्रमों में अनुसूचित जातियों की शिक्षा के लिये छात्रवृत्ति आदि देने से सम्बन्धित प्रस्ताव उन्हें दिखाये थे ; और

(ख) यदि हां, तो उन्होंने प्रस्तावों पर क्या राय दी थी ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

दिल्ली के विभिन्न कालेजों में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के विद्यार्थियों का दाखिला

5430. **श्री सूरज भान :** क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विभिन्न कालेजों में अनुसूचित जातियों के विद्यार्थियों के दाखिले के बारे में उनके मंत्रालय ने दिल्ली विश्वविद्यालय को कोई अधिसूचना भेजी है ; और

(ख) क्या यह सच है कि कुछ कालेज अनुसूचित जातियों के विद्यार्थियों को दाखिल नहीं कर रहे हैं यद्यपि उनके अंक बहुत अधिक हैं ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) दिल्ली विश्वविद्यालय सहित सभी कुलपतियों से 1956 तथा दुबारा 1962 में प्रार्थना की गई थी कि प्रवेश के मामलों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित वर्ग के विद्यार्थियों को कुछ रियायतें दें ।

(ख) सरकार को इस मामले की कोई सूचना नहीं है कि बहुत अच्छे अंक वाले किसी विद्यार्थी को किसी कालेज में दाखिला न मिला हो, फिर भी व्यक्तिगत शिकायत जब कभी प्राप्त हुई उनकी दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा सावधानीपूर्वक जांच की गई तथा योग्य विद्यार्थियों को स्थान प्रदान किये गये ।

युवक कल्याण की योजनाओं के लिये अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के अधिकारियों की नियुक्ति

5431. **श्री सूरज भान :** क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्होंने युवक कल्याण से सम्बन्धित अपनी नई योजनाओं के लिये अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के योग्य अधिकारियों को नियुक्त करने के लिये विशेष प्रयत्न किये हैं ; और

(ख) युवक कल्याण योजनाओं के संगठन के बाद उनके मंत्रालय में कितने नये लोगों की भरती हुई, और उन में से कितने व्यक्ति अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के हैं ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) और (ख) युवक कल्याण कार्यक्रमों के अन्तर्गत नई योजनाओं को अभी अन्तिम रूप दिया जाना है और इसीलिये अधिकारियों अथवा स्टाफ की भर्ती का प्रश्न नहीं उठता ।

Development of Rural Libraries

5432. Shri K.M. Madhukar : Will the Minister of **Education and Youth Services** be pleased to state :

(a) the details of the works likely to be completed during the Fourth Five Year Plan in regard to the development of rural libraries ;

(b) whether it is a fact that Government paid little attention towards the problems of rural libraries in the country and in regard to giving them assistance, after the Chinese attack ;

(c) if so, the time by which steps are likely to be taken by Government in regard to the construction of buildings for rural libraries and providing them books and developing reading rooms etc ; and

(d) if no steps are likely to be taken in this regard, the reasons therefor ?

The Minister of Education and Youth Services (Dr. V.K.R.V. Rao): (a) to (d) Provision of library facilities in the rural areas is the concern of the respective State Governments and Union Territories. Central Government gives grants to the public libraries catering to a population of atleast 50,000 under the scheme 'Assistance to Voluntary Educational Organisations'.

शिक्षा को उत्पादन प्रधान तथा रोजगार प्रधान बनाना

5433. **श्री क०मि० मधुकर :** क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष के इस वक्तव्य से कहां तक सहमत है कि शिक्षा को उत्पादन-प्रधान और रोजगार प्रधान बनाया जाना चाहिये ताकि प्रत्येक शिक्षित व्यक्ति कुछ उत्पादन कर सके ;

(ख) क्या सरकार उनके उक्त सुझाव को चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में क्रियान्वित कर रही है;

(ग) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में बनाई गई योजना का स्वरूप क्या है ; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव): (क) से (घ) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष का बयान शिक्षा आयोग की रिपोर्ट के अनुरूप है और भारत सरकार इस रिपोर्ट से सामान्यतया सहमत है। शिक्षा आयोग की रिपोर्ट सिफारिशों पर विचार करने और उन्हें कार्यान्वित करने के लिये राज्य सरकारों को भेज दी गई है।

अप्रैल, 1969 में हुये कुलपति सम्मेलन ने यह सिफारिश की थी कि कुशल कारीगरों से अभिन्न बीच के स्तर के तकनीशियन आवश्यक संख्या में तैयार करने के लिये रोजगार प्रधान अल्पकालीन पाठ्यक्रमों की व्यवस्था भी होनी चाहिये। शिक्षा और युवक सेवा मंत्रालय तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा संयुक्त रूप से दिल्ली में आयोजित छात्र नेताओं के सम्मेलन ने भी निम्नलिखित सिफारिशें की थीं :—

> "शिक्षा प्रणाली रोजगार प्रधान होनी चाहिये और नियोजन की आवश्यकताओं से सम्बद्ध होनी चाहिये। डिग्री पाठ्क्रिमों में व्यावसायिक विषयों जैसे सचिवालय प्रक्रिया, स्टेनोग्राफी प्रबन्ध आदि चालू करने पर अधिबल दिया जाना चाहिये।"

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने इन सम्मेलनों की सिफारिशें विश्वविद्यालयों/राज्य सरकारों को भेज दी हैं। शिक्षा मंत्री के सुझाव पर वि० अ० आ० ने हाल ही में मार्गदर्शी प्रयोजना के रूप में दिल्ली में एक कालेज की स्थापना पर विचार करने के लिये एक समिति बनाई है जिसमें चुने हुए रोजगार प्रधान पाठ्यक्रमों में डिग्री दी जायेगी। यह भी उल्लेखनीय है कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने चालू शैक्षिक वर्ष से बी० काम (पास) पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया है जोकि रोजगार प्रधान पाठ्यक्रम है।

Reported Statement by Lt. Governor of Delhi on patronising of Goondas by Politicians

5434. **SHRI K. M. MADHUKAR :**
SHRI DEVEN SEN :
SHRI RAM AVTAR SHARMA :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) the extent of truth in the recent statement of the Lt. Govenor of Delhi to the effect that because of the indirect partonage received by the criminals and goondas from the political leaders, the Administration cannot take any action against the goondas easily ;

(b) the propriety of the aforesaid statement ; and

(c) Government's reaction thereto ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) : (a), (b) and (c) : On seeing Press reports of the reported interview given by Lt. Governor to some press Correspondents on July 25, 1969, the facts were ascertained from the Delhi Administration. They informed Government that during the course of discussion of the general crime situation in Delhi, the Lt. Governor told the newsmen that certain unsocial elements tried to browbeat the subordinate police officials by saying that they had the backing of important public men and that this created wrong impressions in the public mind. The Lt. Governor had denied having stated that anti-social elements or goondas enjoyed the patronage of the politicians. According to the Lt. Governor, he had been misquoted in the news papers.

Mizo Rebels

5435. **Shri Yashwant Singh Kushwah :** Will the **Minister of Home Affairs** be pleased to state:

(a) whether it is fact that Y. Kunga, a rebel Mizo and his associates, who had fled to Pakistan in 1966, attacked on the 22nd and 23rd July, 1969 from East Pakistan side in Amarpur Sub-Division of Manipur ;

(b) if so, the details of the incident ; and

(c) the reaction of Government in regard to Mizo training Centres in Pak-territory and the action taken by Government in this regard ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) : (a) and (b) : On the morning of 22nd July, 1969 at about 4 A.M. about 100-150 armed Mizo hostiles suddenly attacked Bolangbasa, the headquarters of the Dumburanagar Block in the Raima-Sarma Valley in Amarpur sub-division of Tripura (and not Manipur). The hostiles set fire to the Project Office, some residential quarters and the market. They also looted some Government property besides cash etc. from local inhabitants and left after about 2 hours. On the morning of 23rd July, 1969, at about 4 A.M. about 150 armed Mizo hostiles attacked Gandacherra Police Station and the exchange of fire lasted for 2 hours. Whilest withdrawing the hostiles set fire to the market and attempted to loot a fen shops. In the exchange of fire one child was shot dead and an old woman who was seriously injured succumbed

the next day. Two casualties are reported to have been suffered by hostiles. The gang is believed to have escaped across the border into Kachalong Reserve Forest in Pakistan from where they presumably came.

(c) Government have lodged several protests with the Pakistan Government against the assistance granted by them to Mizo hostiles in East Pakistan.

संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों के अपने कर्मचारियों के वेतनमानों/भत्तों में संशोधन करने के अधिकार

5436. **श्री एम० मेघचन्द्र** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने हाल ही में यह निर्णय किया है कि संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों द्वारा अपने कर्मचारियों के वेतनमान/भत्तों में अपने पड़ोसी राज्यों के समाज संशोधन करने के अधिकार को वापस ले लिया जाये और प्रत्येक मामले में संशोधन करने का निर्णय वित्त मंत्रालय के परामर्श से प्रशासी मंत्रालय करे ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार मणीपुर और अन्य संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों के कर्मचारियों के वेतनमान और भत्तों में नए आधार पर संशोधन करने का है ; जिसका आस-पास के राज्यों के वेतनमान से कोई सम्बन्ध न हो ; और

(ग) क्या सरकार ने लिये गये इन नये निर्णयों के अन्तर्गत संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों के कर्मचारियों के वेतन मान तथा भत्तों के संशोधन करने का एक मात्र उत्तरदायित्व अपने ऊपर ले लिया गया है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) जी हां, श्रीमान् ।

(ख) और (ग) संघ राज्य क्षेत्रों के कर्मचारियों के लिये पहले से संशोधित वेतन मानों और भत्तों में कोई गड़-बड़ नहीं की जा रही है । किन्तु यह निश्चय किया गया है कि भविष्य में संघ राज्य क्षेत्रों के कर्मचारियों के वेतन मान व भत्तों के संशोधन के लिये सभी प्रस्तावों पर पड़ोसी राज्यों में तदनुरूप पदों के लिये प्रचलित नमूने को ध्यान में रख कर भारत सरकार द्वारा विचार किया जायेगा और निर्णय लिया जायेगा किन्तु सम्बन्धित संघ राज्य क्षेत्रों में किसी श्रेणी के कर्मचारियों की उपलब्धियों में संशोधन से केन्द्रीय सरकार के अधीन समान श्रेणी के कर्मचारियों को प्राप्य स्तर से अधिक किसी भी श्रेणी के कर्मचारियों के महंगाई वेतन और/या महंगाई भत्ते समेत वेतनमानों में किसी भी हालत में वृद्धि नहीं होगी ।

मनीपुर में दाल की सप्लाई के लिए करार

5437. **श्री एम० मेघचन्द्र** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या मनीपुर सरकार ने 'स्टेट ट्रेडिंग ' मनीपुर को 134.70 रुपये की दर से 40 मीट्रिक टन अरहर की दाल सप्लाई करने के लिए जिसकी सप्लाई 28 मार्च, 1969 को अथवा इससे पहले की जानी है, इम्फाल, मनीपुर की एक फर्म के साथ करार किया है ;

(ख) क्या उक्त करार उचित रूप में टेंडर आमंत्रित करने के बाद किया गया था और उक्त फर्म का टेंडर सप्लाई के लिए बताये गये न्यूनतम मूल्य पर स्वीकार किया गया था ;

(ग) क्या मनीपुर सरकार निर्धारित समय में सप्लाई करने के लिये करार की शर्तों के अनुसार रेलवे माल डिब्बे उपलब्ध कराने में फर्म की सहायता करने के लिए सहमत हुई थी ;

(घ) यदि उपर्युक्त भाग (क) से (ग) तक का उत्तर स्वीकारात्मक हो तो फर्म को उसके अनुरोध पर कितने माल डिब्बे उपलब्ध किये गये ; और

(ङ) क्या फर्म ने अरहर की दाल की उक्त मात्रा की सप्लाई के लिए माल डिब्बे बढ़ाने में समथ नष्ट होने के कारण समय बढ़ाए जाने के लिए आवेदन पत्र दिया था और यदि हां, तो क्या मनीपुर सरकार ने इस प्रार्थना पत्र पर विचार कर लिया है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) तथा (ख) : मनीपुर सरकार ने हमें सूचित किया है कि करार उचित टेंडर आमंत्रित करने के बाद किया गया था जिस पर करार किया गया तथा न्यूनतम था ।

(ग) मनीपुर सरकार ने आगे सूचित किया है कि उपरोक्त भाग (क) में उल्लिखित करार की धारा 4 के अन्तर्गत यह समझा गया था कि इस के सम्बन्ध में प्रेषित माल के भेजने के लिए विक्रेता द्वारा मांगे गये वैगनों के लिए अपेक्षित प्रेषण के 10 दिन पूर्व लिखित में विक्रेता से मांग प्राप्त होने पर खरीददार द्वारा आवश्यक सहायता की व्यवस्था की जाएगी । रेल प्राधिकारियों द्वारा समय-समय पर लागू संचालन-प्रतिबंधों के अधीन सभी रेल मार्गों द्वारा वेगनों का प्रबन्ध किया जायगा ।

(घ) मनीपुर सरकार का कहना है कि उन्होंने 10-3-1969 और 19-3-1969 को विक्रेता द्वारा किये गये आवेदन पर 21 मार्च, 1969 तक 22 वैगन भेजे थे ।

(ङ) करार की शर्तों के अधीन फर्म को 28 मार्च, 1969 तक सप्लाई पूरी करनी थी । बताया जाता है कि 26 मार्च, 1969 को फर्म ने, इस आधार पर कि उन्हें 16 से 23 मार्च, 1969 के बीच बुक किये वैगनों में ठेका की गई पूरी मात्रा के पहुंचने की आशा है, 20 अप्रैल 1969 तक समय बढ़ाने का अनुरोध किया । रेल वैगनों के प्राप्त करने में कोई समय नष्ट नहीं हुआ था । समय के बढ़ाये जाने के लिए फर्म के अनुरोध पर मनीपुर सरकार द्वारा विचार किया गया था किन्तु उस सरकार द्वारा अनुमति नहीं मिली ।

मनीपुर में मीति की जनगणना

5438. **श्री एम० मेघचन्द्र** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार और जनगणना महानिदेशक को मणिपुर के मीति समाज विशेषकर "दी मीति नेशनल कमेटी फार सेंसस 1971, से इस आशय का आवेदन प्राप्त हुआ है कि मीति लोगों की जनगणना एक विशेष नाम से की जाये ; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रति क्रिया है और धर्मिक समुदाय के अनुसार मनीपुर के लोगों की जनगणना करने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री के० एस० रामस्वामी) : (क) जी हां, श्रीमान् ।

(ख) पिछली परिपाटी का अनुकरण करते हुए 1971 की जनगणना में उत्तरवादियों के द्वारा दिये गये उत्तर के अनुसार "धर्म" दर्ज किए जाएगें । धर्म सम्बन्धी सारणी में देश संख्या के अनुसार सबसे बडे छः धार्मिक समूहों अर्थात् बौद्धों ईसाइयों हिन्दूओं, जैनियों, मुसलमानों और सिख्खों के सम्बन्ध में अलग-अलग आंकड़े दिये जाएंगे । अन्य धार्मिक समूह "अन्य" शीर्षक

के अधीन एक साथ दिखाए जाएंगे और उन समूहों को अलग-अलग मुख्य सारणी के एक परिशिष्ट में दिखलाया जाएगा। मुख्य सारणी में किसी भी अन्य धार्मिक समूह को सम्मिलित करना सम्भव नहीं है।

तीसरी और दूसरी श्रेणी के स्नातकों के लिए रोजगार के अवसर

5439. **श्री द्वा० ना० तिवारी :** क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विभिन्न राज्यों में केन्द्रीय विश्वविद्यालयों तथा अन्य विश्वविद्यालयों द्वारा जो परीक्षाएं ली जाती हैं, उनमें 50 प्रतिशत से भी अधिक छात्र तीसरी या निम्न-द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण होते हैं ;

(ख) क्या सरकार को पता है कि उनके लिए सरकार सेवा या गैर-सरकारी फर्मों में रोजगार प्राप्त करना अत्यन्त कठिन या प्रायः असम्भव होता है ; और

(ग) क्या उनकी सहायता करने के प्रश्न पर विचार किया है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव): (क) तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत विभिन्न विश्वविद्यालयों और विभिन्न परीक्षाओं में अलग-अलग होता है। यह संलग्न विवरण में दिखाया गया है। **[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 1918/69]** इसमें 16 केन्द्रीय और राज्य के विश्वविद्यालयों के 1967 के परीक्षा परिणामों का विश्लेषण दिया गया है। इसी वर्ष का नवीनतम विश्लेषण उपलब्ध था।

(ख) सरकार और निजी फर्मों में ऐसे पद हैं, जिनमें तृतीय श्रेणी या निम्न द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र सक्षम हैं। लेकिन फिर भी इन कई पदों के लिए अधिक प्रतियोगिता को देखते हुए इनमें से कई का चुनाव होना कठिन हो जाता है।

(ग) जो छात्र उच्च शिक्षा में अपनी योग्यता नहीं दिखाते, उनको वास्तव में ही उच्चतर माध्यमिक स्तर पर या प्रथम डिग्री वर्ष में व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में जाने के लिए प्रेरित करना चाहिये। ऐसे पाठ्यक्रम उनकी रुचियों और क्षमता के लिए अधिक उपयुक्त होते हैं। सरकार माध्यमिक शिक्षा को व्यवसाय-प्रधान बनाने का प्रयत्न कर रही है और डिग्री पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में व्यवसाय शिक्षा पर बल देने के प्रस्ताव भी विचाराधीन हैं। लेकिन फिर भी प्रगति काफी धीमी है, विशेष रूप से साधनों की कमी के कारण और साथ ही सामाजिक प्रवृति के कारण भी जोकि अभी तक इन पाठ्य-क्रमों को हीन दृष्टि से देखती है।

शिक्षा आयोग ने इस मामले पर विचार किया और सिफारिश की कि व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में छात्रों को जाने के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ छात्र को यदि वह चाहे तो अपनी श्रेणी सुधारने के लिए दोबारा परीक्षा देने की अनुमति भी दे देनी चाहिये। इस सिफारिश की ओर विश्व-विद्यालयों का ध्यान दिलाया गया है।

दक्षिण और उत्तर भारत के लिए समान लिपियां

5440. **श्री द्वा० ना० तिवारी :** क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दक्षिण भारत और उत्तर भारत के लिए एक सामान्य लिपि तैयार करने के लिए कोई प्रयास किया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो उनका क्या परिणाम निकला है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) और (ख) : सरकार के विचाराधीन ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है ।

राष्ट्रीय समुद्रविज्ञान संस्था द्वारा हिन्द महासागर की खोजबीन

5441. **श्री नन्दकुमार सोमानी :**
श्री सीता राम केसरी :

क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि समुद्री वैज्ञानिक यूनेस्को कार्यक्रम के अन्तर्गत 1970/80 दशाब्दी में हिन्द महासागर की गहन खोजबीन करने की योजना तैयार कर रहे है ;

(ख) राष्ट्रीय समुद्रविज्ञान संस्थान के द्वारा अब तक किये गये खोजबीन के कार्य के क्या महत्वपूर्ण परिणाम निकले है; और

(ग) हिन्द महासागर के भूमध्य रेखा क्षेत्र में पर्याप्त रूप से पाई जाने वाली टूना मछली को पकड़ने के काम को प्रोत्साहन देने के लिए क्या प्रयत्न किये जा रहे हैं ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी०के० आर० वी० राव) : (क) जी हां । जहाजी सुविधाओं का आयोजन किया जाना है ।

(ख) अर्न्तराष्ट्रीय हिन्द महासागर अभियान (अ० हि० महा० अ०) के दौरान भारतीय कार्यक्रम में एकत्रित किये गये आंकड़ों और सामग्री का अध्ययन भारतीय समुद्रविज्ञान संस्थान द्वारा किया गया है और अब तक प्राप्त परिणामों का संक्षेप इस प्रकार है :—

(1) भारतीय समुद्रतटों पर अपवेलिंग तथा जीव-विज्ञानीय उत्पादिता के स्थानों का पता लगाना ।

(2) महाद्वीपीय समुद्र की सतह के नीचे चट्टानों की श्रेणी में पनडुब्बी मार्गों को खोजना तथा उनका निर्माण करना तथा उत्तर के पुरी और दक्षिण के पोर्टो के बीच भारतीय पूर्वी तट के ढलान को कम करना । नदी के मुहानों से दूर कुछ जलमार्गों का पता लगाया गया है जो जल मग्न नदी की घाटियां समझी जाती हैं ।

(3) बंगाल की खाड़ी में घूर्णन जैसे परिचलन की उत्पत्ति। बीच बीच में कर्तन क्षेत्र के साथ दो घूर्णनों (प्रति चक्रवातीय) का पता लगाया गया है ।

(4) हिन्द महासागर के विभिन्न क्षेत्रों में, मछली के अंगों तथा डिम्भों सहित तरण जीव संघों का समुचित वितरण तथा मछली उत्पादन की मोटी रूप रेखा ।

(5) भारत के पश्चिम समुद्र तट से परे कुछ क्षेत्रों में फॉस्पेटीय बृहद् आन्त्र शोध की उत्पत्ति ।

(ग) टूना मछली पकड़ने के लिये किये गये प्रयत्न इस प्रकार है :—

(1) गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के भारत सरकार के स्टेशन द्वारा एफ० ए० ओ० विशेषज्ञो की सहायता से टूना के लिए समन्वेषी सर्वेक्षण किया गया था, जिसमें दूर दूर तक मछली पकड़ने

की पद्धति अपनाई गई थी। एक एफ० ए० ओ० विशेषज्ञ की सहायता से इस समय एक जहाज कोचीन से कार्य कर रहा है ; इस प्रयोग के कुछ समय तक चलने की आशा है ;

(2) भारतीय नार्वेजियन परियोजना लकाद्वीप के चारों ओर खर्की कोना द्वारा स्कीपजेक टूना मछलियों को पकड़ने के लिए प्रयोग कर रही है।

(3) लकाद्वीप के मछियारों के टूना मछली पकड़ने के अनुभव से लाभ उठाते हुए, पोल और लाइन पद्धति द्वारा स्कीपजेक टूना मछली को पकड़ने के लिए लगभग 40 यंत्रीकृत नौकाएं प्रयोग में लाई गई है। कुछ वर्ष पूर्व एक लघु कैनरी स्थापित की कई थी अब मिनीकाव में एक सम्पूर्ण कैनरी का निर्माण किया गया है जिसके द्वारा शीघ्र ही उत्पादन होने लगेगा। लकादीप की डिब्बा बंद टूना मछली अच्छी किस्म की पाई गई है।

फोर्ड राकफैलर फाउंडेशनों द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय को अनुदान

5442. **श्री ज्योतिर्मय बसु :** क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली विश्वविद्यालय को अब तक (एक) फोर्ड फाउडेंशन और (दो) राकफैलर फाउन्डेशन द्वारा कितनी सहायता और कितना अनुदान किस-किस प्रयोजन के लिए दिया गया ;

(ख) प्रत्येक सहायता तथा अनुदानों के लिए क्या शर्ते थी ;

(ग) विश्वविद्यालय ने इस सहायता और अनुदानों की राशि का किस प्रकार उपयोग किया है ;

(घ) दिल्ली विश्वविद्याललय से सम्बद्ध फोर्ड फाउन्डेशन तथा राकफैलर फाउन्डेशन के प्रतिनिधियों के नाम तथा अन्य ब्यौरा क्या हैं ; और

(ङ) प्रत्येक प्रतिनिधि के कार्य क्या हैं ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव): (क) विवरण संलग्न है **[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 1919/69]**।

(ख) कोई नहीं।

(ग) अनुदानों का उपयोग उन्ही प्रयोजनों के लिए किया गया था जिनके लिए वे दिये गए थे।

(घ) और (ङ). इस समय, फोर्ड फाउंडेशन का केवल एक प्रतिनिधि, अर्थात् प्रो० एल० सी० मीद, मनोविज्ञान का भूतपूर्व प्रोफेसर, टुफ्ट विश्वविद्यालय, अमेरिका (यू० एस० ए०), फोर्ड फाउन्डेशन सहायता कार्यक्रम को कार्यान्वित करने के लिए वरिष्ठ शैक्षिक सलाहकार के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय से सम्बद्ध है। राकफैलर फाउन्डेशन का कोई प्रतिनिधि विश्व-विद्यालय से सम्बद्ध नहीं है।

मानव सबध संस्था

5443. **श्री स० कुण्डू :** क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार निकट भविष्य में डा० एस० राधाकृष्णन के नाम पर मानव सम्बन्ध संस्था स्थापित करने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो इस संस्था के मुख्य कार्य क्या होंगे और यह कब तक कार्य आरम्भ कर देगी ; और

(ग) यह संस्था कहां स्थापित की जायेगी ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) इस मंत्रालय में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठता ।

नेशनल स्टेडियम, नई दिल्ली में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए सामान्य शयनागार किस्म का आवास

5444. **श्री स० कुण्डू** : क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने विश्वविद्यालय व विद्यार्थियों को नेशनल स्टेडियम, नई दिल्ली में सामान्य शयनागार किस्म का आवास व्यवस्था उपलब्ध कराने का निर्णय किया है ; और

(ख) उपलब्ध किये जाने वाले आवास का ब्यौरा क्या है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) जी हां ।

(ख) राष्ट्रीय स्टेडियम में लगभग 80 व्यक्तियों के लिए शयनागार किस्म के आवास की व्यवस्था है । यह आवास विश्वविद्यालयों के ऐसे विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध है, जिन्हें टूर्नामेंट में भाग लेने, संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में बैठने, रोजगार के लिए साक्षात्कार हेतु और संचालित पर्यटन आदि के लिए दिल्ली आना होता है ।

केरल राज्य में मन्दिरों के जीर्णोद्धार के लिए सहायता

5445. **श्री मंगलाथुमाडोम** : क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केरल सरकार से हाल ही में इस आशय का कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है कि केरल राज्य में मन्दिरों के जीर्णोद्धार के लिए केन्द्रीय सहायता दी जाये और :

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में उप मंत्री (श्रीमती जहानआरा जयपाल सिंह) : (क) जी नहीं, श्रीमान ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

रेलवे कर्मचारियों की समस्याय

5446. **श्री गाडिलिंगन गौड़** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि रेलवे मंत्रालय में या इसके अधीन काम करने वाले कर्मचारियों की प्रशासनिक समस्याएं बहुत जटिल हैं ;

(ख) क्या उनके मंत्रालय को इस बात का पता है कि रेलवे कर्मचारियों की शिकायतों को दूर करने का जहां तक सम्बन्ध है रेलवे बोर्ड असफल तथा प्रभावहीन रहा है और विचाराधीन शिकायतों की संख्या बढ़ती जा रही है ;

(ग) क्या प्रशासनिक सुधार आयोग भी रेलवे कर्मचारियों की सेवा की शर्तों आदि से सम्बन्धित समस्याओं पर विचार कर रहा है ;

(घ) यदि हां, तो आयोग किन समस्याओं पर विचार कर रहा है और आयोग ने इस काम में कितनी प्रगति की है ;

(ङ) क्या आयोग समान वेतन ढांचे , पदोन्नति के अवसरों तथा रेलवे कर्मचारियों की शिकायतों को दूर करने वाले अधिकरण के मामले में उन्हें केन्द्रीय सरकार के अन्य विभागों में काम करने वाले कर्मचारियों के बराबर लाने के प्रश्न पर विचार कर रहा है ;

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) जी हां, श्री मान् ।

(ख) रेलवे बोर्ड काफी प्रभावपूर्ण ढंग से कार्य कर रहा है और ऐसा कोई संकेत नहीं है कि विचाराधीन शिकायतों की संख्या में वृद्धि हुई है ।

(ग) जी हां, श्रीमान् ।

(घ) रेलवे के सम्बन्ध में अन्य बातों के साथ साथ रेलवे की कार्य-प्रणाली के लिए प्रशासनिक प्रबन्धों की जांच करने के लिए प्रसाशनिक सुधार आयोग द्वारा नियुक्त अध्ययन दल ने अपना प्रतिवेदन आयोग को प्रस्तुत कर दिया है और यह प्रतिवेदन इस समय उनके विचाराधीन है ।

(ङ) और (च) : प्रश्न नहीं उठता ।

हिमाचल प्रदेश में बलदेव सिंह की कथित हत्या

5447. **श्री बाल्मीकि चौधरी**
श्री वेंश नारायण सिंह :
श्री शारदा नन्द :
श्री हुक्म चन्द कछवाय :
श्री पी० सी० अदिचन :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री 7 मार्च, 1969 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2223 और 2224 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या धमेता (कांगड़ा जिले) नामक स्थान पर की गई श्री बलदेव सिंह की हत्या, जिसका शव 29 नवम्बर , 1968 को बरामद किया गया था, के बारे में विस्तृत जानकारी इस बीच एकत्र कर ली गई है और इस मामले में की गई जांच पड़ताल का ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या शव परीक्षा से यह पता चला है कि उसकी मृत्यु बिजली के झटके से हुई और यदि हां, तो क्या इस बात की जांच पड़ताल की गई कि उसे बिजली का झटका कहां लगा, आटे के उस मिल में लगा जहां वह काम करता था या किसी अन्य स्थान पर ;

(ग) यदि हां, तो इस जांच पडताल का क्या निष्कर्ष है और क्या वहां के उस बिजली घर के अधिकारियों ने इस बात का खंडन किया है कि सड़क पर लगे बिजली के खम्बों के बिजली के तारों से किसी की मृत्यु हुई ;

(घ) क्या अन्य साक्ष्य भी शव-परीक्षा के निष्कर्ष के विरुद्ध जाते हैं, क्योंकि उसके शरीर के उन अंगों पर चोट लगी थी जिन पर बिजली के झटके या उसके परिणाम स्वरूप गिरने से चोट नहीं लग सकती ; और

(ङ) क्या इस मामले में न्यायिक जांच के आदेश दिये गये हैं या दिये जा रहे हैं और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) (क) से (ङ) हिमाचल प्रदेश सरकार विषय में अग्रेतर जांच कर रही है। अपेक्षित सूचना उनसे एकत्रित की जा रही है और प्राप्त होने पर सभा-पटल पर रख दी जायगी।

हिमाचल प्रदेश में बलदेव सिंह की कथित हत्या

5443. **श्री वंश नारायण सिंह :**
श्री शारदानन्द :
श्री रामसिंह अयरवाल :
श्री बाल्मीकि चौधरी :
श्री अदिचन :
श्री हुकम चन्द कछवाय :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री 7 मार्च, 1969 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2237 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हिमाचल प्रदेश में कुछ वर्ष पूर्व धमेता गांव के आटे के मिल मालिक द्वारा कथित मानव बलि की घटना की सच्चाई अथवा झूठ के सम्बन्ध में सरकार को इस बीच सूचना प्राप्त हो गई है

(ख) क्या यह सच है कि श्री बलदेव सिंह की कथित हत्या के मामले में भी पुलिस ने 15 दिन से अधिक समय तक कोई कार्यवाही नहीं की है ;

(ग) क्या धमेता और समकर, दो गांवों की जनता और पंचायतों ने कुछ संसद सदस्यों के माध्यम से, इस मामले में पुलिस की अकर्मण्यता और शव परीक्षा की रिपोर्ट के आधार पर मामले को समाप्त कर दिये जाने, जो स्पष्टतः पक्षपातपूर्ण थी तथा अन्य गवाहियां के विरुद्ध, गृह-कार्य मंत्री को अभ्यावेदन दिया है, और

(घ) यदि हां, तो इस मामले में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्लः) : (क) हिमाचल प्रदेश सरकार ने सूचित किया है कि जांच से तथा कथित नरबलि का कोई ठोस प्रमाण प्रकाश में नही आया है।

(ख) जी नहीं, श्रीमान्। इस मामले के सम्बन्ध में 29 नवम्बर, 1968 की शाम को सूचना प्राप्त होने पर दो कांस्टेबलों को शव की रक्षा के लिए नियुक्त कर दिया गया था, अगली सुबह एक हैड कांस्टेबल को दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 174 के अन्तर्गत जांच-पड़ताल करने के लिए भेजा गया। आगे की जांच कार्यवाही सम्बन्धित पुलिस थाने के कार्य प्रभारी अधिकारी ने की थी।

(ग) जी हां, श्रीमान्।

(घ) हिमाचल प्रदेश सरकार मामले में और आगे जांच कर रहीं है।

Glossary of Technical and Scientific Terms

5449. **Shri Valmiki Chaudhary :** Will the Minister of **Education and Youth Services** be pleased to state :

(a) the expenditure incurred by the Central Government so far on preparing glossaries of technical and scientific terms since the Independence ;

(b) the names of glossaries prepared so far under the supervision of the Central Government and names of those which are under preparation by various Committees and the progress made so far in respect of them as also the future schemes in this regard.

(c) the time by which the work is likely to be completed ;

(d) whether it is a fact that the progress has been very slow ; and

(e) if so, the reasons therefor and the steps being taken to expedite it ?

The Minister of State in the Ministry of Education and Youth Services (Shri Bhakt Darshan) : (a) An expenditure of Rs. 5.73 lakhs has been incurred on the publication of the various glossa ries of technical and scientific terms brought out since Independence.

(b) The following glossaries have been brought out so far :—

(i) Consolidated Glossary of Technical Terms.
(ii) Engineering Glossary . . . . . Four Parts
(iii) Humanities Glossary . . . . . Five Parts
(iv) Medical Science Glossaries 4
(v) Agriculture Glossary
(vi) Science Glossary . . . . . Four Parts
(vii) Consolidated Glossary of Administrative Terms . . . .

The following glossaries are under post-manuscript stage :—

(i) Science Glossary (Hindi-English)
(ii) Commerce Glossary.
(iii) Humanities Glossary—Part 6
(iv) Administrative Terms Glossary
(v) Posts and Telegraphs Glossary

(c) It is expected that the work will be completed by January, 1970.

(d) No, Sir.

(e) Does not arise.

Central Assistance for production of books in Regional Languages at University level

5450. **Shri Valmiki Choudhary** : Will the Minister of **Education and Youth Services** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Central assistance of Rs. 11 crore each has been given to the various State Governments for the production of books in regional languages at University level ;

(b) if so, when this assistance was given, the portion of the assistance spent so far and the progress made so far, State-wise ;

(c) whether any State utilised the amount of this grant for some other purpose and if so, how much and for what purpose in the case of each State and whether the State concerned did so with the permission of the Central Government ; and

(d) if not, the reaction of Government in this regard ?

The Minister of Education and Youth Services (Dr. V.K.R.V. Rao) : (a) and (b). No, Sir. Under the Centrally sponsoreds cheme "Production of literature in Indian languages of as media of instruction at University stage", an amount upto Rs. 1 crore is to be paid to each State Government spread over six years commencing from 1968-69. During the year 1968-69, grants amounting to Rs. 34,47,828 were paid to the 12 State Governments whose programmes

under the scheme were approved by the Government of India. The break-up of this amount is as follows :

	Rs. in lakhs
1. Haryana	2
2. Mysore	5
3. West Bengal	32,77? thousands
4. Uttar Pradesh	2
5. Rajasthan	5
6. Madhya Pradesh	1
7. Tamil Nadu	1·72
8. Kerala	43,050
9. Andhra Pradesh	10
10. Assams	1
11. Bihar	5
12. Maharashtra	1

During the year 1969-70, all the State Governments excepting Haryana and Andhra Pradesh have already been advised that they could straightaway incur further expenditure upto Rs. 7 lakhs each on the implementation of the Scheme. The Governments of Haryana and Andhra Pradesh have, on the besis of their requirements, been advised to incur expenditure upto Rs. 2 lakhs and Rs. 28 lakhs respectively during the current financial year.

All the State Governments excepting Nagaland and Jammu and Kashmir have set up Autonomous Boards/Departmental Boards for production of books and literature at the University level.

The amount of expenditure so far incurred by the States is not yet known.

(c) and (d). Government have received no such complaints/information.

Opening of National Language School University

5451. **Shri Valmiki Choudhary** : Will the Minister of **Education and Youth Services** be pleased to state :

(a) whether Government have received a proposal to open a National Language School in Mysore ;

(b) if so, the details of the scheme in this regard ;

(c) whether Government propose to make an announcement to open such a School or a University ; and

(d) whether it is proposed to open such schools or Universities in other parts of the country also and if so the names of the places where they are proposed to be opened ?

The Minister of Education and Youth Services (Dr V. K. R. V. Rao) : (a) to (d).

Statement

The Government of India have already established the Central Institute of Indian Languages at Mysore. The main purpose of the Institute is to assist and co-ordinate the development

of Indian languages. A provision of Rs. 35 lakhs has been made in the Fourth Five Year Plan out of which Rs. 5 lakhs have been provided for the current financial year.

A major task of the Institute will be to identify the bonds of unity among different Indian languages in terms of history, vocabulary, cross-fertilisation, grammar, linguistic structure and literary and cultural themes and subject content.

The Institute would also undertake formulation of techniques for simplifying the teaching of languates, reducing the time element involved in learning different languages and preparing basic vocabularies for basic Tamil, basic Kannada, basic Hindi, basic Urdu etc.

The Institute will not only supplement the linguistic activities of the Universities and State bodies but will also provide the much needed agency of coordination to avoid wastage and duplication of effort. The Institute will initiate such inter-disciplinarv programmes which will require the cooperation of several universities, institutions and disciplines.

The study of tribal languages with a view to devising suitable material for teaching Indian languages to them and teaching their language to others who come either in administrative of cultural contacts with them will also be a special responsibility of this Institute.

Urdu and Sindhi are non-State languages. They will claim special attention of this Institute.

The Institute will also help expand language laboratory facilities and look into the matter of the use of Such technical aids as closed circuit television and films in the teaching of languages.

Government proposes to establish four regional centres of Indian languages with a view to providing short-term courses of training to language teachers for teaching other Indian languages in centres. One such regional institute would be attached to the Central Institute of Indian Languages at Mysore. Other three centres would be located at Patiala, Poona and Bhubaneswar.

Link Road In South Delhi To Connect Villages Near I.I· T

5452. **Shri Raghuvir Singh Shashtri** : Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to State :—

(a) whether Government are aware that Hauz Khas, Jiya Sarai and Katwareari Sarai Villages near I.I.T. Hostel in South Delhi have been encircled by barbed wire, consequent upon construction of the Hostel as a result of which the residents of these villages have to cover a long distance in pursuit of their daily chores ;

(b) whether Government propose to construct a straight link road after removing these barbed wire connecting these villages, as they are situated more or less in a straight line ; and

(c) if not, the reasons therefor ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) :(a), (b) and (c). The villages are in fact not encircled by barbed wire fencing. The parties to whom land has been allotted between these villages have fenced the land allotted to them. The Construction of a straight link road is not possible. However, in the Zonal Development Plan these villages have been connected with the newly constructed roads and every village is accessible independently from the main road.

विदेशों से जहाजों की खरीद

5453. श्री ज्योतिर्मय बसु :
श्री सत्य नारायण सिंह :
श्री सयद बदरुद्दजा :
श्री गणेश घोष :

क्या **नौवहन तथा परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विदेशों से जहाजों का क्रय किस प्रकार किया जाता है;

(ख) क्या सरकार को विश्वास है कि वास्तविक मूल्य से अधिक राशि के बीजक नहीं बनाये गये हैं; और

(ग) क्या सब व्यापार आवश्यक रूप से राज्य व्यापार निगम द्वारा किया जा सकता है ?

संसद्-कार्य, नौवहन तथा परिवहन मंत्री (श्री के० रघुरमैया) : (क) नये या बरते हुए जहाजों के अर्जन के लिये जहाजों के मालिकों से प्राप्त प्रत्येक प्रस्ताव योग्यता के आधार पर विचार किया जाता है और मंजूर किया जाता है। बरते हुए जहाजों के कुछ मामलों के सिवाय समस्त अर्जन आस्थगित अदायगी के आधार पर किया जाता है। जिसका अभिप्राय सुपुर्दगी के समय तक लगभग 10–20 प्रतिशत की तुरन्त भुगतान है और शेष की अदायगी जहाजों की विदेशी मुद्रा के अर्जन से वर्षों की अवधि में किया जाता है। तुरन्त अदायगी के लिये विदेशी मुद्रा सामान्य रूप से निम्नलिखित चार तरीकों से या उनके सम्मिलन से किया जाता है।

(1) जहाज मालिकों को सरकार द्वारा अनुमोदित शर्तों पर विदेशी मुद्रा का ऋण लेने की अनुमति है।

या (2) जहाज मालिकों को कुछ अन्तर्विभागीय ऋण जो उस देश से उपलब्ध हों जिसमें जहाज बनाये जाते हैं, से विदेशी मुद्रा आवंटित की जाती है।

या (3) कुछ पुराने जहाजों की बिक्री से या बीमा दावे से कम्पनी द्वारा अर्जित विदेशी मुद्रा के बदल, विदशी मुद्रा मुक्त साधनों से नियुक्त किया जाता हैं।

या (4) उपरोक्त तरीकों के असफल होने पर यदि प्रस्ताव पर्याप्त रूप से आकर्षक हो तो विदेशी मुद्रा मुक्त साधनों से नियुक्त किया जाता है।

(ख) जहाजों की कीमत जो अर्जित की जानी है उसकी युक्तियुक्तता का जहाजों के स्वतंत्र मूल्य निर्धारकों से प्राप्त मूल्य निर्धारण रिपोर्टों के आधार पर निर्णय किया जाता है। जहाजों के लिये बातचीत से तय किये हुए वास्तविक मूल्यों की जहाज मालिकों और विक्रेताओं के बीच निष्पादित बिक्री पत्र के संदर्भ में जांच की जा रही है। इन जांच पड़तालों के अलावा, पोतपरिवहन तथा परिवहन मंत्रालय के पास कोई साधन नहीं है जिससे जहाज मालिकों द्वारा जहाजों के मूल्य का अधिक बीजक बनाने की जांच की जा सके।

(ग) निम्नलिखित कारणों से राज्य व्यापार निगम के द्वारा कार्यवाही करना सम्भव नहीं है :—

(1) विभिन्न व्यापार के लिए जहाजों के आकार और प्रकार का मानकीकरण नहीं किया गया है। वे कई विशिष्टताओं में पृथक् होते हैं जो प्रत्येक शिपिंग कम्पनियों की आवश्यकताओं पर निर्भर करती है ताकि वे अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का प्रभावी रूप से सामना कर सकें।

(2) प्रत्येक जहाज़ के लक्षणों के अनसार जहाजों का मूल्य पृथक् होता है ।

(3) जहाज मालिकों को व्यक्तिगत रूप से यह देखना होता है कि जहाज उस व्यापार की पूर्ति करता है जिसमें वह लगा हुआ है क्योंकि नहीं तो जहाज एक बुरी बिक्री सिद्ध होगा जिसमें विदेशी मुद्रा की बड़ी निकासी होगी ।

त्रिपुरा और आसाम के लिये पर्यटन विकास का कार्यक्रम

5454. **श्री किरित विक्रम देव वमन :** क्या **पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1969–70 और चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में त्रिपुरा और आसाम के लिये पर्यटन विकास कार्यक्रम पर कितना व्यय आयेगा और उसका ब्यौरा क्या है और कौन से पर्यटन स्थलों का विकास किया जायेगा; और

(ख) पहली तीन पंचवर्षीय योजनाओं में और बाद के वर्षों में त्रिपुरा और आसाम में पर्यटन के विकास में क्या प्रगति हुई, इस उद्देश्य के लिये किन स्थलों का विकास किया गया और पर्यटकों को अन्य क्या सुविधाएं दी गई हैं और उन पर कितना व्यय किया गया ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) क्योंकि आसाम और त्रिपुरा में विदेशियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगे हुए हैं, आसाम में केवल काज़ीरंगा का विकास चौथी पंचवर्षीय योजना में सम्मिलित किया गया है । 1969–70 में काज़ीरंगा में 2.10 लाख रुपये की अनुमानित लागत से परिवहन व्यवस्था करने का प्रस्ताव है । योजना आयोग ने राज्यगत योजनाओं के अंतर्गत पर्यटन स्कीमों के लिये आसाम के लिये 39 लाख रुपये और त्रिपुरा के लिये 10 लाख रुपये की व्यवस्था की सहमति प्रदान की है ।

(ख) त्रिपुरा में केन्द्र द्वारा कोई पर्यटन विषयक स्कीमें प्रारम्भ नहीं की गयी हैं । आसाम के सम्बन्ध में सूचना देने वाला एक विवरण संलग्न है । **[पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी०—1920/69]**

राष्ट्रीय अनुसन्धान विकास निगम का कार्य संचालन

5455. **श्री वीरेन्द्र कुमार शाह :** क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम के निदेशक मंडल की कार्यावधि 31 मार्च, 1969 को समाप्त हो गई थी और अब तक नये मंडल का गठन नहीं किया गया है;

(ख) क्या यह भी सच है कि कार्यकारी निदेशक का पद गत तीन वर्षों से रिक्त पड़ा है; और

(ग) यदि उपरोक्त भाग (क) और (ख) का उत्तर स्वीकारात्मक हो, तो क्या सरकार यह समझती है कि उपर्युक्त निगम को चलाने के लिये निदेशक मंडल और कार्यकारी निदेशक किसी की भी आवश्यकता नहीं है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम के पिछले निदेशक मंडल की अवधि 31 मार्च, 1969 को समाप्त हो गई थी

परन्तु इसे 31 जुलाई, 1969 तक बढ़ा दिया था। 1 अगस्त, 1969 से मंडल को दो वर्ष की अवधि के लिये पुनर्गठित किया गया है।

(ख) और (ग). कार्यकारी निदेशक का पद कई कारणों की वजह से पिछले तीन वर्षों से रिक्त है, परन्तु अब पद को नये निदेशक मंडल के परामर्श से तत्काल भरने का निर्णय ले लिया गया है।

गांधी शताब्दी समारोह

5456. श्री एन० शिवप्पा : क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विभिन्न राज्यों में गांधी शताब्दी समारोह की योजनाओं को अन्तिम रूप दिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) जी हां।

(ख) विवरण संलग्न है जिसमें सूचना दी गई है। **[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी०—1921/69]**

लद्दाख में मुस्लिम बहुल जिला

5457. श्री एन० शिवप्पा : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या लद्दाख जिले में से एक अलग मस्लिमगहुल जिले के निर्माण के लिये लद्दाख के कारगिल नगर में जून, 1969 में किसी समय हड़ताल हुई थी; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) और (ख). जम्मू व काश्मीर सरकार ने सूचित किया है कि पिछले जून में कारगिल में एक हड़ताल की गई थी तथा कारगिल के एक पृथक् जिले के बनाये जाने की मांग की गई थी किन्तु राज्य सरकार द्वारा इसे दृढ़तापूर्वक अस्वीकार किये जाने पर इस मांगे को छोड़ दिया गया।

चंडीगढ़ में बिक्री कर की दर में वृद्धि

5458. श्री एन० शिवप्पा : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि चंडीगढ़ के संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन ने खाद्यान्नों पर प्रति रुपये डेढ़ पैसे से 3 पैसे तक की दर से बिक्री कर बढ़ा दिया है; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) जी हां, श्रीमान्।

(ख) क्योंकि पंजाब व हरियाणा के राज्यों द्वारा बिक्री-कर में इसी प्रकार की वृद्धि की गई थी।

टायर न होने के कारण दिल्ली परिवहन उपक्रम की बसों का अप्रयुक्त रहना

5459. **श्री नन्द कुमार सोमानी :** क्या नौवहन तथा परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली परिवहन उपक्रम की 130 बसें टायरों और पुर्जों की कमी के कारण बेकार खड़ी हैं; और

(ख) यदि हां, तो इस स्थिति को संभालने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

ससद्-कार्य, नौवहन तथा परिवहन मंत्रालय में उपमंत्री (श्री इकबाल सिंह): (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

सौराष्ट्र में केशोद हवाई अड्डे का विकास

5460. **श्री वीरेन्द्र कुमार शाह :** क्या पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्ह पता है कि केशोद सौराष्ट्र का एक महत्वपूर्ण हवाई अड्डा है और उससे कोडीनार स्थित चीनी के कारखाने, बेरावल स्थित रेयन के कारखाने तथा समीपवर्ती क्षेत्रों में स्थापित कृषि पर आधारित अनेक लघु उद्योगों की आवश्यका पूरी होती हैं तथा यह गिरिवन तथा सोमनाथ मंदिर को देखने के लिए प्रतिवर्ष जाने वाले अनेक यात्रियों की आवश्यकता को भी पूरा करता है ;

(ख) क्या गत वर्ष जून में सरकार का ध्यान केशोद के धावन पथ की शोचनीय दशा की ओर दिलाया गया था ;

(ग) क्या सरकार ने वहां पर 4500 फुट नए धावन पथ बनाने का निर्णय किया था परन्तु वहां पर निर्माण कार्य आरम्भ नहीं हुआ क्योंकि असैनिक उड्डयन विभाग का चौथी पंचवर्षीय योजना का कार्यक्रम अभी अंतिम रूप में तैयार नहीं किया जा सका ; और

(घ) केशोद की उपरोक्त महत्ता वहां विमान सेवाओं के अभाव में यात्रियों को होने वाली भारी असुविधा को ध्यान में रखते हुए क्या सरकार का विचार उक्त धावन पथ की मरम्मत करने के लिए इसे पंचवर्षीय योजना के अन्तिम रूप से न जोड़ते हुए शीघ्र ही कोई कार्यवाही करने का है ।

पयटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) जी हां ।

(ख) जी, हां ।

(ग) जी, हां ।

(घ) जी, हां । मौजूदा धावन पथ की मरम्मत की योजनाओं पर कार्यवाही हो रही है ।

रक्षा बेड़ा बनाने का प्रस्ताव

5461. श्रीमती इला पालचौधरी :
श्री सी० जनार्दनन :

क्या **नौवहन तथा परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इस आशय का एक प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है कि सरकार अपना पृथक् रक्षा बेड़ा बनाये ;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है और उस पर कितान धन खर्च आयेगा ;

(ग) यह प्रस्ताव कब से सरकार के विचाराधीन है ; और

(घ) उस पर कब तक अन्तिम निर्णय किये जाने की सम्भावना है ?

संसद्-कार्य, नौवहन तथा परिवहन मंत्री (श्री के० रघुरामैया) : (क) जी हां ।

(ख), (ग) और (घ) : एक भारतीय उद्धार संगठन स्थापित करने का प्रस्ताव मार्च 1966 से सक्रिय विचाराधीन रहा है और तब इस प्रश्न की जांच करने के लिए एक समिति नियुक्त की गयी थी । उस समिति ने अपनी रिपोर्ट में सिफारिश की कि यद्यपि संगठन के कुशल प्रचालन के लिए कम से कम दो टग अति आवश्यक हैं। प्रारंभत: 2 करोड़ रुपये की लागत से 3000 वीएचपी का एक टग से ही शुरू किया जाय । अनुमानित वार्षिक आवर्ती व्यय लगभग 29.5 लाख रुपये होगा जिसमें मूल्य ह्रास तथा ब्याज भी शामिल होगा । परन्तु उसमें सीधे खर्च जैसे ईंधन, पत्तन प्रभार आदि शामिल नहीं होंगे । इस विषय पर पोत मालिकों से कई बैठकों में विचारविमर्श किया गया यह जानने के लिए कि क्या वे सब इस संगठन की स्थापना में रुचि रखेंगे । परन्तु वे इस संबंध में उत्सुक नहीं थे क्योंकि इसकी वाणिज्यिक शक्यता पर पूरा भरोसा नहीं था । इसके बाद यह निश्चय किया गया कि इसे सरकारी क्षेत्र में स्थापित करने की संभावनाओं की और खोज की जाय । इस परियोजना के बारे में ब्योरेवार तकनीकी तथा वित्तीय जानकारी इकट्ठा करना भी आवश्यक समझा गया । उदाहरणार्थ, आवश्यक टगों का प्रकार, हिन्द-महासागर तथा उसके निकटवर्ती क्षेत्र में गत कुछ वर्षों से समुद्र में हताहत होने वाले भारतीय तथा विदेशी जहाजों की संख्या, गत कुछ वर्षों में जहाजी कम्पनियों द्वारा उद्धार नौकर्षण कार्यवाही पर किया गया वास्तविक व्यय, प्रस्तावित उद्धार संगठन का अनुमानित राजस्व और व्यय इत्यादि । उद्धार संगठन स्थापित करने के प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय सारी संबंधित जानकारी के एकत्रित किये जाने तथा उसके निर्धारण किये जाने के बाद ही किया जा सकता है ।

Inclusion of Independent Members of Parliament in Consultative Committees

5462. Shri Yashpal Singh : Will the Minister of Parliamentary Affairs be pleased to state :

(a) the manner in which Independent Members of Parliament would be included in the Consultative Committees being constituted for various Ministiers ;

(b) whether any rules have been framed for their nomination ; and

(c) whether any quota has been fixed for inclusion of these Members in each of the said Committees ?

The Minister of Parliamentary Affairs and Shipping and Transport (Shri K. Raghuramaiah) : (a), (b) and (c) : The Independent Members (not belonging to any particular Group) were addressed to give their preferences for serving on Consultative Committees. On the basis of the

information received, they have been included in the Committees. No separate rules have been made for nomination of independent members on these Committees. Care has ben taken to see as far as possible, that every independent member is represented in one Committee of his choice.

बिहार में गंडक नदी पर डुमरिया पुल

5463. **श्री द्वा० ना० तिवारी** : क्या **नौवहन तथा पारवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार में गंडक नदी पर राष्ट्रीय राजपथ संख्या 28 पर डुमरिया पुल का निर्माण कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है,

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं, और

(ग) पुल का कार्य पूरा होने में कितना समय लगने का अनुमान है ?

संसद्-कार्य, नौवहन तथा परिवहन मंत्रालय में उप मंत्री (श्री इकबाल सिंह): (क) और (ख). जी, हां । ठेकेदार द्वारा कुओं के धीमी गति से खोदने के कारण कुछ विलम्ब हुआ है ।

(ग) राज्य सरकार ने यह सूचना दी है कि पुल दिसम्बर 1970 तक पूरा हो जायेगा ।

Visits of Delegations of Members of Parliament Abroad

5464. **Shri Prem Chand Verma** : Will the Minister of **Parliamentary Affairs** be pleased to state :

(a) the names of Members of Parliament with their respective parties, who went abroad officially as Members of Delegations and for other purposes during the year 1968-69 ; and

(b) the expenditure incurred by Government on these Delegations ?

Minister of Parliamentary Affairs (Shri K. Raghuramaiah) : (a) and (b) : Informaation is being collected from the Ministry of Finance, who are concerned with the subject and will be laid on the Table of the House in due course.

दिनाँक 25 जुलाई, 1969 के अताराँकित प्रश्न संख्या 999 और दिनाँक 8 अगस्त 1969 के अताराँकित प्रश्न संख्या 2735 के उत्तरों में शुद्धि करने वाले विवरण

STATEMENTS CORRECTING ANSWERS TO USQ Nos. 999 DATED 25-7-1969 AND 2735 DATED 8-8-1969

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री के० एम० रामास्वामी): लोक सभा में 25 जुलाई, 1969 को दिल्ली महानगर परिषद् द्वारा, संसद द्वारा विचार तथा पारित किये जाने के लिए भेजे गए विधेयक से सम्बन्धित अतारांकित प्रश्न संख्या 999 के उत्तर में प्रस्तुत विवरण के स्तम्भ 4 में, प्रविष्टि संख्या 9 के सामने, इस प्रकार बताया गया था :—

"They had advised the Delhi Administration in January, 1969 to revise the Bill to cover certain other aspects of the law and obtain the recommendations of the Metropolitan Council to the revised Bill. Further communication from the Administration is awaited."

यह इस प्रकार पढ़ा जाना चाहिये :—

"The Bill is being processed by the Ministry of Health, Family Planning, Works, Housing and Urban Development. They had advised the Delhi Administration in January, 1969

to revise the Bill to cover certain other aspects of the law and obtain the recommendations of the Metropolitan Council to the revised Bill. Further communication from the Administration is awaited."

मुझे यह कहते हुए खेद है कि मास्टर अमीर चन्द, भाई बाल मुकन्द और मास्टर अवध बिहारी की फांसी की तारीखों के बारे में लोक सभा में 8 अगस्त, 1969 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2735 के उत्तर में दी गई जानकारी में संशोधन आवश्यक है क्योंकि इस बारे में कुछ नई जानकारी प्रकाश में आई है, भाई बाल मुकन्द और मास्टर अवधि बिहारी को भी 8 मई, 1915 को हीं दिल्ली में फांसी दी गई थी न कि 11 मई, 1915 को जैसा कि 8 अगस्त, 1969 को दिये गये उत्तर में बताया गया था ।

पश्चिम बंगाल से आये अध्यापकों के बारे में

Re. TEACHERS FROM WEST BENGAL

अध्यक्ष महोदय : श्री रघुनाथ रेड्डी, बिड़ला जांच के बारे में वक्तव्य ।

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रघुनाथ रेड्डी) : उठे ..

श्री ज्योतिर्मय बसु (डायमंड हार्बर) : मैं रेलवे मंत्री के बारे में मामला उठाना चाहता हूं । पश्चिम बंगाल से आये 2000 अध्यापकों को रेलवे कर्मचारियों ने परेशान किया, यातनाएं दीं और उन्हें अपमानित किया गया । उन्होंने अध्यापकों को, जिनमें अध्यापिकाएं भी थीं, 24 घंटे तक खाने और पानी के बिना रखा गया ।

अध्यक्ष महोदय : मैंने इसकी अनुमति नहीं दी है ।

श्री ज्योतिर्मय बसु : रेलवे मंत्री को अपने उन कर्मचारियों के आचरण के बारे में एक वक्तव्य देना चाहिये जिन्होंने अध्यापकों का अपमान किया है (**अन्तर्बाधाएं**) मैंने इस सम्बन्ध में स्थगन प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया है (**अन्तर्बाधाएं**)

अध्यक्ष महोदय : मैंने उसे स्वीकार नहीं किया है । आप इस तरह सभा की कार्यवाही में बाधा न डालें । यह बहुत बुरी बात है . . . (**अन्तर्बाधाएं**)

सभा पटल पर रखे गये पत्र

PAPERS LAID ON THE TABLE

Report of the National Labour Commission

The Minister of State in the Ministry of Labour, Employment and Rehabilitation (Shri Bhagwat Jha Azad) : I beg to lay on the Table a copy of the Report of the National Labour Commission , 1969. [*Placed in the Library. See No. LT*-1882/69]

भारत की प्रेस परिषद् का वार्षिक प्रतिवेदन तथा भारत के समाचार पत्रों के रजिस्ट्रार का वार्षिक प्रतिवेदन

संसद् कार्य विभाग और नौवहन तथा परिवहन मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री इकबाल सिंह) : मैं श्री इ० कु० गुजराल की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :

(1) प्रैस परिषद् अधिनियम, 1965 की धारा 18 के अन्तर्गत भारत की प्रैस परिषद्

के वर्ष 1968 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति ।

[पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी०--1883/69]

(2) भारत के समाचार-पत्रों के रजिस्ट्रार का भारत में समाचार पत्रों के बारे में वर्ष 1969 के वार्षिक प्रतिवेदन (भाग 1) की एक प्रति ।

[पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी०--1883/69]

भेषज तथा सौन्दर्य प्रसाधन अधिनियम के अन्तर्गत अधिसूचना

स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ब० सू० मूर्ति) : मैं भेषज तथा सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 1940 की धारा 33 की उपधारा (3) के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं :—

(1) भेषज तथा सौंदर्य प्रसाधन (दूसरा संशोधन) नियम, 1969, जो दिनांक 28 जून, 1969 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या एस० ओ० 2482 में प्रकाशित हुए थे ।

(2) भेषज तथा सौंदर्य प्रसाधन (तीसरा संशोधन) नियम, 1969, जो दिनांक 19 जुलाई, 1969 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या एस० ओ० 2889 में प्रकाशित हुए थे ।

(3) भेषज तथा सौंदर्य प्रसाधन (चौथा संशोधन) नियम, 1969, जो दिनांक 26 जुलाई, 1969 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या एस० ओ० 2944 में प्रकाशित हुए थे ।

[पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी०--1884/69]

जयन्ती शिपिंग कम्पनी (नियन्त्रण बोर्ड) आदि नियम के अन्तर्गत अधिसूचनायें तथा वाणिज्यिक नौवहन अधिनियम के अन्तर्गत लेखे तथा आश्वासनों पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही

संसद् कार्य और नौवहन तथा परिवहन मंत्री (श्री रघुरामैया): मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं ।

(1) (एक) जयन्ती शिपिंग कम्पनी (प्रबन्ध का हाथ में लेना) अधिनियम, 1966 की धारा 19 की उपधारा (2) के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति :—

(क) जयन्ती शिपिंग कम्पनी (नियन्त्रण बोर्ड) नियम, 1966 का हिन्दी संस्करण जो दिनांक 19 जुलाई, 1969 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 1159 में प्रकाशित हुए थे ।

(ख) जयन्ती शिपिंग कम्पनी (नियन्त्रण बोर्ड) संशोधन नियम, 1969 (हिन्दी और अंग्रेजी संस्करण) जो दिनांका 26 अप्रैल, 1969 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या जी०एस० आर० 1006 में प्रकाशित हुए थे ।

(दो) उपर्युक्त अधिसूचनाओं को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब को कारण बताने वाला एक विवरण

[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी०–1885/69]

(2) (एक) वाणिज्यक नौवहन अधिनियम, 1958 की धारा 16 की उपधारा (6) के अन्तर्गत जो नौवहन विकास निधि समिति के वर्ष 1966–67 के प्रतिवेदन तथा प्रमाणित लेखे की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) और उन पर लेखा परीक्षा प्रतिवेदन ।

(दो) उपरोक्त लेखे सभा-पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण बताने वाला एक विवरण

[पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल०टी०–1886/ 69]

(3) निम्नलिखित विवरण जिनमें लोक सभा के विभिन्न सत्रों के दौरान जो प्रत्येक के सामने दिखाए गए हैं, मंत्रियों द्वारा दिये गये आश्वासनों, वचनों तथा प्रतिज्ञाओं पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही दर्शायी गई है :—

(एक) विवरण संख्या ।	आठवां सूत्र, 1969 (चौथी लोक-सभा)
(दो) अनूपूरक विवरण संख्या 5, 6,7 और 8	सातवां सत्र, 1969 (चौथी लोक-सभा)
(तीन) अनुपूरक विवरण संख्या 6	छठा सत्र, 1968 (चौथी लोक-सभा)
(चार) अनुपूरक विवरण संख्या 13	पांचवां, सत्र, 1968 (चौथी लोक-सभा)
(पांच) अनुपूरक विवरण संख्या 19	चौथा सत्र, 1968 (चौथी लोक-सभा)
(छः) अनुपूरक विवरण संख्या 14	तीसरा सत्र, 1967 (चौथी लोक-सभा)
(सात) अनुपूरक विवरण संख्या 21	दूसरा सत्र, 1967 (चौथी लोक-सभा)
(आठ) अनुपूरक विवरण संख्या 16	सोलहवां सत्र, 1966 (तीसरी लोक-सभा)

[पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी०—1887/69]

केन्द्रीय उत्पादन शुल्क नियम, 1944 के अन्तर्गत अधिसूचना तथा सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के अन्तर्गत अधिसूचना

संसद् कार्य विभाग और नौवहन तथा परिवहन मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री इकबाल सिंह) : मैं श्री प्रं० च० सेठी की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :

(1) केन्द्रीय उत्पादन शुल्क नियम, 1944 के अन्तर्गत जारी की गई अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 1832 की एक प्रति जो दिनांक 2 अगस्त, 1969, के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी और एक व्याख्यात्मक ज्ञापन ।

(2) सीमा-शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 159 के अन्तर्गत अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 1963 (हिन्दी संस्करण) की एक प्रति जो दिनांक 16 अगस्त, 1969, के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी और एक व्याख्यात्मक ज्ञापन ।

[पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी०–1888/69]

कम्पनी अधिनियम के अधीन लेखा परीक्षित लेख

खाद्य तथा कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में उपमंत्री (श्री डा० एरिंग) : मैं श्री अन्नासाहिब शिन्दे की ओर से कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619–क की उपधारा के अन्तर्गत बिहार राज्य कृषि उद्योग विकास निगम लिमिटेड पटना, के 1967–68 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति, लेखापरीक्षित लेखे और उन पर नियन्त्रक महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां सभा पटल पर रखता हूं ।

[पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी०–1889/69]

हिन्दी के प्रसार तथा विकास के कार्यक्रम का मूल्यांकन प्रतिवेदन

संसद्-कार्य विभाग और नौवहन तथा परिवहन मंत्रालय में उप मंत्री (श्री इकबाल सिंह) : मैं श्री विद्या चरण शुक्ल की ओर से हिन्दी के प्रसार तथा विकास और संघ के सरकारी प्रयोजनों के लिये उसके उत्तरोत्तर प्रयोग के कार्यक्रम के बारे में वर्ष 1968–69 के वार्षिक मल्यांकन प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंपेजी संस्करण) की एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं ।

[पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी०––1890/69]

अल्पसूचना प्रश्न संख्या 5 के उत्तर के लिए दिये गये आश्वासन के अनुसरण में वक्तव्य

सूचना और प्रसारण तथा संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह) : मैं डाक थैले में छिपे एक बम के विस्फोट के बारे में अल्प सूचना प्रश्न संख्या 5 पर अनुपूरक प्रश्नों के दौरान 14 अगस्त, 1969 को दिये गये अपने आश्वासन के अनुसरण में एक वक्तव्य सभा-पटल पर रखता हूं । जिसमें कलकत्ता महा डाकघर में बम विस्फोट ग्रस्त दिनांक 8 अगस्त, 1969 के पार्सल बैग संख्या 1 में शामिल बी०पी० पार्सलों और साधारण रजिस्टर्ड पार्सलों का विवरण दिया गया है ।

[पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी०––1891/69]

Report of the P.C. Borooah Committee, Certified Accounts of the Cardamom Board and Cardamom (Licensing and Registration) Amendment Rules, 1969

The Deputy Minister in the Ministry of Foreign Trade and Supply (Chowdhary Ram Sewak) : I beg to lay on the Table :—

(1) A copy of the Report of the P.C. Borooah Committee on the Tea Industry (November, 1969) [Placed in Library. *See* No. LT-1892 (69].

(2) A copy of the certified Accounts of the Cardamom Board for the year 1967-68 together with the Audit Report thereon, under Sub-Section (4) of Section 19 of the Cardamom Act, 1965, [Placed in the Library. *See* No. LT-1893/69]

(3) A copy of the Cardamom (licensing and Registration) Amendment Rules, 1969 published in Notification No G. S. R. 1936 in Gazette of India dated the 16th August, 1969 under sub section (3) of section 33 of Cardamom Act, 1965. Placed in Library. See m.LT 1893/69]

वार्षिक योजना 1969–70 और वार्षिक योजना प्रगति प्रतिवेदन 1967–68

संसद्-कार्य और नौवहन तथा परिवहन मंत्री (श्री रघुरामैया) : मैं श्रीमती इंदिरा गांधी की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :—

(1) वार्षिक योजना, 1969–70

(2) वार्षिक योजना प्रगति प्रतिवेदन 1967–68 ।

[पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी०—1894/69]

संसदीय समितियां

PARLIAMENTARY COMMITTEE

कार्यवाही का सारांश

श्री भालजीभाई परमार : मैं गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों सम्बन्धी समिति की चालू सत्र के दौरान हुई 51वीं से 54वीं बैठकों के कार्यवाही सारांश सभा-पटल पर रखता हूं ।

श्री एम तिरूमल राव : मैं निम्नलिखित प्रतिवेदनों से सम्बन्धित प्राक्कलन समिति की बैठकों के कार्यवाही सारांश सभा-पटल पर रखता हूं

(1) सिंचाई और विद्युत् मंत्रालय–कोसी तथा गंडक परियोजनाओं के सम्बन्ध में क्रमश: 68वां और 75वां प्रतिवेदन ।

(2) रेलवे मंत्रालय–रेलवे विद्युतीकरण परियोजनायें–के सम्बन्ध में 70वां प्रतिवेदन ।

(3) स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्रालय मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग (लेखन सामग्री प्रभाग)—के सम्बन्ध में 72वां प्रतिवेदन ।

(4) नौवहन तथा परिवहन मंत्रालय–तृतीय नौवहन—के सम्बन्ध में 73वां प्रतिवेदन ।

(5) नौवहन तथा परिवहन मंत्रालय—अन्तर्देशीय जल परिवहन—के सम्बन्ध में 74 वां प्रतिवेदन ।

(6) स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण आवास तथा नगरीय विकास मंत्रालय, मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग (मुद्रण विभाग)—के सम्बन्ध में 83वां प्रतिवेदन ।

श्री वेदव्रत बरुआ : मैं सभा की बैठकों से सदस्यों की अनुपस्थिति सम्बन्धी समिति की चालू सत्र के दौरान हुई 11वीं बैठक का कार्यवाही सारांश सभा-पटल पर रखता हूं ।

राज्य सभा से सन्देश

MESSAGE FROM RAJYA SABHA

सचिव : मुझे राज्य सभा के सचिव से प्राप्त निम्नलिखित संदेश की सूचना देनी है :

(एक) कि लोक-सभा द्वारा 13 अगस्त, 1969 को पास किये गये दिल्ली उच्चन्यायालय

(संशोधन) विधेयक, 1969 से राज्य सभा अपनी 26 अगस्त, 1969 की बैठक में बिना किसी संशोधन के सहमत हो गई है ।

(दो) कि लोक-सभा द्वारा 12 अगस्त, 1969 को पास किये गए दण्ड तथा निर्वाचन विधियां संशोधन विधेयक, 1969 से राज्य सभा अपनी 26 अगस्त, 1969 की बैठक में बिना किसी संशोधन के सहमत हो गई है ।

(तीन) कि लोक-सभा द्वारा 25 अगस्त, 1969 को पास किए गए विनियोग (रेलवे) संख्या 3 विधेयक, 1969 के बारे में राज्य सभा को लोक-सभा से कोई सिफारिश नहीं करनी है ।

(चार) कि लोक-सभा द्वारा 26 अगस्त, 1969 को पास किये गए विनियोग (रेलवे) संख्या 4 विधेयक, 1969 के बारे में राज्य सभा को लोक-सभा से कोई सिफारिश नहीं करनी है ।

सभा की बैठकों से अनुपस्थिति की अनुमति

LEAVE OF ABSENCE FROM THE SITTINGS OF THE HOUSE

अध्यक्ष महोदय : सभा की बैठकों से सदस्यों की अनुपस्थिति सम्बन्धी समिति ने अपने ग्यारहवें प्रतिवेदन में निम्नलिखित सदस्यों को प्रतिवेदन में दिखाई गई अवधि के लिये लोक-सभा की बैठकों से अनुपस्थिति की अनुमति दी है :—

(एक) निम्नलिखित सदस्यों को प्रत्येक के सामने दिखाई गई अवधि के लिए लोक-सभा की बैठकों से अनुपस्थिति की अनुमति दी गई :—

(1) श्री वी० वाई० तामस्कर

(2) श्री शशि रंजन

(3) श्री एस० सी० बेसरा

(4) श्री पाशाभाई पटेल

(5) श्री ई० के० नायनार

(6) श्री वीरेन शाह

सभा ने यह सिफारिश भी की है कि प्रतिवेदन में उल्लिखित अवधि के लिए (श्री झा सुन्दरलाल) की अनुपस्थिति का मार्जन किया जाये ।

मैं यह समझता हूं कि सभा समिति की सिफारिशों से सहमत है ।

माननीय सदस्य : जी हां ।

अध्यक्ष महोदय : सब सदस्यों को तदानुसार सूचित कर दिया जायेगा ।

सरकार की शिक्षा नीति और शिक्षा के लिये धनराशि के नियतन के सम्बन्ध में याचिका

PETITION RE. GOVERNMENT'S EDUCATION POLICY AND ALLOCETION OF FUNDS FOR ADUCATION

श्री ज्योतिर्मय बसु : मैं भारत सरकार की शिक्षा नीति और शिक्षा के लिए धन राशि के नियतन के संबंध में श्री सुशील देवदास, अखिल बंगाल प्राथमिक अध्यापक संघ तथा अन्य व्यक्तियों द्वारा हस्ताक्षरित याचिका प्रस्तुत करता हूं ।

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : मैं इस बारे में यह निवेदन करूंगा कि आप रेलवे मंत्री को वक्तव्य देने के लिये कहें ।

औद्योगिक लाइसेंस नीति की क्रियान्विति के लिये जांच आयोग की स्थापना के सम्बन्ध में वक्तव्य

STATEMENT RE. SETTING UP OF COMMISSION OF INQUIRY ON ADMINISTRATION OF INDUSTRIAL LICENSING POLICY

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मंत्रालय म राज्य मंत्री (श्री रघुनाथ रेड्डी) : जैसा कि सभा को मालूम है श्री एस० दत्त की अध्यक्षता में औद्योगिक लाइसेंस नीति जांच समिति ने दो प्रतिवेदन दिये हैं । एक प्रतिवेदन औद्योगिक लाइसेंसों के बारे में है और दूसरा बिड़ला उद्योग समूह के विरूद्ध लगाये आरोपों से है । ये दोनों प्रतिवेदन सभापटल पर रख दिये गये हैं । औद्योगिक लाइसेंसों के बारे में प्रतिवेदन पर सरकार विचार कर रही है और शीघ्र ही निर्णय किया जायेगा । बिड़ला उद्योग समूह के विरूद्ध आरोपों के बारे में समिति ने कहा है कि उनकी जानकारी में कुछ ऐसी बातें आयी हैं जिन से स्पष्ट होता है कि कुछ बड़े उद्योग समूहों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया है । इस संबंध में उसने पूरी जांच नहीं की है ।

सरकार के विचार में दत्त समिति द्वारा उठाये गये विषय बहुत महत्व रखते हैं । इस लिये यह निर्णय किया गया है कि जांच अधिनियम, 1952 के अन्तर्गत एक जांच आयोग बनाया जाये जो इन सब मामलों की जांच करे । आयोग के सदस्यों और उसके विस्तृत निर्देश पदों की शीघ्र ही घोषणा की जायेगी ।

Shri Kanwar Lal Gupta (Delhi-Sadar) : Why not against all ? Dutt Committee has levelled many charges against other also then why the proposed enquiry is being conducted against Birlas only. The enquiry should be conducted against all companies.

श्री शिव नारायण : बिड़ला, टाटा, साहू-जैन सब के खिलाफ जांच होनी चाहिए ।

अध्यक्ष महोदय : विवाद आरम्भ नहीं करना चाहिए ।

सदस्य द्वारा वैयक्तिक स्पष्टीकरण

PERSONAL EXPLANATION BY MEMBER

श्री नारायण दांडेकर (जामनगर) : अध्यक्ष महोदय 28 जुलाई, 1969 को बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन तथा हस्तान्तरण) विधेयक पर अपने भाषण के दौरान मैंने कहा था कि मेरे 10 अथवा 5000 शेयर हो सकते हैं । इस तथ्य को मैं ठीक करना चाहता हूं तथा बताना चाहता हूं कि मेरे शेयर 500 हैं ।

संयुक्त समितियों के प्रतिवेदनों के प्रस्तुत करने के लिये समय का बढ़ाया जाना
EXTENSION OF TIME FOR PRESENTATION OF REPORTS OF JOINT COMMITTEES

श्री रा० बरुग्रा (जोरहाट) : मैं प्रस्ताव करता हूं

कि यस सभा पेटेंचो से संबंधित बिधि संशोधित तथा समेकित करने वाले विधेयक संबंधी संयुक्त स िति का प्रतिवेदन पेश करने के लिए नियत समय को अगले संज्ञ के दूसर सप्ताह के प्रथम दिन तक अग्रेतर बढ़ाती ह ।"

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है:—

"कि यह सभा पेटटों से संबंधित विधि को संशोधित तथा समेकित करने वाले विधेयक संबंधी संयुक्त समिति का प्रतिवेदन पेश करने के लिए नियत समय को अगले सत्र के दूसरे सप्ताह के प्रथम दिन तक अग्रेतर बढ़ाती है ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुग्रा ।

The Motion was adopted

श्री ग्र० कु० चन्दा (भोलपुर) : मैं प्रस्ताव करता हुं :—

कि यह सभा अनुसूचित जातियां तथा अनुसूचित आदिम जातियां की सूचियां में कतिपय जातियां तथा आदिम जातियों को सम्यिलित करने और उन्हें उनसे निकालये उनके प्रतिनिधित्व के पुन: समायोजन तथा संसदीय तथा विधान सभा के निर्वाचन क्षेत्रों के पुन : सीमांकन जहां तक यह पुन : समायोजन तथा पुन : सीमांकन करना कतिपय अनुसूचित जातियां तथा आदिम जातियां को सूचियां से निकालनें अथवा उसनें सम्मिलित करने के परिणामस्वरुप आवश्यक हो, तथा तत्सम्बन्धी विषयां का उपबन्ध करने वाले विधेयक संबंधी संयुक्त समिति का प्रतिवेदन पेश करने के लिए नियत समथ को अगले सत्र के प्रथम दिन तक अग्रेतर बढ़ाती है ।"

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :—

"कि यह सभा अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों की सूचियों में कतिपय जातियों तथा आदिम जातियों को सम्मिलित करने और उन्हें उनसे निकालने उनके प्रतिनिधित्व के पुनः समायोजन तथा संसदीय तथा विधान सभा के निर्वाचन क्षेत्रों के पुनः सीमांकन जहां तक यह पुनः समायोजन तथा पुनः सीमांकन करना कतिपय अनुसूचित जातियों तथा आदिम जातियों को सूचियों से निकालने अथवा उसमें सम्मिलित करने के परिणामस्वरूप आवश्यक हो, तथा तत्सम्बन्धी विषयों का उपबन्ध करने वाले विधेयक संबंधी संयुक्त समिति का प्रतिवेदन पेश करने के लिए नियत समय को अगले सत्र के प्रथम दिन तक अग्रेतर बढ़ाती है ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुग्रा ।

The motion was adopted.

उत्तर प्रदेश विधान सभा की घटनाओं के बारे में
RE : HAPPENINGS IN U.P. VIDHAN SABHA

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : उत्तर प्रदेश विधान सभा में हुई घटनाओं पर यहां चर्चा की जानी चाहिये । (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय: इस विषय पर हमने विचार किया था और उसके बाद मैंने यह निर्णय किया है कि उत्तर प्रदेश विधान सभा के मामले को यहां पर न उठाया जाये। अब हम बनारस हिन्दू विश्व विद्यालय (संशोधन) विधेयक को लेंगे। (**व्यवधान**)

Shri Arjun Singh Bhadoria (Etawah) : Kindly allow us to discuss the happenings in U.P'. Assembly.

श्री उमानाथ (पुद्दूकोटै) : वहां पर संवैधानिक व्यवस्था समाप्त हो गई है। हम उस पहलू पर चर्चा करना चाहते हैं। अध्यक्ष के व्यवहार के बारे में हम कोई चर्चा करना नहीं चाहते हैं।

श्री इन्द्रजीत गुप्त (अलीपुर) : इस सभा में पश्चिमी बंगाल विधान सभा की घटनाओं पर चर्चा की अनुमति क्यों दी गई थी ? (**व्यवधान**)

अध्यक्ष महोदय : क्या मुझे इसकी पृष्ठभूमि पुन: बतानी होगी ? कल यह तय हुआ था....

Shri Kanwarl Lal Gupta (Delhi-Sadar) : Sir, when a discussion on the happenings of West Bengal was allowed here why a similar discussion is not being allowed in the case of U.P.

अध्यक्ष महोदय मैंने कल अपनी राय दी थी। हम विधान सभा के नियमों पर चर्चा नहीं कर सकते। हमें कुछ परम्पराएं बनानी चाहिये। मैंने इस विषय पर निर्णय करने से पूर्व दलों के नेताओं की बैठक बुलायी थी। उसमें आम राय यही थी कि हमें इस पर चर्चा नहीं करनी चाहिये।

श्री उमानाथ : यह उचित नहीं है।

श्री नाथ पाई (राजापुर) : हमारे दल की ओर से श्री समर गुह ने बैठक में भाग लिया था। मझे उन से पता चला है कि वहां पर यह निर्णय किया गया था कि आप से प्रार्थना की गई थी कि इस विषय को यहां पर उठाने की अनुमति दें। हम अध्यक्ष के बारे में कोई प्रस्ताव पारित नहीं करेंगे। मुझे यह बताया गया है।

अध्यक्ष महोदय : यदि ऐसी बात कही गई है तो मुझे उसका बड़ा खेद है। मैं माननीय सदस्यों को बताना चाहता हूं कि हमने इस पर विस्तार से चर्चा की थी। मैं बार-बार माननीय सदस्यों से अनुरोध करता हूं कि यदि कोई गलत चीज पहले हो गई है तो, क्या हमें उसी प्रकार का गलत काम पुन: करना चाहिये। जो कुछ वहां पर हुआ है मैं उसे ठीक नहीं समझता। हमें इतने अधिकार नहीं ले लेने चाहिये कि हम विधान सभा के अध्यक्षों के व्यवहार पर यहां चर्चा कर सकें।

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर): कुछ विधायकों को बुरी तरह पीटा गया है। उनकी घड़ियां छीन ली गई हैं। यह पुलिस ने किया है..... (**व्यवधान**)

अध्यक्ष महोदय : यह ठीक नहीं होगा कि हम उनके विरूद्ध विशेषाधिकार उल्लंघन का प्रस्ताव पारित करें और वे हमारे विरुद्ध ऐसा प्रस्ताव करें।

श्री स० मो० बनर्जी : वहां पर श्री सी० बी० गुप्त की सरकार के कारण ऐसा हुआ है। हम उसे हटाना चाहते हैं।

अध्यक्ष महोदय : यदि आप ऐसा करना चाहते हैं तो उसके लिये और तरीके हैं। आप वहां पर उनके विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित कर सकते हैं परन्तु उसको आप यहां पर नहीं ला सकते।

श्री उमानाथ : मैं कल की बैठक में उपस्थित था। आपने कहा था कि हमें उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष के व्यवहार पर चर्चा नहीं करनी चाहिये। मैंने जब पश्चिम बंगाल विधान सभा के बारे में चर्चा की याद दिलायी तो आपने कहा कि गलती हो गई थी और वह दोहरायी नहीं जानी चाहिये। हमने अपनी सहमति प्रकट नहीं की थी। अन्त में यही निर्णय किया गया था कि हम यह प्रश्न उठायेंगे परन्तु अब आप उसकी अनुमति नहीं दे रहे हैं। अतः अब यह एक बुनियादी प्रश्न बन गया है।

श्री सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी (केन्द्रपाड़ा) : मेरा एक नम्र निवेदन है कि आप चाहें तो नई परम्परायें स्थापित कर सकते हैं। हम समझते हैं कि संसद में इस पर विचार किया जा सकता है। विधान सभा में पुलिस को बुलाना ठीक नहीं है और इसका कोई समर्थन भी नहीं करेगा।

यही कारण है कि हम इस विशिष्ट मामले पर चर्चा करना चाहते हैं। हम उत्तर प्रदेश सभा के अध्यक्ष के आचरण पर कोई आक्षेप नहीं करना चाहते परन्तु वहां सभा के अन्दर हुई घटनाओं के बारे में हमें गहरी चिन्ता है और इसलिए मेरे विचार में इस मामले पर यहां चर्चा करना उचित है।

Shri Ram Sewak Yadav (Bara Banki): The Speaker of the U.P.Assembly and chief Minister of the said State has admitted that police has committed excesses and both of them have apologised for it. Every hon.Member of the Assembly has a constitutional right to be present in the Assembly and say whatever he wants to say. It is a violation of the constitutional right of the Member if he is removed from the Assembly forcibly by the police. In such circumstances we have the right to discuss the matter here in this House.

Shri Arjun Singh Bhadoria (Etawah) : We have the constitutional right to raise the matter regarding the excesses committed by the U.P. police in the Assembly. The hon. Members of the Assembly were not only thrown out of the House but were also deprived of their watches and pens. I would, therefore, request you to ask the hon. home Minister to give the detailed statement in regard to those happenings.

श्री स० कुन्दू (बालासौर): वहां पर बहुत महत्वपूर्ण घटनायें घटी है। संविधान का उल्लंघन किया गया है। इस बात को स्पष्ट कर दिया गया है कि हम अध्यक्ष के आचरण पर चर्चा नहीं करना चाहते। हम चाहते हैं कि आप हमें जनता की ओर से अपने विचार व्यक्त करने की अनुमति दें।

श्री इन्द्रजीत गुप्त (अलीपुर) : जब पंजाब में ऐसी घटनायें घटी थीं तो आपने स्वयं इस सभा में कहा था कि गृह-कार्य मंत्रालय को वक्तव्य देना चाहिये। पश्चिमी बंगाल सभा में घटी घटनाओं के बारे में भी यहां पर चर्चा हुई थीं, हमने उस समय इस बात का विरोध किया था परन्तु यह निर्णय किया गया था कि उन घटनाओं पर यहां चर्चा होनी चाहिये। तीन दिन तक उस पर चर्चा हुई थी। अतः आपकों दोहरा स्टैन्डर्ड नहीं अपनाना चाहिये।

श्री सेझियान (कुम्बकोजम): मैं इस बात से सहमत हूं कि उत्तर प्रदेश विधान सभा में घटी घटनाओं पर हमें चर्चा नहीं करनी चाहिए। पश्चिमी बंगाल विधान सभा में घटी घटनाओं के बारे में भी मैंने अपने दल की ओर से बोलते हुए यही कहा था कि हमें उन घटनाओं पर चर्चा नहीं करनी चाहिए। मैंने यह भी कहा था कि यदि किसी विधान सभा में हमारे आचरण पर चर्चा करने सम्बन्धी प्रस्ताव प्रस्तुत हो जाये तो हमारी स्थिति क्या होगी। परन्तु इन सब बातों के बावजूद पश्चिम बंगाल की घटनाओं पर पांच घंटे तक यहां पर चर्चा हुई। अतः इस प्रकार एक पूर्वोदाहरण स्थापित कर दिया गया है। अब हमें विश्व पर ऐसा प्रभाव नहीं होने देना चाहिए कि जब किसी गैर-कांग्रेसी राज्य में बुरी घटनाएं होती है तभी संसद् में उस पर चर्चा होती है, अन्यथा नहीं।

वहां के अध्यक्ष के आचरण पर हमें कोई आक्षेप नहीं करना चाहिए यदि कोई सदस्य ऐसा करता है तो आप उस को रिकार्ड से निकालने के लिए कह सकते हैं। आपको उत्तर प्रदेश विधान सभा में घटी घटनाओं पर चर्चा के लिए अनुमति देनी चाहिए क्योंकि दोहरा स्टैंडर्ड स्थापित करना उचित नहीं है।

Shri Yajna Datt Sharma (Amritsar) ; Precedents have already been established when we discussed the developments which took place in Punjab and West Bengal Assemblies. I think this House must consider the happenings of the State Assemblies and it is our right also. I will therefore request you to allow us to raise this discussion here.

श्री रंगा (श्री माकुलम): विधान मण्डलों में अध्यक्ष पीठासीन प्राधिकारी होता है और बाह्य लोगों को उसके तथा सदस्यों के आचरण पर अपने विचार व्यक्त नहीं करने चाहिए क्य.कि इससे विशेषाधिकार का प्रश्न उत्पन्न हो जाता है। हम नहीं जानते कि उत्तर प्रदेश विधान सभा में वास्तव में क्या घटनाएं घटी हैं परन्तु अध्यक्ष जो कुछ करना चाहते थे उससे बहुत से सदस्य असंतुष्ट हो गये थे। अध्यक्ष की बात को मानना अथवा न मानना सदस्यों के विशेषाधिकार में शामिल है। यदि सदस्य अध्यक्ष की बात को नहीं मानने और उचित ढंग से व्यवहार नहीं करते तो अध्यक्ष मार्शल द्वारा अपने प्राधिकार का प्रयोग कर सकता है और ऐसा करने में मार्शल की असफलता पर वह पुलिस को बुलाने का परामर्श मार्शल को दे सकता है। हमारे विचार कुछ भी हो सकते हैं परन्तु हम इन बातों पर यहां निर्बाध रूप से विचार नहीं कर सकते। इस बात का निर्णय करना मतदाताओ का काम है कि कौन ठीक है अध्यक्ष अथवा सदस्य।

हमें संसद् सदस्यों तथा विधान मण्डलों के सदस्यों से अच्छे व्यवहार की आशा करनी चाहिए। हमें अपने व्यवहार का परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। अत: मेरा निवेदन है कि उत्तर प्रदेश विधान सभा की घटनाओं पर यहां चर्चा उठाने की अनुमति न दी जाये।

श्री ही० ना० मुकर्जी (कलकत्ता-उत्तर पूर्व) : यदि आप आज सुबह इस बारे में एक वक्तव्य देते कि क्यों इस चर्चा को यहां नहीं उठाया जा सकता तो अनेक अशोभनीय बातों को रोका जा सकता था। आपको सारी स्थिति स्पष्ट कर देनी चाहिए थी ताकि यह प्रभाव न हो कि उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के बारे में दोहरा स्टैण्डर्ड अपनाया जा रहा है। मेरे विचार में इसका एक कारण यह है कि हम उत्तर प्रदेश से पूरी जानकारी प्राप्त करने में असमर्थ हैं जिसके आधार पर यहां पर चर्चा की जा सके। पश्चिम बंगाल सरकार ने वहां पर घटी घटनाओं के बारे में स्वेच्छा से केन्द्रीय सरकार को सूचित किया था। उत्तर प्रदेश के मामलों में हमें इस प्रकार का आभास हुआ है कि वहां की सरकार वास्तविक जानकारी सपष्ट करने में असमर्थ है क्योंकि वहां के अध्यक्ष का सचिवालय यह जानकारी नहीं देना चाहता। अत: हम केवल समाचार-पत्रों में छपे समाचारों के आधार पर ही चर्चा कर सकते हैं जो कि हम सब लोगों के हित में नहीं होगा। अत: मैं चाहता हूं कि आप कल तक एक वक्तव्य द्वारा समूची स्थिति को स्पष्ट कर दें कि क्यों आप इस चर्चा को इस सदन में उठाने की अनुमति नहीं दे रहे हैं, पश्चिम बंगाल विधान सभा में घटी घटनाओं पर चर्चा उठाने का भी हम लोगो ने विरोध किया था। अत: मैं चाहता हूं कि इस गलत पूर्वोदाहरण को और आगे न चलाया जाये।

Shri Madhu Limaye (Monghyr) : I request that our calling attention notice may be accepted and the hon. Minister may make a statement thereon as was done in the case of Punjab.

श्री उमानाथ (पूदूकोटै): सरकार द्वारा हमें सूचित किया गया है कि वह कोई वक्तव्य नहीं दे सकते क्योकि राज्य सरकार ने उनको इन घटनाओं के बारे में सूचना देने से इन्कार कर दिया है। सरकार ने इस से पूर्व ऐसे ही कुछ मामलों में अपने तथा स्वतंत्र अभिकरणों से प्राप्त सूचना के आधार पर वक्तव्य दिये हैं।

इसे इस कारण अस्वीकार किया गया था कि यह विशेषाधिकार से संबंधित था। केवल कार्यवाही वृतान्त ही वहां से मंगाया गया है। विधान सभा का कार्यवाही वृतान्त सविशेषाधिकार दस्तावेज नहीं है।

दूसरे हम विधायकों के पीटे जाने को सहन नहीं कर सकते चाहे नियम कुछ भी हों और किसी को कुछ भी शक्ति प्राप्त हो, यह उल्लेखनीय है कि लगभग 200 पुलिस के सिपाही वहां लाए गये थे और उन्हें विरोधी सदस्यों को पीटने के लिये कहा गया था। ऐसा करने का कारण यह बताया गया है कि $2\frac{1}{2}$ बजे मतदान होना था। सत्तारूढ़ दल को किसी भी समय तुरन्त मतदान के लिये तैयार रहना चाहिये। क्या उत्तर प्रदेश में कांग्रेस दल की असफलता के लिये विधायकों को पुलिस की मार सहनी चाहिये? हम इसे सहन नहीं कर सकते। यही कारण है कि हम चाहते हैं कि इस पर यहां चर्चा हो।

अध्यक्ष महोदय : कल हमने इस पर चर्चा की थी और मैंने कहा था कि यदि हम विधान सभाओं में होने वाली घटनाओं पर चर्चा करना शुरू कर देंगे तो इसका कोई अन्त ही नहीं होगा। विधान सभाओंमें कुछ ऐसी घटनाएं घटी हैं जिन्हें मैं अच्छी नहीं समझता। यदि कोई गलती हो जाती है तो उसे हमेशा के लिये जारी नहीं रखना चाहिये। कल की बैठक मे मैंने उन्हें यही कुछ बताया था। मैंने उनसे निवेदन किया था कि मुझे पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में इस मामले पर चर्चा करने दीजिये। क्योकि उसमें ही इस विषय पर चर्चा की जा सकती है। मैंने यह भी कहा था कि मैं इस मामलें मेउनकी विचारधारा को पूरी तरह से उस सम्मेलन के समक्ष रखूंगा।

श्री सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी (केन्द्रपाड़ा): यदि सदस्यों के विचार जान लिये जायें तो आपको सम्मेलन के सामने हमारे विचार रखने में मदद मिलेगी।

अध्यक्ष महोदय : उन्हंने मुझसे कहा था कि वे इस पर विचार करना चाहते हैं। मैंने उन्हें बताया था कि जिस रूप में वे इस पर विचार करना चाहते हैं मैं इसे स्वीकार नहीं कर सकता।

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : मेरा प्रस्ताव पढ़िये। मैंने नियम 193 के अन्तर्ग प्रस्तावत दिया है···

अध्यक्ष महोदय : यदि सामान्य प्रशासन के बारे में कोई प्रस्ताव हो और यदि वह गुण-दोष के आधार पर ग्राह्य हो, तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है। विधान सभा में जो कुछ हुआ है उससे मैं प्रसन्न नहीं हूं। परन्तु हम उस पर यहां विचार नहीं कर सकते। यदि माननीय सदस्य इस बारे में ध्यान दिलाने वाली सूचना भेजें कि पुलिस ने विधान सभा में क्यों प्रवेश किया, तों मैं उसे स्वीकार कर सकता हूं और मंत्री महोदय से वक्तव्य देने के लिये कह सकता हूं।

इसके पश्चात् लोक-सभा मध्याह्न भोजन के लिये 2 बज कर 20 मिनट तकके लिये स्थगित हुई

THE LOK SABHA THEN ADJOURNED FOR LUNCH TILL TWENTY MINUTES PAST FOURTEEN OF THE CLOCK

लोक-सभा मध्याह्न भोजन के पश्चात् 2बजकर 23 मिनट पर पुनः समवेत हुई।

THE LOK SABHA RE-ASSEMBLED AFTER LUNCH AT TWENTYTHREE MINUTES PAST FOURTEEN OF THE CLOCK

(श्री क० ना० तिवारी पीठासीन हुए

Shri K.N. Tiwary in the Chair)

बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश के निरनुमोदन के बारे में सांविधिक संकल्प तथा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक

STATUTORY RESOLUTION ON DISAPPROVAL OF BANARAS HINDU UNIVERSITY (AMENDMENT) ORDINANCE AND BANARAS HINDU UNIVERSITY(AMENDMENT) BILL.

Shri Ram Dhan (Lalganj) : Shri Amin has said that Dr. Joshi was not in any way responsible for the happenings in the University campus. I want to read out from the report of the Committee to reinforce my claim :

> "It would have been better if the Vice-chancellor had delegated to the chief Proctor some relevant powers which would have enabled the chief Proctor to maintain discipline in the campus more effectively. This view receives considerable corroboration from the statement made by the University that the concentration of disciplinary powers in the Vice-chancellor alone has led to the slackening of administrative control."

It further says :

> "Failure to frame the relevant rules as required by sub-clause (5) appears to us to be a serious omission on the part of the Vice-Chancellor."

When these happenings took place he was attending the Commonwealth Conference in Australia. He did not delegate his powers to the Proctor or to anyother authority so that disciplinary action could be taken.

After the presentation of the report and the statement of the Education Minister before both the Houses of Parliament, RSS workers burnt the effigy of Shri Gajendragadkar. They were members of the Indian students Council. These students warned the Central Government that if they implemented the recommendations of the Gajendragadkar Committee, there would be bloodshed in the country. One of the students is reported to have said that he has the courage to shoot Ministers. These students were speaking at a meeting. A demand for eliciting public opinion on the rcommendations of the committee was also made in the said meeting. One of the Speakers said that Dr. Joshi was an incarnate of Pt. Madan Mohan Malaviya. He deprecated any action against Dr. Joshi.

This is what appeared in the "Nav Bharat Times" of 7th August, 1969.

Such are the views held by the RSS leaders and leaders of the Jana Sangh. That is why Shri Shri Chand Goel has moved a motion for disapproval of the Ordinance.

The Committee has held that the RSS as well as casteism is responsible for the sorry state of affairs in the University.

In the report evidence of a talented non-Hindi speaking student has been recorded. From that evidence also it has been made abundantly clear that RSSism and Casteism had been playing havoc with the peaceful functioning of the University.

The building, which is being used by RSS people for carrying on their activities, was not handed over to RSS by Pt. Madan Mohan Malaviya, as has been stated by Shri Jharkhande Rai who is an old student of this University, this is how they are Trying to create misunderstanding there.

Whatever happenings took place in the University campus, the RSS students had a major hand in them. The Vice-chancellor did not take any action against them and thus further encouraged them to indulge in acts of hooliganism, rape, looting. etc. A boy named Maqbool was caught for stealing in room No. 72 of Barocha Hostel. He was beaten severely and afterwards taken to the Chief Proctor. When they were returning they found that the boy is Muslim biggest then the RSS boys gave him so much beating that he succumbed to his injuries in the hospital. Our's is the demoracy in the world, and the culprits should be dealt with in accordance with law. A few people should not be allowed to take the law in their own hands. The saddest part of the incident is that instead the local authorities and the Vice-chancellor taking notice of the incident and holding an inquiry into it, the man who murdered this boy was promoted to the post of Assistant Proctor against the normal rules and regulations.

The Committee has found Dr. Joshi responsible for this incident and it has also found the expulsion of Shri Majumdar, Shri Sinha etc. as unlawful. Dr. Joshi adopted a policy of "divide and rule" and thus created rival factions among the students, the teachers and the staff.

Also Dr. Joshi tried his best to forestall the appointment of this Committee from fear of being exposed following an enquiry. I, therefore, request the hon. Education Minister to appoint a Reviewing Committee, as was done on the receipt of the Mudaliar Committee Repor. I want that the culprits should be condiguly punished.

For the extirpation of communalism from the Banaras Hindu University, it is essential that all the Managing Committees should be formed on secular basis. The appelation "Hindu" of this University has throffled the spirit of secularism in the campus of the University.

The Indian Institute of Technology was set up with the concurrence of the Edudcation Ministry and the Executive Council. But now the Vice-chancellor wants to wind it up, and he has misstated that the Education Minister had desired to wind it up. But now the Secretary of the Eduation Ministry has repudiated this statement. I want that this Institute should work as usual. The concessions and facilities accorded to the students belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes by Mahamana Malaviya Ji should be revived and representation given to them in the Managing Committees.

With these words, I support the Bill.

Shri Satya Narain Singh (Varansi) : Although the Bill is incomplete in Certain respects, I support it.

The purpose of constituting such a committee is to find out the facts and to take action in the light thereof. When the condition in the University got deteriorated, a Committee was set up under the Chairmanship of Shri Gajender Gadker. This Committee went deep into the facts and has brought many facts to light. I want that there should be a discussion on this report and its recommendations should be implemented fully. I also request the hon. Education Minister to enact such a legislation as may remove the causes of discontent and other discrepancies found in the affairs of the University.

Several incidents had come to light before the Committee was set up. The first incident was the murder of Maqbool, and it was followed by the election of another Union of Students expulsion of Shri Majumdar, Shri Narendra Sinha etc. and similar other incidents. All the happenings gave birth to an upheavel in the University. This Committee has taken evidence in regard to all these incidents and has expressed its grave concern over the murder of Maqbool. Secondly, this Committee has Clearly stated that the reason for expelling Sarvashri Majumdar, Narendra Sinha and Ravi Shanker was that instead of the elected person, they wanted to

appoint the defeated presidential candidate, Shri Damodar to the office of the president of their Union. Similarly, they took no action against the persons who misbehaved with the girls. These incidents caused great discontent among the professors, students and other employees working there. All the parents of girl students were afraid of sending their daughters to the University.

Secondly, the students belonging to various parts of the Country elected Shri Narendra Sinha as President of the Students Union. He got a thumping majority; but Shri Amar Chand Joshi conspired to appoint the defeated candidate in Shri Sinha's place, and for this purpose, he got Narendra Sinha expelled. The Librarian of the Central Library got the job by producing false degrees. The Committee which was presided over by Shri Joshi had recommended stringent punishment to the Librarian for forgery, but he is still occupying that position. No action has been taken to remove him. When the students who had threatened and beat the student-judges of the student's Court, which was set up to hold inquiry in the case of a girl, were about to be expelled from the University, Shri Joshi took favour with them and retained them in the University.

Thus Shri Joshi was responsible for creating such a poisonous atmosphere in the University. I want to know from the Education Minister how he can maintain a peaceful atmosphere in the University when the culprits continue to remain in the University in spite of their misconduct.

I would also like to know whether the Government have decided to take back Shri Sinha and other students whose expulsion from the University has been held improper by the Enquiry Committee. There will again be disturbances, if you open the University before taking a desision on the views expressed by the Committee. How can you maintain law and order and peace when you know that threats are being given to kill the Education Minister, and when the effigies of Shri Gajendra Gadker are being burnt.

I think the Education Minister should not be afraid of such things and should not surrender before such threats. He should take strict action against those unsocial elements and try to pacify the tense situation.

Secondly, you should appoint such a man as Vice Chancellor who is above groupism. Only such person should be taken into the Committee who can work without communal considerations and who may maintaince the prestige of this national University and strengthen the educational systems and create a healthy and peaceful atmoshphere. They should not be subjected to any sort of pressure. The expelled students should also be taken back.

With these words, I support the Bill.

Shri Bibhuti Mishra (Motihari): When the Government appoints a Judicial Committee to inquire into certain affairs, the people do not come forward to give evidence. The Gajendra Gadker Committee Report also mentions this fact. It would, therefore, be proper to appoint such Com- mittees or Commissions, the members of which could understand the general tendency of the people and who could, in such a particular situation, disguise themselves as common-men and elicit facts by meeting the students, professors and other teachers etc., otherwise the witnesses are threatened and they do not come forward for giving evidences out of fear or threat. Thus many cases are sent back by the higher courts for want of evidence.

So I suggest that the Government should take up this matter again and inquire into the whole affair effectively, otherwise this report is not a complete report to serve much useful purpose.

Secondly, the University should not have been closed merely because of the little trouble created by a few students. The reason is that on the closure of a University the students room about astray and create further trouble. The students should not be punished so much over trifles because it disturbs their studies. The Government should try to persuade the students and improve the educational system.

The Gajendra Gadker Committee has given a detailed report in regard to law and order. The U. P. Government should probe into those conditions which have led to the disturbances.

The report says that this University belongs to eastern U. P. and the Western Bihar. But do the Universities of West Bengal or the Shanti Niketan University not have a majority of local students ? It is quite natural that local people are always in majority. But the case of this university is quite different. In the days of scholars like Acharya Narendra Dev and Malviyaji, no untoward incident took place. Therefore, it is necessary now that you should give specific consideration in selecting Vice-Chancellor because he has great responsibility on his shoulder.

But I find that this bill provides that anybody can be appointed as a Vice Chancellor. There will not be any election in this regard. I think that Election is necessary and in its absence trouble may start again.

I want to say something about the expelled students also. It is my request that they should be warned only. They are our children. It will not be good to spoil their life.

The real trouble was started over a building. This building was presented by Malaviyaji for cultural activities. Now a dispute of its ownership has arisen. The Government should find out who is the owner of this building. There is a temple in the University and this is also a centre of trouble. It is my request. There is no passage by which a man can reach the temple without crossing through the precints of the University. Now only two courses are open. One is to construct a passage or to maintain status quo. I think that status quo may be maintained in this regard. The murder case of Maqbool Rizvi should be looked into. No institution may be taken to other place as has been suggested in the report but the activities of these institutions should be watched.

For discipline, the election system may be maintained. I have put an amendment that Central Government should keep an eye on it. The minister should be made responsible for the discipline and the administration of University. The Vice Chancellor should be a local man. He should be from Hindi knowing region so that they may have close contact with the students.

Mr. Chairman : Kindly continue tomorrow.

गैर-सरकारी सदस्यों कें विधेंयकों तथा संकल्पों सम्बन्धी समिति

COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS

तिरेपनवां प्रतिवेदन

श्री भालजीभाई परमार (दोहद) : मैं प्रस्ताव करता हूं "कि यह सभा गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों सम्बन्धी समिति के 53वें प्रतिवेदन से, जो 26 अगस्त 1669 को सभा में पेश किया गया था, सहमत है।"

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि यह सभा गैर-सरकारी सदस्यों के विधयकों तथा संकल्पों सम्बन्धी समिति के 53व प्रतिवेदन से, जो 26 अगस्त 1669 को सभा में पेश किया गया था, सहमत है"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

वैदेशिक व्यापार सामान्य बीमा आदि के राष्ट्रीयकरण के बारे में संकल्प

RESOLUTION: RE: NATIONALISATION OF FOREIGN TRADE, GENERAL INSURANCE, ETC.

Shri Madhu Limaye (Monghyr): Sir, Firstly, I congratulate Shrimati Tarkeshwari Sinha who has moved such resolution by which she has stressed the need of Socialism. She has suggested to nationalize foreign trade, insurance, steel Industry, foreign capital etc. I have to say something on this resolution. There is no time limit prescribed for the programme. So it is a fraught with grave danger. In that case the Prime Minister will simply talk of Socialism but will not take any step to implement it. Why the foreign Banks have not been nationalised? The beginning should be started first by nationalising foreign Banks. Our Party wants that all big industries should be nationalised. As far as the nationalization of foreign trade is concerned, I will urge that first of all our trade with Communist Countries should be nationalised and afterwards the same process may be adopted with other countries. I support her suggestion for nationalising steel industry but a time limit should be prescribed for it.

There is a great drawback in this resolution for which we have put an amendment. In this resolution it is said that there should be a limit on the urban property but there is a great gap between income and consumption. In a bureaucratic Communism the property comes under the society but bureaucracy enjoy its fruits. So our amendment is that that there should be limit imposed on individual's consumption. Unless it is done, we cannot get our cherished goal.

On the one hand slogan in favour of Socialism is being raised and on the other hand negotiation is going on with Shanti Prasad Jain in regard to 'Times of India'. The matter has been dropped on account of our resistance.

श्री वासुदेवन नायर पीठासीन हुए

Shri Vasudevan Nair in the chair

I am pleased that the court has given judgement against Shri P. K. Roy. If such vigilance is shown by the House then the Government cannot form collusion with Capitalists.

The matter of Asian Cables was raised here. This is the Company of Shri K. P. Goenka. We have levelled charges against these Companies. They have violated all the laws and sold the imported raw material at high prices in the market. We have raised our voice against the Collusion with Shri K. P. Goenka and Birla Companies several times. Now the Government gave an ear to us but still there is doubt over terms of reference.

At the end, I will enquire why action is not being taken regarding the Privy Purses. The assurance for abolishing the Privy Purses was given some time back but nothing has been done so far. I support the resolution of Smt. Tarkeshwari Sinha. I also request her not to give support to Shri S. K. Patil and shri Nigalingappa. She should join the Progressive People who believe in Socialism. It is my appeal to the young blood in Congress to leave the Congress and join us.

श्री दामनी (शोलापुर) : सभापति महोदय, मैं इस संकल्प का विरोध करता हूं। इतनी सारी चीज़ों के राष्ट्रीयकरण से एक साधारण व्यक्ति को कैसे लाभ पहुंच सकता है ? इसके विपरीत मैं समझता हूं कि इससे देश को हानि ही होगी और आम जनता को कोई लाभ नहीं होगा।

हमारी सरकार ने बड़े सोच विचार के बाद मिश्रित अर्थव्यवस्था को स्वीकार किया है और इस नीति से पिछले कुछ वर्षों में काफी लाभ पहुंचा है। आवश्यकता राष्ट्रीय उत्पादन को बढ़ाने की केवल राष्ट्रीयकरण से काम नहीं चलेगा।

हमारा देश एक विकासशील देश है और इस कारण हमारा आयात निर्यात की अपेक्षा अधिक है। अतः देश की वित्तीय दशा सुधारने के लिये हमें अपने निर्यात को बढ़ाना होगा। ये ऐसी समस्याएं हैं जिनपर ग़ौर किया जाना चाहिये। इस समय सरकार बहुत सारी वस्तुओं का आयात सरकारी अभिकरणों के द्वारा करती है। किन्तु, जहां तक निर्यात का सम्बन्ध है निर्यात एक बहुत कठिन कार्य है। हज़ारों वस्तुओं का निर्यात किया जाता है और इसके लिये विशेष ज्ञान और अनुभव की आवश्यकता है जो राष्ट्रीयकरण करके कुछ एक कम्पिनयों द्वारा नहीं किया जा सकता। हमारा व्यापार संतुलन जो कुछ वर्षों से हमारे पक्ष में नहीं था अब संतुलित हो गया है। और अप्रैल, 1969 में 7.60 करोड़ रु० का निर्यात व्यापार संतुलन हमारे पक्ष में था। हमारा निर्यात व्यापार बढ़ता जा रहा है अतः यह आवश्यक है कि वर्तमान व्यवस्था में कोई परिवर्तन न किया जाये।

हमारे देश में इस्पात के कारखाने सरकारी तथा गैर-सरकारी दोनों क्षेत्रों में हैं और गैर-सरकारी क्षेत्र के कारखाने अपेक्षाकृत अधिक अच्छे चल रहे हैं। इन दोनों क्षेत्रों के इस्पात कारखानों में हमें प्रतिस्पर्धा बनाये रखनी चाहिये।

मैं इस संकल्प का विरोध करता हू।

श्री समर गुह (कंटाई) : श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा का यह संकल्प उन लोगों के लिये चुनौती है जिन्होंने स्वतन्त्र आत्मा के साथ श्री गिरि को मत दिया था और यदि अब वे इस संकल्प के पक्ष में मत नहीं देते तो उनके लिये यह एक राजनैतिक अनैतिकता होगी। यदि उन्होंने ऐसा किया तो देश में इसका क्या प्रभाव होगा ? ऐसा समझा गया था कि श्रीमती इन्दिरा गांधी और उनके समर्थक यथापूर्व स्थिति, रूढ़ीवाद और पूंजीवाद के विरुद्ध थे। कांग्रेस के बाहर जो समाजवादी विचारधारा के लोग थे उन्होंने भी समझा था कि इस विवाद से एक ऐसी नई शक्ति उभरेगी जो लोगों की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करेगी।

इस संकल्प के प्रति उनके रवैये से पता चल जायेगा कि क्या वे वास्तव में सामाजकि क्रान्ति का रास्ता अपनाना चाहते थे। प्रधान मंत्री और कांग्रेस में उसके समर्थकों को, या तो सामाजिक कार्यक्रम को क्रियान्वित करना चाहिये अथवा राजनैतिक अनैतिकता के लिये अपने आप को दोषी मानना चाहिये। आजकल नक्सलवादी जनता की निर्धनता, उनकी निराशा और उनके असंतोष का लाभ उठाकर उन्हें भड़काते हैं। नक्सलवादियों की कार्यवाहियों को एक व्यापक समाजवादी कार्यक्रम द्वारा ही दबाया जा सकता न कि दाण्डिक उपायों द्वारा।

अब समय आ गया है जबकि देश में केवल दो राजनीतिक दल होने चाहिये। एक दल में सभी समाजवादी हों और दूसरे में सभी रूढ़ीवादी।

नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ने अपनी पुस्तक "इन्डियन स्ट्रगल" में लिखा है कि कांग्रेस के अन्दर कमज़ोरी यह है कि यह हमेशा ही किसानों और जमीदारों, श्रमिकों और पूंजीपतियों के हितों की सौदेबाज़ी करती है। कांग्रेस के अन्दर यह जो परस्पर विरोधी चीज़ है, अब यह

जो फूट पड़ी है इसकी प्रतिक्रिया देश में अवश्य होगी अब यदि शीघ्र समाजवादी विधान नहीं लाये गये तो मैं समझता हूं कि कांग्रेस समाप्त हो जायेगी ।

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्र० चं० सेठी) : महोदय, सभा को यह अच्छी तरह ज्ञात है कि सरकार का मुख्य उद्देश्य देश में समाजवादी समाज की स्थापना करना है । वास्तव में इस सिद्धांत को पहले ही स्वीकार किया जा चुका है और इस दिशा में कई कदम उठाये जा चुके हैं । विभिन्न औद्योगिक नीति संकल्पों तथा अन्य कारगर नीतियों के द्वारा समाजवादी समाज की स्थापना के मार्ग को प्रशस्त किया गया है यही नहीं हम ने देश में एक ऐसा आधार तैयार किया है जिससे प्रतिरक्षा तथा प्रतिरक्षा उत्पादन के क्षेत्र में भी हमें आत्म विश्वास प्राप्त हुआ है। हमें यह सुनिश्चित करने के लिए कि न केवल खनन क्षेत्र में बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी जहां गैर सरकार पूंजी नई परियोजनाओं की स्थापना के लिए आगे न आये वहां नई तथा बड़ी बड़ी परियोजनाओं के निर्माण की जिम्मेदारी सरकार को अपने ऊपर लेनी चाहिये। अतः इसी नीति के अनुसरण में हम सब नये इस्पात कारखानों को सरकारी क्षेत्र में स्थापित करने का कार्यक्रम बनाया है। हमारे औद्योगिक निति संकल्प में स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि नया इस्पात कारखाना केवल सरकारी क्षेत्र में ही स्थापित किया जायेगा तथा "डिस्को" और "इस्को' को यदि वे ऐसा करना चाहें तो थोड़ा बहुत नाम मात्र का विस्तार करने की ही अनुमति दी जायेगी । सरकारी क्षेत्र में इस्पात कारखानों के निर्माण की जिम्मेदारी सरकार पर है।

इस दृष्टि से हम उस दस सूत्री कार्यक्रम से भी आगे बढ़ गये हैं, जिसका माननीय सदस्य द्वारा उल्लेख किया गया है। दस सूत्री कार्यक्रम में इस बात का उल्लेख है कि बैंकों पर सामाजिक नियन्त्रण हो। परन्तु हम इस से भी आगे बढ़ गये हैं और हमने बड़े बड़े बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया है।

माननीय सदस्या ने अपने संकल्प में जो विभिन्न प्रस्ताव रखे हैं अब मैं उन के बारे में अपने विचार व्यक्त करूंगा । उन्होंने अपने संकल्प में विदेशी व्यापार, सामान्य बीमे और इस्पात उद्योग के राष्ट्रीयकरण तथा भारत में समस्त विदेशी पूंजी को सरकार द्वारा अपने हाथ में लेने, नगरीय सम्पत्ति पर सीमा निर्धारित करने तथा विमुद्रीकरण द्वारा काले धन को समाप्त करने की मांग की है ।

जहां तक विदेशी व्यापार के राष्ट्रीयकरण का प्रश्न है हम इस दिशा में उचित कार्यवाही कर रहे हैं । प्रधान मंत्री ने इस सम्बन्ध में कहा था कि जबकि समूचे आयात तथा निर्यात व्यापार का राष्ट्रीयकरण संभव नहीं है, हम कच्चे माल की आयात के राष्ट्रीयकरण पर विचार कर सकते हैं। संभव है इस से हमें सामूहिक सौदेबाजी में लाभ हो।

जहां तक आयात का सम्बन्ध है हाल में विदेशी व्यापार मंत्रालय द्वारा यह निर्णय किया गया है कि उस कच्चे माल सहित जिस का आयात गैर-सरकारी क्षेत्र द्वारा किया जाता रहा है, अधिकांश कच्चे माल का आयात राज्य व्यापार निगम अथवा खनिज तथा धातु व्यापार निगम द्वारा किया जायेगा । इस निर्णय की पहले ही घोषणा की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जहां तक राजकीय व्यापार किये जाने वाले आयात तथा निर्यात का सम्बन्ध है, राज्य व्यापार निगम अथवा खनिज तथा धातु व्यापार निगम तथा केन्द्रीय सरकार के अन्य उपक्रमों, जिनमें माल तैयार किया जाता है, के निर्यात में वृद्धि

हुई है। इनके द्वारा वर्ष 1666-67 में 114.98 करोड़ रुपये का माल निर्यात किया गया था तथा वर्ष 1667–68 में 139.02 करोड़ रुपये का माल निर्यात किया गया था, जबकि वर्ष 1668–69 में 199.21 करोड़ रुपये का माल निर्यात किया गया है। इस से सिद्ध होता है कि हमारे निर्यात मे वृद्धि हो रही है।

जहां तक निर्यात व्यापार का सम्बन्ध है, हमें इस बात को भी देखना है कि निर्यात व्यापार एक ऐसा व्यापार है जिस से विदेशी मुद्रा की कोई हानि नहीं होती है। इस लिए अपने उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए भी हम ने इस दिशा में बहुत सावधानी से अग्रसर होना है ताकि हमारी विदेशी मुद्रा की स्थिति पर जो कि पहले ही कठिन है, कोई और कुप्रभाव न पड़े और वह और अधिक खराब न हो जाये। फिर भी हम इस दिशा में आगे बढ़ रहे है तथा सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों के निर्यात को बढ़ावा दे रहे है। परन्तु साथ ही हम कोई ऐसा कदम उठाना नहीं चाहते हैं जिस से हमारे विदेशी मुद्रा के साधनों पर कुप्रभाव पड़े और विदेशी मुद्रा की आय कम हो जाये।

आयात के सम्बन्ध में मैं कहना चाहता हूं कि वर्ष 1966–67 में राज्य व्यापार निगम तथा खनिज तथा धातु निगम द्वारा किये गये आयात का मूल्य 93.43 करोड़ रुपये था, और वर्ष 1967-68 में किये गये आयात का मूल्य 144.43 करोड़ रुपये तथा वर्ष 1968–69 में किये गये आयात का मूल्य 137.34 करोड़ रुपये था। इस के अतिरिक्त मैं यह भी कहना चाहता हूं कि कुल आयात का 20 प्रतिशत खाद्यान्नों का आयात होता है, जिसे केवल सरकार द्वारा किया जाता है। सरकार द्वारा किये जाने वाले अन्य आयातों को शामिल करने के बाद कुल आयात का 60 प्रतिशत आयात सरकारी क्षेत्र द्वारा कया जाता है। विदेशी व्यापार मंत्रालय द्वारा हाल में किये गये निर्णय के फलस्वरूप सरकार द्वारा किये जाने वाले आयात की प्रतिशतता में और भी वृद्धि होगी।

जहां तक निर्यात का सम्बन्ध है इस बारे में भी मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि सरकारी क्षेत्र द्वारा किये जाने वाले निर्यात में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के हतु हम ने कई कदम उठाये हैं। उदाहरण के तौर पर अब इस्पात का निर्यात सीधा हिन्दुस्तान स्टील द्वारा किया जाता हैं तथा गर-सरकारी क्षेत्र को इस की अनुमति नहीं दी जाती है।

अत: व्यापक राष्ट्रीय हित को देखते हुए हम इस दिशा में अग्रसर होंगे ताकि जहां तक आयात का सम्बन्ध है उसे धीरे-धीरे पूर्णतया सरकारी नियंत्रण में लिया जा सके। परन्तु जहां तक निर्यात का सम्बन्ध है, मैं सभा से निवेदन करना चाहता हूं कि विदेशी मुद्रा के मामले में हम पहले ही कठिनाई में हैं, और हम एसा कोई कदम नहीं उठाना चाहते जिस से विदेशी मुद्रा और भी खराब हो जाये।

जहां तक इस्पात उद्योग के राष्ट्रीयकरण का सम्बन्ध है मैं माननीय सदस्य का ध्यान वर्ष 1948 तथा 1956 के औद्योगिक नीति संकल्प की ओर दिलाना चाहता हूं। इसके अतिरिक्त मैंने दस सूत्री कार्यक्रम को जिसका माननीय सदस्य द्वारा उल्लेख किया गया था, भी देखा है। दस सूत्री कार्यक्रम में कहीं भी इस्पात उद्योग के राष्ट्रीयकरण का उल्लेख नहीं किया गया है। इस्पात उद्योग के सम्बन्ध में मैं माननीय सदस्यों का ध्यान वर्ष 1956 के औद्योगिक नीति संकल्प की ओर दिलाना चाहता हूं जिस में स्पष्टतया इस बात का उल्लेख किया गया है कि सरकार की सामान्य नीति पुरानी गैर-सरकारी कम्पनियों का राष्ट्रीयकरण करने तथा प्रतिकर के रूप में भारी राशी देने की बजाय सामरिक तथा महत्वपूर्ण उद्योगों में नई क्षमतायें स्थापित करने की होगी।

मैं इस बात का भी उल्लेख करना चाहता हूं कि गैर-सरकारी क्षेत्र की कम्पनी का लाभ कम होता जा रहा है। वर्ष 1965-66 में इण्डियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी द्वारा 6.50 करोड़ रूपये का लाभ कमाया गया था, जोकि वर्ष 1967-68 में घट कर केवल 0.50 करोड़ रुपये रह गया है इसी प्रकार टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी का लाभ भी उत्तरोत्तर कम होता जा रहा है। अतः मेरा निवेदन है कि पुरानी कम्पनियों का राष्ट्रीयकरण करके राष्ट्रीय संसाधनों को बरबाद करने की बजाये सरकारी क्षेत्र में नये एकक स्थापित करने के लिए पूंजी का विनियोजन करना कहीं अधिक लाभप्रद है ।

बोकारो इस्पात कारखाने का निर्माण हम ने पहले ही आरम्भ कर दिया है देश के विभिन क्षेत्रों से इस्पात उद्योग की स्थापना की मांगें की जा रही हैं। इस समय इस्पात उद्योग देश के एक विशेष क्षेत्र में ही केन्द्रित है। इस लिये देश के विभिन्न क्षेत्रों में रहे अर्थात गोआ, मैसूर, बस्तर तथा अन्य क्षेत्रों में इस्पात कारखानों की स्थापना करना जरूरी। अतः पुराने कारखानों का राष्ट्रीयकरण करके प्रतिकर के रूप में राष्ट्रीय धन को बर्बाद करने की बजाय सरकारी क्षेत्र में और अधिक नये एकक स्थापित करना कहीं बेहतर है। लगभग प्रत्येक राज्य से इस्पात संयंत्र स्थापित करने की मांग की जा रहीं है।

अतः इन सभी बातों पर विचार करते हुए, इन दो पुराने एककों का जिनमें लाभ उत्तरोत्तर घटता जा रहा है राष्ट्रीयकरण करने में संसाधनों का विखंडन करना दूरदर्शिता की नीति नहीं होगी। इस लिये मैं माननीय सदस्या से अनुरोध करूंगा कि वह सम्पूर्ण स्थिति को ध्यान में रख कर अपने प्रस्ताव पर विचार करें।

जहां तक शहरी सम्पत्ति पर अधिकतम सीमा निर्धारित करने का सम्बन्ध है, इस प्रश्न पर सरकार सक्रिय रुप से विचार कर रही हैं। यह कहना कठिन है कि इस में अभी कितना समय लगेगा लेकिन हम इस कार्यक्रम को शीघ्र तैयार करने की निश्चित रूप से कोशिश करेंगे। इस बारे में कई कठिनाइयां हैं। उदाहरणार्थ; शहरी सम्पत्ति में किन-किन वस्तुओं को रखा जाये। इस प्रश्न के सभी पहलूओं पर सभी दृष्टियों से विचार करना पड़ेगा ताकि शहरी सम्पत्ति की अधिकतम सीमा इस प्रकार निर्धारित की जाये कि सरकार के उद्देश्य की पूर्ति हो सके। इसके अतिरिक्त शहरी सम्पत्ति पर अधिक तम सीमा लागू करने में एक और पहलू सामने आता है, उदाहरणार्थ अधिकतम सीमा निर्धारित करने के बाद किसी व्यक्ति की शेष सम्पत्ति का क्या होगा उसे सरकार किस तरह अर्जित करेगी ? इस के लिये सम्पति का उचित रूप से मूल्यांकन करना पड़ेगा, मूल्यांकन करने वाले व्यक्तियों की नियुक्ति की गई है और वे सही तौर पर अपना काम करते हैं और हमें ऐसे उपाय ढूंढने पड़ेंगे जिनसे अतिरिक्त सम्पत्ति को करों के माध्यम से एकत्रित किया जा सकेगा । इस प्रकार कर लगाने में विभिन्न कानूनी प्रश्न सामने आयेंगे, इसलिये शहरी सम्पत्ति के सम्बन्ध में अधिकतम सीमा निर्धारित करने के मामले में विभिन्न कानूनी पहलुओं आदि पर विचार करना पड़ेगा। हम इस बारे में कार्यक्रम बना रहे हैं, और उसे अन्तिम रूप देते ही सभा के समक्ष पेश करेंगे ।

जहां तक सामान्य बीमा के राष्ट्रीयकरण के प्रश्न का सम्बन्ध है, यह दस-सूत्री कार्यक्रम में शामिल है, प्रश्न केवल वरीयता का है। सरकारी प्रत्याभूतियों में लगी 10 करोड़ रुपये की पूंजी के अतिरिक्त सामान्य बीमा पर लगाने के लिये लगभग 50 करोड़ रुपये की पूंजी उपलब्ध है। लेकिन यह स्थिति

जीवन बीमा में बिल्कुल उल्टी है, जीवन बीमा के राष्ट्रीयकरण में 1000 करोड़ रुपये की पूंजी लगायी गई थी और उसमें 100 करोड़ रुपये वार्षिक वृद्धि की व्यवस्था थी जबकि सामान्य बीमा में केवल 5 करोड़ रुपये की वार्षिक वृद्धि है और सामान्य बीमा में करारोपण के बाद केवल 3–4 करोड़ रुपये का लाभ होता है। इसलिये सरकार इस सभा के सामने एक विधान लायी थी जिसे वर्ष 1968 में पारित किया गया था और जो 1 जून, 1969 से लागू हो गया है। इसलिये सभा से मेरा अनुरोध है कि वह सामान्य बीमा के बारे में सामाजिक नियंत्रण के इस उद्देश्य के सम्बन्ध में विचार करे। सामान्य बीमा के बारे में और भी कई प्रश्न हैं, मेरा कहने का आशय यह है कि जीवन बीमा की तुलना में उसमें लाभ कम हैं और मुकदमेबाजी बहुत ज्यादा है। इसलिये हम उसे निम्नतर वरीयता देना चाहेंगे।

जहां तक विदेशी विनियोग को अपने हाथ में लेने का सम्बन्ध है, ऐसा करने में भारी प्रतिकर देना पड़ेगा। विदेशी विनियोग के वर्तमान आंकड़े 1000 करोड़ रुपये तक है। इनमें से कुछ विनियोग हमारी अर्थव्यवस्था के लिये बहुत महत्वपूर्ण हैं और वे हमारी इंजीनियरी, धातुकर्मक तथा अन्य उद्योगों में, विभिन्न योजनाओं में हमारी अर्थव्यवस्था का विकास करते हैं। कुछ उद्योग ऐसे हैं जिनके लिये हमें विदेश से संयंत्र, उपकरण तथा मशीनरी मंगानी पड़ती है और तकनी की प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्ति देश में उपलब्ध नहीं हैं। कुछ विनियोजन ऐसे हैं जिन्होंने स्वतंत्रता से पूर्व देश में स्थान ले लिया तथा और अब उद्घोषित नीति के अनुरूप नहीं हो सकते, इसीलिए सरकार की नीति विदेशी पूंजी के प्रवाह पर नियंत्रण लगाने और जहां तक सम्भव हो सके, तकनीकी ज्ञान का देश में ही विकास करने की है। अतएव ऐसी किसी योजनाओं के लिये जो राष्ट्रीय महत्व की न हों अथवा जो प्राथमिकता-प्राप्त नहीं हैं या जिनके लिये तकनीकी विशेषज्ञ देश में उपलब्ध हैं, विदेशी पूंजी को देश में नहीं आने दिया जायेगा।

जहां तक तेल कम्पनियों के राष्ट्रीयकरणका सम्बन्ध है, हमने इन तेल कम्पनियों के साथ बातचीत की है। इस कारण शर्तों में काफी ढील बरती गई है। इस प्रश्न पर निरन्तर ध्यान रखा जा रहा रहा है।

जहा तक काले धन को विमुद्रीकरण के माध्यम से समाप्त करने का सम्बन्ध है, इस बारे में हमारा पुराना तजुर्बा जो 1946 में विमुद्रीकरण पर आधारित है, यह है कि इससे समस्या हल नहीं होगी क्योंकि पिछले दफा 138 करोड़ रुपये की मुद्रा में से 136.8 करोड़ रुपये की मुद्रा का विनिमय किया गया था। केवल 1.2 करोड़ रुपये बाहर से नहीं आये थे। इस समय 100 रुपये के नोट कुल मुद्रा के 45 प्रतिशत परिचलन में हैं, इसलिए इससे समस्या हल नहीं होगी। इसके अलावा काला धन केवल नोटों के रूप में लोगों के पास होगा, यह जरूरी नहीं है। संभव है ऐसे लोगों ने इस धन से मकान, जवाहरात तथा भूमि आदि खरीद ली हो। इसलिये ऐसा करने से काले धन का बाहर आना जरूरी नहीं है। काले धन की समाप्ति के लिए हम कर सम्बन्धी नियमों में बहुत कड़ाई से काम ले रहे हैं और करापवचन तथा धन छिपाने आदि के मामले में बहुत कठोर नियम बनाये गये हैं और सम्बन्धित अधिकारियों को आदेश दिये गये हैं कि जहां तक सम्भव हो, ऐसे मामलों में मुकदमे दायर किये जाय, ताकि काले धन का निर्माण ही न हो।

अन्त में मैं कहूंगा कि ये उपाय निश्चित रूप से वही हैं जिनका सुझाव माननीय सदस्य ने दिया है मैंने उन के सम्बन्ध में सरकार की नीति स्पष्ट कर दी है। हमने ऐसा

प्रदर्शित करने की कोशिश नहीं की कि हम उनके विरुद्ध हैं, लेकिन जिस तरह व्यापक संकल्प में इन उपायों का सुझाव दिया गया है, उन्हें एक साथ आरम्भ करना सम्भव नहीं है, में उपाय सरकार द्वारा स्वीकृत नीतियों तथा कार्यक्रमों का यह एक अंग है, लेकिन । कब तथा किस ढंग से निर्णय लिया जाये, इस सम्बन्ध में कुछ व्यावहारिक कठिनाइयां हैं ।

ये बहुत अच्छे तथा सराहनीय उद्देश्य हैं जो पहले से ही सरकार के विचाराधीन है, केवल इतना ही नहीं हमने कई चीजों के सम्बन्ध में दूरगामी निर्णय लिये हैं। माननीय सदस्यों ने इस ओर सरकार का ध्यान दिलाया है और इस विषय पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला है यह काफी है, मैं उनसे इस संकल्प को वापस लेने का अनुरोध करूंगा ।

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : मैंने माननीय मंत्री जी के भाषण को बड़े गौर से सुना है, यदि ये उद्देश्य सभा के समक्ष अथवा सरकार के सामने अभी हाल ही में आये होते, तो मंत्री जी ने जो कुछ कहा है मैं उसे मान लेती ।

मैं उनको याद दिलाना चाहती हूं कि 1931 में करांची के कांग्रेस अधिवेशन में न केवल शहरी सम्पत्ति बल्कि वैयक्तिक आय की अधिकतम सीमा निर्धारित करने का निर्णय किया गया था । इसमें यह भी कहा गया था कि महत्वपूर्ण उद्योगों तथा सेवाओं पर सरकार का नियन्त्रण होना चाहिए । ऐसे ही संकल्प 1948 और 1956 में भी पास किये गये थे । इस के पश्चात् कांग्रेस कार्यकारी परिषद् ने दस सूत्री कार्यक्रम बनाया था जिसकी पुष्टि अखिल भारतीय कांग्रेस समिति द्वारा की गई थी। इसमें भूतपूर्व नरेशों की निजी थैलियां समाप्त करने की बात कही गई थी । इस बारे में मैं ने प्रधान मंत्री को एक पत्र लिखा था। 118 सदस्यों ने भी इसको तुरन्त क्रियान्वित करने के लिए प्रधान मंत्री को लिखा था । प्रधान मंत्री ने मेरे पत्र के उत्तर में कहा था कि नरेशों की निजी थैलियां के बारे में मोरारजी भाई उनसे बातचीत करेंगे और उनसे अनुरोध करेंगे कि वे स्वेच्छा से गृह-कार्य मंत्रालय की योजना को स्वीकार कर लें । मैं जानना चाहती हूं कि क्या 1931 में अथवा 1956 में किये गये निर्णय नये निर्णय हैं। क्या दो वर्ष पूर्व अपनाये गये दस सूत्री कार्यक्रम में निहित निर्णय नये हैं । इस कार्यक्रम में मैंने यह संकल्प प्रस्तुत किया था कि वैदेशिक व्यापार, सामान्य सीमा तथा इस्पात उद्योग का राष्ट्रीयकरण किया जाये मैं माननीय मंत्री से यह आशा करती थी कि वह इस संकल्प में निहित सिद्धांत को स्वीकार करेंगे और कहेंगे कि योजनाबद्ध कार्यक्रम के अन्तर्गत वैदेशिक व्यापार का राष्ट्रीयकरण कर दिया जायेगा।

जहां तक सामान्य बीमा का सम्बन्ध है, इसमें अनेक कमियां हैं और यही कारण है कि सात दिन के वाद-विवाद के पश्चात कांग्रेस कायकारी समिति ने स्पष्ट रूप से इसका राष्ट्रीयकरण करने की बात कही थी क्या प्रधान मंत्री उस समय कार्यकारी समिति में यह नहीं कह सकते थे कि सामान्य बीमा का राष्ट्रीयकरण नहीं किया जा सकता ।

बैंकों के राष्ट्रीयकरण के बारे में डा० हजारे ने कहा है कि यदि इसके लक्ष्य को प्राप्त किया जाता है तो सरकार को एक नया बजट पेश करना चाहिए इसका कारण यह है कि बैंक केवल काम चलाने हेतु ही धन देते हैं । क्योंकि कोई भी उद्योग आरम्भ करने के लिए सरकार से अनेक प्रकार के लाइसेंस लेने पड़ते हैं और विदेशी सहयोग के लिए विदेशों से बातचीत करनी पड़ती है और भारतीय वित्त आयोग जैसी संस्थाओं से ऋण आदि का प्रबन्ध करना पड़ता है, जब तक इन सब बातों में और प्राथमिकताओं

में परिवर्तन नहीं किया जाता तब तक बैंकों का राष्ट्रीयकरण सफल नहीं होगा। इसी बड़ी-बड़ी कम्पनियों के अंश भी जीवन बीमा निगम तथा ऐसे ही अन्य संगठनों द्वारा क्रय किये जाते हैं, मद्रास के मुख्य मंत्री ने भी कहा है कि बैंकों के राष्ट्रीयकरण से देश के आर्थिक ढांचेमें एक मूलभूत परिवर्तन हुआ है अतः राष्ट्रीय विकास परिषद की तुरन्त एक बैठक बुलाई जानी चाहिए। योजना आयोग को भी चौथी पंचवर्षीय योजना का स्वरूप पुनः तैयार करना चाहिए ? अतः यदि बैंकों के राष्ट्रीयकरण को सफल बनाना है तो अन्य अनेक चीजों में भी परिवर्तन किये जाने चाहिएं अन्यथा इसका कोई लाभ नहीं है।

शहरी सम्पत्ति की अधिकतम सीमा निर्धारित करने के बारे में योजना आयोग ने सुझाव दिया था कि सर्वप्रथम इस बारे में कोई निर्णय किया जाना चाहिए, उसके पश्चात् मूल्य निर्धारण के लिए व्यवस्था स्थापित की जानी चाहिए क्या सरकार ने इस बारे में कोई कार्यवाही की है? यह सच है कि शहरी सम्पत्ति की अधिकतम सीमा निर्धारित करने का काम बहुत जटिल है। मूल्यांकन में बहुत समय लगेगा। परन्तु सरकार के रवैये को देखते हुए यदि आज निर्णय लिया जाता है तो क्रियान्विति में कम से कम पांच वर्ष लग जायेंगे ।

मैं चाहती हूं कि सर्वप्रथम इस्पात, तेल तथा औषधियों के उद्योगों का राष्ट्रीयकरण किया जाये। आजकल चाय उद्योग को संकट का सामना है। प्रतिदिन 30 लाख रुपये की हानि हो रही है। इसके बावजूद गृह-कार्य मंत्री ने अनेक बार कहा है कि आसाम तथा अन्य सामरिक महत्व के क्षेत्रों में विदेशियों द्वारा हस्तक्षेप किया जा रहा है। यह भी एक कारण है कि चाय उद्योग का राष्ट्रीयकरण किया जाना चाहिए।

आजकल तेल एक बहुत ही महत्वपूर्ण वस्तु है, तेल उद्योग एक महत्वपूर्ण उद्योग है, अतः देश में चल रही विदेशी तेल कम्पनियों का राष्ट्रीयकरण किया जाना चाहिए क्योंकि यदि किसी समय हमारे सम्बन्ध उनसे खराब हो जाते हैं तो वे कम्पनियां हम पर दबाव डाल सकती हैं । वे हमारी अर्थव्यवस्था को अस्तव्यस्त कर सकती हैं।

इसके अतिरिक्त देश में लाखों पेट्रोल पम्प हैं जिनका गांवों में प्रयोग किया जा सकता है। गांवों में ट्रैक्टरों की मरम्मत की कोई व्यवस्था नहीं है। इन पैट्रोल पम्पों का प्रयोग मरम्मत केन्द्रों के रूप में किया जा सकता है।

जहां तक औषधियां बनाने सम्बन्धी उद्योगों का सम्बन्ध है, इस समूचे उद्योग पर विदेशियों का नियन्त्रण है, ये लोग किसी समय भी औषधियों का निर्माण तथा सप्लाई बन्द कर सकते हैं । इस मामले में औषध-निर्माण उद्योग दोषी है, अतः इस उद्योग का भी राष्ट्रीयकरण होना चाहिए ।

मैं इस बात पर बल नहीं देती कि कुल विदेशी विनियोजन पर नियन्त्रण किया जाय। प्रधान मंत्री महोदया ने स्वयं कहा है कि हमें जनता की सदभावना प्राप्त करने के लिए देश की अर्थ नीति में आवश्यक परिवर्तन करने होंगे।

इसके अतिरिक्त नगरीय सम्पत्ति पर प्रस्तावित सीमा निर्धारित करने के साथ-साथ ग्रामीण सम्पत्ति की भी सीमा निर्धारित होनी चाहिए तथा इस कदम को दृढ़ता से बढ़ाना चाहिए।

'स्टेट्समेन' तथा 'टाइम्स आफ इन्डिया' के सम्पादकीय लेखों से ज्ञात होता है कि जब आंध्र प्रदेश में आन्दोलन हुआ था तो आदिम जातियों के लोगों से तथा हरिजगों से बहुत सी भूमि अन्य लोगों ने छीन ली थी। सरकार को इस बारे में एक स्थाई आयोग नियुक्त करना चाहिए जो यह देखे कि हरिजनों तथा आदिम जातियों के लोगों से कोई व्यक्ति भूमि न छीन सके। इस समस्या को हल करने के लिये सरकार को कोई विधान लाना चाहिए। आयोग की एक चल निधि होनी चाहिए जिससे आदिम जाति के लोग महाजगों के फंदों से बचाये जा सकें।

बैंकों के राष्ट्रीयकरण से नई आशायें उत्पन्न हुई हैं। इस बारे में मेरा अनुरोध है कि सरकारी क्षेत्र के सभी उद्योगों में कर्मचारियों के प्रतिनिधि रखे जाने चाहिएं। निदेशक मण्डल में कर्मचारियों के प्रतिनिधि अवश्य ही होने चाहिएं।

स्वयं सरकार ने कई बार यह घोषणा की है कि काले धन की राशि 4000 करोड़ रुपये है। मंत्री महोदय ने भी कहा है कि काले धन की खपत आभूषण बनवाने तथा नगरीय सम्पत्ति खरीदने में हो रही है। स्वर्ण नियंत्रण कानून की आज यह स्थिति है कि न तो वह जीवित है और न ही वह मरा हुआ है। इसी कारण मैंने यह अनुरोध किया था कि उसको पूर्णतः समाप्त ही कर दिया जाय। अब मंत्री महोदय कहते हैं कि काले धन से नगरीय सम्पत्ति खरीदी जा रही है और इसीलिये मेरा अनुरोध है कि सरकार को नगरीय सम्पत्ति पर भी दृढ़ता से नियंत्रण करना चाहिए।

जहां तक बैंकों के अंशधारियों को प्रतिकर देने का प्रश्न है 41 प्रति शत अंश तो जीवन बीमा निगम के हैं तथा 10 प्रतिशत अंशों के मुआवजे के लिये 10 करोड़ रुपयों से अधिक की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। अतः ऐसा करने से 51 प्रतिशत अंश तो सरकार के हाथ में आ सकते थे। वैसे जब सरकार ने जमींदारी उन्यूलन किया था उस समय मुआवजे की इतनी चिंता नहीं की थी। इस बारे में भी सरकार इसी प्रकार के कदम उठा सकती थी। काले धन को समाप्त करने के लिये यही उपयुक्त उपाय है कि सरकार नगरीय सम्पत्ति की सीमा निर्धारित करदे तथा विमुद्रीकरण करदे। यह काय आप को आज नहीं तो कल करना ही पड़ेगा।

'इन्डियन आयरन' में लगभग 3 करोड़ रुपयों के मूल्य के अंश श्री गोयंका ने ले लिये हैं तथा इस प्रकार उनके पास 'इन्डियन आयरन' का सम्पूर्ण नियंत्रण चला गया है। क्या इसे जनता के हित की बात कहा जा सकता है। यह जो भी कुछ हुआ है उसका उत्तरदायित्व जीवन बीमा निगम पर जाता है। अतः इन उद्योगों को सरकारी क्षेत्र के अन्तर्गत लाना चाहिए।

खेद है कि माननीय मंत्री का उत्तर संतोषजनक नहीं है। हम अपने दल के दस सूत्रीय कार्यक्रम का समर्थन करते हैं तथा मैं माननीय सदस्यों से प्रार्थना करती हूं कि वे भी इसका समर्थन करें। मैं संकल्प को वापस लेने के पक्ष में नहीं हूं।

श्री प्र०चं० सेठी : माननीय सदस्या द्वारा उठाई गई बातों का उत्तर दिया जा चुका है तथा जहां तक दस सूत्रीय कार्यक्रम का सम्बन्ध है हम उसका विरोध नहीं करते। उन्होंने व्यर्थ ही भ्रांति उत्पन्न करने की चेष्टा की है।

सभापति महोदय : क्या श्री शिव चन्द्र झा के संशोधन को अलग से मतदान के लिये रखा जाय ?

श्री शिवचन्द्र झा : जी हां।

सभापति महोदय : अब मैं श्री शिव चन्द्र झा के संशोधन संख्या 1 को सभा के मत दान के लिये प्रस्तुत करता हूं।

सभापति महोदय द्वारा संशोधन संख्या 1 मतदान के लिए रखा गया ।

The amendment was put)

लोक सभा में मत विभाजन हुआ ।

The Lok Sabha divided :

पक्ष में 27; तथा विपक्ष में 145

Ayes 27; Noes 145

प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ ।

The motion was negatived.

श्री बि०प्र०मण्डल (मधेपुर) : मैं संशोधन संख्या 4 पर भी अलग से मतदान चाहता हूं ।

सभापति महोदय द्वारा संशोधन संख्या 4 सभा के मतदान के लिए प्रस्तुत किया गया तथा अस्वीकृत हुआ ।

The amendment was put and negatived.

सभापति महोदय द्वारा अन्य संशोधन सभा के मतदान के लिए रखे गए तथा अस्वीकृत हुए ।

All the other amendments were put and negatived.

सभापति महोदय : प्रश्न यह है कि :

"यह सभा संकल्प करती है कि समाजवादी सामाजिक व्यवस्था के उद्देश्य की पूर्ति के लिए, जो कि सरकार की घोषित नीति है, सरकार अविलम्ब आवश्यक उपाय करे अर्थात (क) वैदेशिक व्यापार, सामान्य बीमे और इस्पात उद्योग का राष्ट्रीयकरण; (ख) भारत में समस्त विदेशी पूंजी नियोजन को अपने हाथ में लेना; (ग) नगरीय सम्पत्ति की उच्चतम सीमा निश्चित करना; तथा (घ) विमुद्रीकरण द्वारा काला धन समाप्त करना ।"

लोक-सभा में मत विभाजन हुआ

The Lok Sabha divided :

पक्ष में 36 विपक्ष मे 139

Yes 36; Noes 139

प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ ।

The motion was Negatived.

बेरोज़गारी के बारे में संकल्प

RESOLUTION RE: UNEMPLOYMENT

श्री ज्योतिर्मय बसु (डायमंड हार्बर) : मैं निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करता हूं :—

"यह सभा देश में बेरोजगारी में अभूतपूर्व वृद्धि और पर्याप्त रोजगार क्षमता पैदा करने में योजनाओं की असफलता पर गहरी चिन्ता व्यक्त करती है और सिफारिश करती है कि इस समस्या को तुरन्त हल करने और बेरोजगार व्यक्तियों के लिए राष्ट्रीय वितीय

सहायता योजना संचालित करने के हेतु नियम बनाने के लिये एक उच्च शक्ति प्राप्त सर्वदलीय संसदीय समिति शीघ्र ही गठित की जाए ।"

इस देश के हम सब बेरोजगारी के बुरी तरह से शिकार हो रहे हैं। 22 वर्ष से अधिक व्यतीत हो गए और सरकार बेरोजगारी के अवसर उत्पन्न करने में असफल रही है । इसके अतिरिक्त जो वर्तमान अवसर हैं भी उनको भी एक सीमा तक कम कर दिया गया है । पिछले 17 वर्षों के दौरान जो योजनाएं बनाई गई हैं उनसे केवल विदेशी एकाधिकारवादियों तथा उद्योगपतियों को ही प्रोत्साहन मिला है ।

कुछ लोगों को छोड़ कर जिनका देश की अर्थ व्यवस्था पर नियंत्रण है, बेरोजगारी देश के कोने कोने में छा रही है । रोजगारों के बारे में सरकार ने कोई नीति नहीं बनाई है जिसके लिए मैं सरकार पर आरोप लगाता हूं ।

अभी दो वर्ष पूर्व कलकत्ते में एक दुखद घटना घटी । एक जनजाति का रिक्शा खीचने वाला व्यक्ति रांची से अपने एक बालक को कलकत्ते में लाया था, परन्तु वह उसको जब खाना नहीं दे सका और बालक ने खाना मांगा तो उस भूखे पिता ने रोष में आकर बालक को सड़क की पटड़ी पर दे मार और वह आठ वर्षीय बालक उसी क्षण तड़प कर मर गया । एक मामले में न्यायालय ने निर्णय दिया है कि देश में लोगों को रोजगार देने की जिम्मेदारी सरकार पर है ।

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री पीठासीन हुए ।]

(Shri Prakash Vir Shastri in the Chair)

गरीबी और बेरोगाजरी के कारण आत्महत्या आदि के अनेक मामले प्रकाश में आए हैं । योजना आयोग ने हाल ही में इस बात का मूल्यांकन किया है और बताया है कि चौथी योजना में 160 लाख व्यक्ति बेरोजगार हो जायेंगे । 1974 तक 270 लाख व्यक्ति और अधिक बेरोजगारी के शिकार हो जायेंगे । कलकत्ते के 'कैपिटल' नाम के एक समाचारपत्र में प्रकाशित एक लेख में भी यही आंकड़े दिए गये है

ये सब आंकड़े कम कर के बताये गये हैं । सही सर्वेक्षण तो किया ही नहीं गया है क्योंकि श्रम मंत्री महोदय ने राज्य सभा में अपने वक्तव्य में बताया है कि बेरोजगारी के बारे में कोई सही जानकारी उनके पास नहीं है । रोजगारी के बारे में 16 वर्षों की योजना के पश्चात् तो यह परिणाम निकला है और यह बड़े खेद की बात है ।

योजना आयोग ने इस बारे में आंकड़े प्रस्तुत करने बन्द कर दिए हैं । चौथी पंचवर्षीय योजना के मसौदे में उन्होंने बेरोजगारी सम्बन्धी किसी प्रकार के आंकड़े नहीं दिए हैं । अतः मैं योजना आयोग को निकम्मा कह सकता हूं क्योंकि वह अब विदेशी एकाधिकारवादियों तथा उद्योगपतियों का एजेन्ट मात्र बन गया है ।

उपलब्ध प्रलेखों के अनुसार इस समय 40 लाख व्यक्ति ऐसे हैं जो बेरोजगारों के रूप में पंजीकृत हैं । बेरोजगार व्यक्तियों में से केवल 25 प्रतिशत व्यक्तियों ने ही अपने आपको रोजगार कार्यालय में पंजीकृत कराया है । बेरोजगारी ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत विकट रुप में व्याप्त है, और वहां लोगों की स्थिति बहुत दयनीय है । अतः मंत्री महोदय से मेरा अनुरोध है कि वे एक विधेयक लाएं जिस के अन्तर्गत प्रत्येक बेरोजगार व्यक्ति को रोजगार कार्यालय में अपना नाम पंजीकृत कराना अनिवार्य हो जाए ।

प्रथम पंचवर्षीय योजना का अवलोकन करने से पता चलता है कि बेरोजगारी में निरन्तर वृद्धि होती रही है । मार्च, 1951 में 3.37 लाख बेकार व्यक्ति थे, जिनकी

संख्या दिसम्बर, 1653 में बढ़कर 5.22 लाख हो गई और मार्च 1956 में 7.05 लाख हो गई । चौथी योजना के अन्त तक बेरोजगारों की संख्या 35 गुना बढ़ जायेगी । इससे स्पष्ट है कि सरकार ने इस दिशा में कुछ भी नहीं किया है ।

द्वितीय योजना के आरम्भ में शहरी तथा ग्रामीण बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या बढ़कर 153 लाख तक पहुंच गई, जबकि ये आंकड़े सही नहीं हैं और बहुत कम कर के दिखाए गए हैं। अतः कहा जा सकता है कि प्रत्येक योजना में बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या में निरन्तर वृद्धि होती रही है और यह सरकार मौन धारण किए यह सब कुछ देखती रही है ? इन अभागे बरोजगार व्यक्तियों की तनिक भी चिन्ता उसने नहीं की है । सरकार लोगों को झूठी आशा और विश्वास दिलाती रही है कि रोजगारी की नयी दिशाएं और नए मार्ग निकाले जायेंगे और बेरोजगार व्यक्तियों को अधिक से अधिक काम मिलेगा। परन्तु खेद का विषय है कि सरकार इस दिशा में बुरी तरह असफल ही नहीं रही है अपितु वर्तमान रोजगारों को भी कम तथा नष्ट करने में उसने सफलता प्राप्त की है । सरकारी पत्रिका 'इकानामिक सर्वे' के अनुसार गैर-सरकारी क्षेत्र के उद्योगों में रोजगार निरन्तर घट रहा है, 1966 में 68.1 लाख व्यक्ति काम पर लगे थे । 1968 में इनकी संख्या घट कर 65.2 लाख रह गई है । उदाहरणतया चाय उद्योग में कर्मचारियों की संख्या 1952 से लेकर 1965 में 50 प्रतिशत तक कम की गई है । यही स्थिति पटसन उद्योग की है, जिसका सरकार ने राष्ट्रीयकरण तथा आधुनिकीकरण किया है। अकेले इस उद्योग में 14 वर्षों के दौरान 1,07,000 व्यक्ति बेरोजगारी का शिकार हुए हैं और भूख से मर रहे हैं । इनमें से अधिकांश पश्चिम बंगाल के निवासी हैं ?

1952 में पटसन के माल का 6.67 लाख टन उत्पादन था। 1966 में यह 11.2 लाख टन हुआ । यह पश्चिम बंगाल सरकार के आंकड़े हैं। कपड़ा उद्योग में भी संकट खड़ा हो गया है । मजदूरों को तो दो वक्त का भोजन नहीं मिलता है परन्तु मालिक लोग बढ़िया किस्म का माल चाहते हैं ।

हमारी अर्थ व्यवस्था पर अमरीका के दवाब से बड़ा प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है । आरम्भ में उन्होंने हमें रेलों के लिये विद्युतीकरण अपनाने का सुझाव दिया । इससे जब उन्हें विशेष लाभ नहीं हुआ तो उन्होंने डीजल के इंजनों का सुझाव दिया। इस प्रकार वे अपने लाभ को ध्यान में रखते हुए हमारी अर्थव्यवस्था पर प्रभाव डाल रहे हैं।

रेलवे डीजल इंजनों के प्रयोग से बेकारी की समस्या और अधिक जटिल हो गई है । इस प्रकार सरकार इसके लिये स्वयं जिम्मेदार है । अब सरकार मशीनों का अधिकाधिक प्रयोग करने लगी है । इससे बेकार लोगों की संख्या बढती जा रही है ।

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसन्धान परिषद् पर सरकार एक बड़ी राशि प्रतिवर्ष व्यय करती है । परन्तु इसके द्वारा कोई विशेष कार्य नहीं किया जा रहा है । वैज्ञानिकों को कोई प्रोत्साहन नहीं दिया जाता । वे विदेशों में जा रहे हैं।

सरकारी क्षेत्र के कारखानों में क्षमता बेकार पड़ी है । ऐसे माल का आयत किया जा रहा है जो वहां उत्पन्न किया जा सकता है । हमारे इंजीनियर बड़े प्रतिभाशाली हैं ।

उनका पूरा पूरा लाभ उठाया जाना चाहिये। इस प्रकार बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा बचायी जा सकती है ।

तेल शोधक कारखानों में रोजगार के स्थानों में कमी होती जा रही है । परन्तु निजी तेल कम्पनियों के लाभ में वृद्धि होती जा रही है । इन बातों पर विचार करने के बाद बेकारी की समस्या का समाधान किया जाना चाहिए। विदेशी विशेषज्ञों के स्थान पर भारतीय विशेषज्ञों की सेवा से लाभ उठाया जाना चाहिये।

लघु उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिये। जीवन बीमा निगम को लघु उद्योग-पतियों को ऋण सुविधाएं उपलब्धध करनी चाहियें। स्वचालित मशीनों का प्रयोग करने से बेकारी की समस्या और जटिल हो जाती है ।

सरकार का प्रशासनिक व्यय बहुत बढ़ गया है । करों का अपवंचन करने वालों के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की जाती है । गांवों के लोग नगरों में आते हैं और झुग्गी झोंपड़ी की समस्या उत्पन्न हो जाती है । सरकार ठीक प्रकार से कार्यवाही नहीं करती । जन संख्या की वृद्धि से कोई समस्या बढ़ती नहीं है । चीन ने यह सिद्ध कर दिया है। यदि मजदूरों के हित को ध्यान में रखकर नीति बनायी जाये तो बेकारी की समस्या हल हो सकती है ।

सरकार को बेरोजगारी बीमा योजना आरम्भ करनी चाहिये । ऐसी योजनाएं हालैंड और नार्वे में लागू हैं। पश्चिम बंगाल में संयुक्त मोर्चे की सरकार बिना रोजगार के मजदूरों को कुछ आर्थिक लाभ पहुंचाने पर विचार कर रही है । सरकार को इन बातों पर विचार करना चाहिये ।

श्री लोबो प्रभु : (उदीपी) : मैं इस संकल्प के बारे में अपना संशोधन संख्या 2 तथा 4 प्रस्तुत करता हूं ।

श्री देवराव पाटिल (यवतमाल) : मैं अपना संशोधन संख्या 3 प्रस्तुत करता हूं।

श्री ई० के० नायनार :(पालघाट) : मैं अपना संशोधन संख्या 5 प्रस्तुत करता हूं ।

श्री लोबो प्रभु : बेरोजगार की समस्या के बारे में मैं साम्यवादी दल से सहमत हूं । यह एक बड़ी गम्भीर समस्या है । इस के समाधान के लिये कोई कारगर ढंग से कदम नहीं उठाये गये हैं। इसे जानने के लिये भी कोई प्रयत्न नहीं किये गये हैं। इसके बारे में अनेक अनुमान लगाये गये हैं । श्री बसु ने चौथी योजना के आंकड़े 20 अथवा 30 लाख बताये हैं परन्तु हमारे पास विदेशी विशेषज्ञों के आंकड़े हैं । उनके अनुसार इनकी संख्या 700 लाख है ।

उन्होंने एक अन्य रिपोर्ट का उल्लेख किया है और बताया है कि चौथी योजना के अन्त तक बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या 4 करोड़ हो जायेगी। मैं समझता हूं कि सरकार की नीतियों के असफल हो जाने के कारण ही देश में बेरोजगारी बढ़ रही है ।

सरकार जनता की कार्य के प्रति भावनाओं की उपेक्षा कर रही है । सरकार को राष्ट्रीयकरण ने जो भी यश प्राप्त हुआ है वह ऐसी स्थिति उत्पन्न होने से समाप्त जायेगा । और इस प्रकार इस सरकार के अस्तित्व के लिये खतरा उत्पन्न हो जायेगा ।

बंगाल में सब से अधिक बेरोजगारी में वृद्धि हुई है । अतः मैं बंगाल के अपने मित्रों से अनुरोध करूंगा कि वे विनियोजन को प्रोत्साहन दें । वे मालिकों की ओर ध्यान दें । मालिकों के बिना कर्मचारियों की कैसे नियुक्ति की जा सकती है । देश में सत्यता की उपेक्षा की जा रही है। मालिकों को समाप्त करने का प्रयत्न किया जा रहा है । सरकार इस बात को अनुभव नहीं करती कि इस नीति का प्रभाव कर्मचारियों पर पड़ेगा ।

गांवों में फैली बेरोजगारी की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है । श्रम मंत्रालय में खेतीहर मजदूरों के लिये खोले गये छोटे विभाग ने कुछ काम नहीं किया है । आज जो गांवों में हो रहा है उसका प्रभाव कल कस्बों पर पड़ेगा । अतः सरकार को सबसे पहले गांवों में बेरोजगरी की समस्या को हल करना चाहिये ।

गांवों में बेरोजगारी को समाप्त करने के लिये सरकार को श्रमिक बीमा योजना चालू करनी चाहिये और कोई भी व्यक्ति जिसे नौकरी की आवश्यकता हो वह इन एजेंसियों को आवेदन कर सके। इस योजना को समस्त देश में लागू किया जाना चाहिये।

यदि सरकार गांवों में भंडार, सड़क, बनरोपण और भवन निर्माण करने के अपने कार्यक्रम को क्रियान्वित करती है तो बहुत बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिल जायेगा। गांवों में गैर-सरकारी क्षेत्र में रोजगार की व्यवस्था की जानी चाहिये और यह काम आसान है ।

गृह-निर्माण कार्य से कम से कम गांवों के 16 वर्गों के लोगों को रोजगार प्राप्त होगा ।

गांवों में उन लोगों को ऋण दिया जाना चाहिये जिनके कुछ अपने साधन हैं। सरकार को बंगाल की भांति बेरोजगार भत्ते की योजना आरम्भ करनी चाहिये । यह योजना वैदेशिक व्यापार और सामान्य बीमे से अधिक महत्त्वपूर्ण है । उस योजना से केवल कुछ व्यक्ति ही प्रभावित होंगे जबकि इस योजना का समस्त देश की जनता पर प्रभाव पड़ेगा ।

जैसे ही गांवों में रोजगार की व्यवस्था हो जायेगी कृषी समस्या स्वयं ही हल हो जायेगी। आज हमारे देश में जितनी भूमि पर 30 करोड़ व्यक्ति कृषि करते हैं अमरीका में उतनी ही भूमि पर केवल 11 करोड़ व्यक्ति कृषि करते हैं। यह राष्ट्रीय साधनों का अपव्यय है । ऐसा इस लिये होता है कि लोगों को रोजगार के अन्य साधन उपलब्ध नहीं हैं।

गांवों में भी कुटीर और लघु उद्योगों को स्थापना का भी सुझाव है । यह उचित नहीं है । सरकार को गांवों में सुविधाओं के लिए योजनाएं बनानी चाहियें । इसके न केवल अच्छे परिणाम निकलेंगे बल्कि जनता सरकार और सरकार की योजनाओं से सन्तुष्ट होगी । इसके लिये हमें अपनी योजना में परिवर्तन करना होगा । योजना बजट पर चर्चा के समय मैंने बेरोजगारी का मामला उठाया था । यह प्रसन्नता की बात है कि योजना आयोग ने उस समस्या पर विचार किया है । लेकिन यह बात ही पर्याप्त नहीं है । सरकार

को ऐसी योजना और कार्यक्रम बनाना चाहिये जिसके अन्तर्गत अधिक से अधिक व्यक्तियों को रोजगार मिल सके ।

यदि सरकार ऐसा करने में सफल होती है तब ही वास्तविक सामाजिक लोकतन्त्र की स्थापना हो सकती है ।

सरकारी क्षेत्र के उद्योग

PUBLIC SECTOR INDUSTRIES**

Shri Sita Ram Kesri (Katihha): Mr. chairman—I think that Development in our public sector industries is essential for our economic progress. But it is very sad that progress in those industries has not been made. It is against the interest of the country.

Rupees 2416 crores have been invested in industries under public sector. But we are not able to get even six percent profits from those industries. It is true that they are run on no profit and no loss basis. But it does not mean that the expected progress in the public sector industries may not be made.

[श्री एम० बी० राणा पीठासीन हुए]

[Shri M. B. Rana in the Chair]

Reports of the public sector industries are placed after every two years. It is therefore not possible to give some solid suggestions in this regard. The report of the Public Sector industries should be submitted within eight to ten months So that appropriate suggestions in this regard may be given.

There is lot of mismanagement and inefficiency in the public sector industries.

Industries in the public sector should enjoy independent autonomy and that autonomous administration should be made responsible to the Parliament. As a result of it efficiency in those industries will increase and that will result in profit.

It is sad that there are differences between the workers and the management of public undertakings. There is lack of democratic feelings in the officers appointed in the public undertakings. Such officers should not be appointed in the public undertakings. They will not be able to run those industries.

Differences between the management and the private sector industries can well be understood because employers of those industries only see their own interests.

But under the public undertakings employers also come under the category of labourers. Therefore, the problems of the poor labouers should be sympathetically be looked into. In case of independent autonomy, employer or management will be able to look after the problems of the labourers independently and sympathetically. They will also be able to furnish proper advice to the Government.

A combined Committee of labourers and management should be formed to look after and to solve the labour problems. Its decision should be acceptable to all. Autonomy will greatly be helpful in solving such problems.

---

*आधे घंटे की चर्चा ।

**Half an hour discussion

It is not wise to produce such things which have no demands in the market. A Research Committee should be formed to look after the demands of a certain product in the market.

I would suggest that workers and employers should be trained suitably so that they may know that on what principles we want to run on Public Sector Undertakings. That would enable them to make use of their skill in the national interest.

I think that the persons from private sector should be appointed to look after the affairs of Public Sector. They can run them more usefully as they have years of experience. The persons deputed in these undertakings from executive as Managers and administrators create a feeling of distrust.

In order to remove losses also in the Public Sector, experienced persons of the private industries should be engaged . Thereby the Government shall be able to make use of their efficiency. I hope that by making use of their experience, the Government would be able to earn profits in Public Sector Undertakings.

The private and public sectors should be complementary to each other. They should not compete with each other. Private sector should not try to harm the public sector.

A proper enquiry should be made to go into the causes of loss in the public sector undertakings. These losses are not only against the interests of the country but they also contradicts our statements exhibiting the bright picture of public sector undertakings before the world. The officers who are found at fault should be suitably punished. The local people where our undertakings are situated should be made confident that the success of the project would be in their own interest. They should be fully associated in these projects.

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्र० चं० सेठी): श्रीमान् सबसे पहले तो मैं यह बताना चाहता हूं कि मंदी तथा कुछ अन्य कारणों से, न केवल सरकारी उपक्रमों के अपितु गैर-सरकारी उद्योगों में भी धीरे धीरे लाभ कम होने जा रहे हैं और बहुत से गैर-सरकारी उद्योगों में तो हानि भी हुई है। उदाहरण के तौर पर एक प्रमुख इंजीनयरी कम्पनी ब्रेथवैट एण्ड को० (इण्डिया) लि० को 1965–66 में 26.44 लाख रुपये का लाभ हुआ था, परन्तु वह अब 1966–67 में घट कर 7.31 लाख रुपये रह गया है और 1967–68 में उन्हें 54.41 लाख रुपये की हानि हुई है। एक और कम्पनी बर्न एण्ड कम्पनी को 1965–66 में 46.76 लाख रुपये का लाभ हुआ था परन्तु 1967–68 में उसके 96.69 लाख रुपये की हानि हुई हैं। 'इस्क' को 1966–67 में 5.54 करोड़ रुपया का लाभ हुआ जो 1967–68 में घट कर 1.06 करोड़ रुपये रह गया ।

'टिस्को' की स्थापना 1907 में हुई थी और उसके 9–10 वर्ष बाद ही उसने पहला लाभांश घोषित किया था । बाद में कई वर्ष तक कोई लाभांश घोषित नहीं किया गया । स्थापना के 33 वर्ष पश्चात् अर्थात् 1940–41 में ही उसमें लाभ होने लगा ।

मैं आपको यह भी बताना चाहता हूं कि सरकारी क्षेत्र में उन्हीं उपक्रमों को आरम्भ किया गया है जिन्हे गैर-सरकारी क्षेत्र ने आरम्भ नहीं किया था क्योंकि उन उद्योगों के लिये अधिक धन की आवश्यकता थी । इसीलिये सन् 1948 तथा 1956 में पारित औद्योगिक नीति संकल्पों के अनुसार ही पूर्ण विकास एवं आर्थिक प्रगति के लिये इन परियोजनाओं को सरकारी क्षेत्र में आरम्भ किया गया था ।

इनमें से कई परियोजनाओं पर भारी मात्रा में पूंजी विनियोजन करना पड़ा और इनमें उत्पादन आरम्भ होने में भी अधिक समय लगा । हमारे सामने कुछ कठिनाइयां भी थीं । जहां 'इस्को'

पर 900 करोड़ रुपये प्रति टन पूंजी लगी, 'टिस्को' पर 1200 करोड़ रुपये प्रति टन लगी। हिन्दुस्तान स्टील पर 2400 रुपये प्रति टन के हिसाब से पूंजी लगी। इसके फलस्वरूप हमें अब रुपये तथा व्याज के लिये भी धन की व्यवस्था करनी पड़ी थी।

हानि का दूसरा कारण यह भी है कि सरकारी क्षेत्र की अधिकतर परियोजनाएं नये और अविकसित क्षेत्रों में आरम्भ की गई थीं और गैर-सरकारी क्षेत्र के उद्योगों को जो सस्ती जमीन व कम मजूरी से मजदूर उपलब्ध थे, वे इन्हें नहीं मिल पाये थे। इसके अतिरिक्त अपने समाजवादी सिद्धान्तों के कारण हमें श्रमिकों को अधिक सुख सुविधायें देनी पड़ीं। जिसके परिणामस्वरूप हमें हानियां उठानी पड़ीं। मजदूरों के लिये बस्तियां बसाने के कारण ही हम 17.38 करोड़ रुपये की हानि उठा रहे हैं। हमें इन सब बातों पर तथा मंदी पर भी ध्यान देना चाहिये। उदाहरण के रूप में, हमने भिलाई इस्पात संयंत्र में हमने रेलें बनाने के बारे में एक क्षमता बना ली थी परन्तु मंदी एवं कुछ अन्य कारणों से सरकारी मांग घट गई। बाद में हमने 'रेलों' के निर्यात की भी चेष्टा की थी। इस कारण ही अब हमारा निर्यात बढ़ता जा रहा है।

देश की अर्थ व्यवस्था बनाने के लिये हमें बहुत सी चीजों की आवश्यकता थी और इन चीजों के निर्माण के लिये सरकारी क्षेत्र ही उपयुक्त थे। हम बहुत सी ऐसी वस्तुओं का निर्माण न कर पाते, जो आज हमारे देश में निर्मित हो रही हैं। लोहे और इस्पात का उत्पादन पिछले 20 वर्षों में दस गुना बढ़ा है। इसी अवधि में कोयले का उत्पादन भी तीन गुना बढ़ा है।

सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के प्रयत्नों से ही बिजली के ट्रांसफार्मरों, मोटरों, उर्वरकों का उत्पादन बढ़ा है। उन्हीं के कारण उत्पादन शुल्क में भी वृद्धि हुई है। उत्पादन बढ़ने के साथ-साथ शुल्क के और भी बढ़ने की सम्भावना है।

इन उपक्रमों से 1965–66 में 34.9 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा अर्जित की गई थी जो 1967–68 में 112.7 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। इसके अतिरिक्त विदेशी मुद्रा की बचत भी हुई है। इस्पात, इंजीनियरी के सामान और मशीनों के निर्माण के क्षेत्र में हम देश की मांग को सरकारी उपक्रमों के बिना पूरा नहीं कर सकते थे। आज इस्पात का 88 लाख टन का निर्माण करते हुये भी हमें 10 लाख टन इस्पात मिश्र धातु का आयात करना पड़ रहा है। इस्पात के निर्माण से 1966–67 में देश को 250 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है।

सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों से 5–6 लाख व्यक्तियों को रोजगार मिला है। इन पर 3333 करोड़ रुपया लगा हुआ है। कुल 83 उपक्रमों में से 15–16 अभी निर्माणाधीन हैं। इन में से 31 उपक्रमों से 48 करोड़ रुपया लाभ हुआ है। मुझे यह बताते हुये प्रसन्नता है कि राष्ट्रीय कोयला विकास निगम को भी इस वर्ष हानि के स्थान पर लाभ हुआ है। नीवेली लिग्नाइट कारपोरेशन का घाटा भी कम हो गया है।

जितनी बिजली बनती है वह अब पूर्णतया उपयोग में आने लगी है और उर्वरकों के निर्माण में भी निकट भविष्य में स्थिति सुधरने की सम्भावना है।

इस्पात संयंत्रों को बढ़ाया जा रहा है। भिलाई की उत्पादन-क्षमता 10 लाख टन से बढ़कर 25 लाख टन हो गई है, जिसके लिये वहां अधिक धन लगाना पड़ा है। इसीलिये उन संयंत्रों में अधिक उपलब्धता के लिये अधिक धन की व्यवस्था करनी पड़ी और ऋणों पर ब्याज भी अधिक देना पड़ा परन्तु फिर भी उत्पादन निर्धारित क्षमता तक नहीं हो पाया।

मन्दी के कारण भी उत्पादन आशा के अनुरूप नहीं हुआ। मुझे विश्वास है कि जब रूरकेला, भिलाई तथा दुर्गापुर स्थित कारखाने पूरी क्षमता के अनुसार कार्य करने लगेंगे तो स्थिति काफी बदल जायेगी ।

यह ठीक है कि आरम्भ में कुछ कारखानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। जैसे ही इन कारखानों में तैयार किया गया माल बाजार में बिकने लगेगा तभी स्थिति में काफी सुधार हो जायेगा। हम सरकारी क्षेत्र के कारखानों को लाभ अर्जित करने वाले कारखाने ही नहीं समझते परन्तु फिर भी हम इस बात का ध्यान रखते हैं कि जहां कहीं कमियों का पता चले, उन्हें दूर किया जाय ।

तकनीकी विशेषज्ञों (टेक्नोक्रेट्स) की स्थिति में भी सुधार हुआ है परन्तु प्रबन्धक वर्ग के बारे में हम कुछ कमी अनुभव कर रहे हैं। हम इस दिशा में पहले से ही कार्यवाही कर रहे हैं। जैसा कि प्रधान मंत्री ने घोषित किया है, हमारी नीति ऊंचे पदों पर कार्य करने वाले व्यक्तियों में सामाजिक उद्देश्यों और सम्बन्धित लोगों को लाभ पहुंचाने की भावन पैदा करने की है। इस विचार से हम कुछ मूल परिवर्तन कर रहे हैं।

हम किसी ऐसी वस्तु का उत्पादन नहीं कर रहे हैं जो बाजार में न बिके। हम बाजार की मांग को ध्यान में रखकर अपने उत्पादन में विविधता ला रहे हैं। यदि गोदाम में माल अधिक जमा हो रहा है तो हम उस पर नियंत्रण रख रहे हैं। हम कारखानों को स्वायत्तता भी अधिक दे रहे हैं।

मुझे विश्वास है कि हम जो सुधारात्मक उपाय कर रहे हैं उनसे स्थिति में सुधार होगा। जहां तक स्थानीय लोगों को रोजगार देने का सम्बन्ध है, गृह-कार्य मंत्रालय के एक परिपत्र के अनुसार तीसरी तथा चौथी श्रेणी के पदों पर स्थानीय रोजगार दफ्तरों के माध्यम से भर्ती की जाती है। इन पदों पर केवल स्थानीय व्यक्तियों को नियुक्त किया जाता है। परन्तु तकनीकी तथा ऊंचे प्रवन्धक पदों के सम्बन्ध में ऐसी कोई पाबन्दी नहीं लगाई जा सकती क्योंकि इन पदों के लिये कुछ विशेष स्तर की आवश्यकता होती है? निश्चय ही हम इन समस्याओं से परिचित हैं और स्थिति में सुधार करने के लिये सभी सम्भव उपाय किये जा रहे हैं।

Shri Sitaram Kesri (Katihar): The hon'ble Minister has not answered the question regarding acquisition of land.

श्री प्र० चं० सेठी : हमने सरकारी कारखानों से पूछा है कि उनके पास कितनी कितनी फालतू भूमि है। उदाहरणार्थ बोकारो कारखाने में फालतू भूमि थी, अतः उन्हें भूमि वापिस करने के लिये कहा गया है ।

श्री समर गुह (कन्टाई) : सरकारी उपक्रमों को जिस प्रकार चलाया जा रहा है उससे कोई लाभ नहीं होगा। गैर सरकारी लोगों के हाथों से कम्पनियों को स्वामित्व के संकल्प द्वारा लिये जाने से आशा थी कि उत्पादन अधिक होगा, आय बढ़ेगी और इस आय का उपयोग सामाजिक कार्यों के लिये किया जायेगा। परन्तु ये सभी उद्देश्य अभी तो झूठे सिद्ध हो रहे हैं।

आजकल समाजवाद को राष्ट्रीयकरण के साथ संबद्ध किया जा रहा है। लोकतन्त्रीय ढांचे में राष्ट्रीयकरण का अर्थ सरकारीकरण लिया जा रहा है जो अन्ततोगत्वा दफ्तरशाही है। यदि

हमारे मन में समाजवाद की विचारधारा न रही तो संभवतया समाजवाद का उद्देश्य ही समाप्त हो जायेगा और अन्ततोगत्वा जनता पूंजीवादियों की शिकार हो जायेगी क्योंकि पूंजीवादी कहेंगे कि राष्ट्रीयकरण कर के आप अपना प्रयोजन सिद्ध करने में असफल रहे हैं। इस संबंध में प्रशासनिक सुधार आयोग का विचार है कि केवल राष्ट्रीयकरण तथा गैर सरकारी उपक्रमों को सरकार के नियंत्रण में लिये जाने से वे लक्ष्य प्राप्त नहीं किये जा सकते जिनके लिये यह कार्यवाही की गई है। उपर्युक्त आयोग ने सुझाव दिया है कि सरकारी क्षेत्र के प्रत्येक प्रमुख उद्योग के लिए स्वायत्त शासी निगम स्थापित किये जाने चाहियें, दूसरे प्रबन्धक ढांचे में परिवर्तन किये जाने चाहिये ; तीसरे नये लोगों को प्रबन्धकार्य में प्रशिक्षण दिया जाना चाहिये और चौथे कर्मचारियों तथा जनता के प्रतिनिधियों का सहयोग प्राप्त करना चाहिये ।

लोकतन्त्रीय ढांचे में यदि राजनीतिक दल के हाथ में आर्थिक शक्ति संकेन्द्रित हुई तो अन्ततोगत्वा वह तानाशाही का रूप ले लेगी जिससे हमारे लोकतन्त्र को खतरा पैदा हो जायेगा। प्रशासनिक सुधार आयोग की सिफारिश को क्रियान्वित करने से कुछ सुधार हो सकता है। क्या सरकार ने इस सिफारिश पर विचार किया है और क्या वे उसे स्वीकार करेंगे ?

श्री श्रद्धाकर सूपकार (सम्बलपुर) : यद्यपि सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में लगभग 12–15 वर्षों से कार्य चल रहा है और पांण्डेय समिति तथा सरकारी उपक्रम समिति ने सरकारी उपक्रमों में सुधार करने के लिये सिफारिशें की हैं फिर भी क्या इसके बावजूद उपर्युक्त उपक्रमों में आरम्भिक कठिनाइयां हैं। इसका स्पष्ट प्रमाण यह है कि गत तीन वर्षों में लाभ की प्रतिशत 3.4, 2.8 और 2.2 रही है। क्या यह सच है कि अच्छे प्रबन्ध, श्रमिक सम्बन्धों तथा अन्य बातों के कारण गैर सरकारी उद्योग अत्यधिक लाभ अर्जित कर रहे हैं जिसके कारण धनवान व्यक्ति अधिक धनवान बन गये हैं। क्या सरकार इस मामले की ब्यौरेवार जांच करेगी ?

श्री वि० ना० शास्त्री (लखीमपुर) : औद्योगिक परियोजना चलाने के लिये प्रशिक्षण और विशेष ज्ञान की आवश्यकता होती है। परन्तु हमने देखा है कि सरकार ने अब तक औद्योगिक परियोजना चलाने के लिये सेवानिवृत्त सैनिक तथा असैनिक कर्मचारियों को नियुक्त किया है। सरकारी उद्योगों में हानि तथा तनावपूर्ण श्रमिक संबंधों का कारण ऐसे गलत आदमियों की नियुक्ति है जिन्हें उद्योग के बारे में कुछ भी जानकारी नहीं है । इस लिये मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि क्या सरकार का विचार सरकारी उद्योगों के लिये विशेष संवर्ग बनाने का है ? दूसरे क्या सरकार का विचार उस क्षेत्र के लोगों को लाभ पहुंचाने का है जिसमें वह उद्योग विशेष स्थापित किया गया है ?

श्री ई० के० नायनार (पालघाट) : आंकड़ों से पता चलता है कि सरकारी उपक्रमों की हानि बढ़ती जा रही है। हिन्दुस्तान स्टील को भी हानि हो रही है। गैर सरकारी उद्योग लाभ अर्जित कर रहे हैं परन्तु सरकारी उद्योगों को प्रतिवर्ष हानि हो रही है । सरकार की नीति ऐसी है जिससे गैर सरकारी क्षेत्र को लाभ पहुंचता है । इसका कारण कुप्रबन्ध है । सरकारी उपक्रमों का प्रबन्ध ऐसे व्यक्तियों के हाथ में दिया गया है जिन्हें व्यापार के बारे में कोई जानकारी नहीं है। चुनाव में पराजित उम्मीदवारों को ऐसे पदों पर नियुक्त कर दिया जाता है। सरकारी उद्योगों में प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्तियों को नियुक्त करना चाहिये। विभिन्न सरकारी उपक्रमों में लाखों कर्मचारी काम कर रहे हैं। उनके

प्रति सरकार का रवैया बदलना चाहिये। उनके सहयोग के साथ सही व्यक्तियों के हाथ में प्रबन्ध सौंपा जाना चाहिये ।

मंत्री महोदय कहते हैं कि निर्यात तथा उत्पादन में वृद्धि हुई है परन्तु फिर भी हानि और बेरोजगारी बढ़ रही है, इन बातों को ध्यान में रख कर सरकार को गैर-सरकारी क्षेत्र के एकाधिकार को समाप्त कर देना चाहिये ।

श्री स० कुन्दू (बालासौर) : यह सुझाव दिया गया है कि सरकारी उपक्रमों में कार्य निष्पादन के आधार पर बजट बनाया जाना चाहिये और इसका प्रति मास पुनरीक्षण किया जाना चाहिये। इस सुझाव का क्या हुआ ? यह भी सुझाव दिया गया था कि जमा माल की स्थिति ठीक करनी चाहिये। जब हम हिन्दुस्तान स्टील में गये तो हमने देखा कि 16–20 प्रतिशत माल जमा है जो व्यापारिक स्तर की दृष्टि से अत्यधिक है । इसमें कितनी कमी की गई है ?

Shri Ramavtar Shastri (Patna): After disturbances in 1967 Muslim employees of Heavy Engineering Corporation, Ranchi had left the riot-torn areas but so far they have not been settled. Government have not made any arrangement for their resettlement. Their problem should be solved in the interest of smooth running of the industry. I want to know whether Government have chalked out any scheme for this purpose?

श्री प्र० चं० सेठी : जहां तक प्रशासनिक स्वायत्तता का संबंध है हमने इस संबंध में अनुदेश जारी किये हैं और अधिक शक्तियां दी गई हैं और हमने विभिन्न निगमों/उपक्रमों को अधिक स्वायत्तता दी है ।

जहां तक क्षेत्रीय संगठनों के बारे में प्रासनिक सुधार आयोग की सिफारिशों का संबंध है, सरकार ने उसे स्वीकार नहीं किया है । जिन क्षेत्रों में विभिन्न उद्योग थे वे अब भी उन्हीं क्षेत्रों में चल रहे हैं। उदाहरणार्थ हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड और बोकारो को हमने एक क्षेत्रीय एकक नहीं बनाया । वे अलग अलग कम्पनियां हैं । इसके अतिरिक्त एक या दो को छोड़ कर हमने प्रशासनिक सुधार आयोग की अधिकतम सिफारिशें स्वीकार कर ली हैं ।

50 कम्पनियों में कार्य निष्पादन के आधार पर बजट बनाने का कार्य आरम्भ हो गया है । हम गोदामों में जमा माल पर नियंत्रण रखने का प्रयत्न कर रहे हैं और आवश्यक उपाय किये जा रहे हैं। इस प्रकार के जम माल में हुई कमी के बारे में मेरे पास आंकड़े नहीं हैं ।

जहां तक सरकारी उपक्रमों में श्रमिकों के योगदान का संबंध है हमारे सामने कुछ कठिनाई है। कुछ बोर्डों में तो श्रमिक प्रतिनिधि हैं । परन्तु जहां तक मजदूर संघों के प्रतिनिधि का संबंध है कुछ कठिनाई है। हमारे देश में बहुत अधिक संघ हैं। एक ही क्रम में दो या तीन संघ बने हुए हैं। इस कठिनाई के बारे में विचार करने और इस समस्या का समाधान करने का प्रयत्न किया गया था जिससे यदि कोई समझौता हो जाये तो सरकार प्रबन्धक बोर्ड में कर्मचारियों को प्रतिनिधित्व दे सके। इस कठिनाई के बारे में हम सबको मिल कर विचार करना चाहिये ।

चौथी योजना में लाभ और उत्पादकता में वृद्धि होने की सम्भावना है। हमें आशा है कि चौथी योजना में 4.5 तथा 5 प्रतिशत के बीच लाभ होगा। हम इस स्थिति में आगे सुधार करने के लिये प्रयत्नशील हैं ।

श्री स० कुन्दू : मंत्री महोदय ने कहा है कि 50 संगठनो में कार्य निष्पादन के आधार पर बजट बनाया गया है तो क्या उनका अभिप्राय आंतरिक लेखा परीक्षा से है ? पृष्ठ 12 में लिखा है कि सरकारी उपक्रम.....

श्री प्र० चं० सेठी : आप पृष्ठ 11 पर 21 के नीचे पैराग्राफ 2 पढ़िये।

मैं यह स्वीकार करता हूं कि कर्मचारियों को मकानों की कठिनाई है। सरकारी उपक्रमों में श्रमिकों के रहने की व्यवस्था की गई है। 60–70 प्रतिशत श्रमिकों को मकान दिये गये हैं हम सभी श्रमिकों को मकान दिलाने के लिये प्रयत्न कर रहे हैं।

Shri Ramvatar Shastri: I had asked about Muslim employees particularly.

Shri P. C. Sethi: We cannot draw any distinction between Muslim and Hindu employees As already stated we could not provide houses to all the employees due to lack of resources. We are, however, making efforts in this direction.

इसके पश्चात् लोक-सभा शनिवार, 30 अगस्त, 1969/8 भाद्र, 1891 (शक) के ग्यारह बजे (म० पू०) तक के लिये स्थगित हुई।

THE LOK SABHA THEN ADJOURNED TILL ELEVEN OF THE CLOCK ON SATURDAY, AUGUST 30, 1969/ BHADRA 8, 1891 (SAKA).

GMGIPND--LS--III52127 (D) LS --6-1-70--340

[यह लोकसभा वाद-विवाद का संक्षिप्त अनुदित संस्करण है और इसमें अंग्रेजी/हिन्दी में दिये गये भाषणों आदि का हिन्दी/अंग्रेजी में अनुवाद है।]

[This is translated version in a summary form of Lok Sabha Debates and contains Hindi/English translation of speeches etc. in English/Hindi]